फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 12, अंक 22, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, सोमवार, 27 फरवरी, 2023




# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित


अन्दर : भारत में नियुक्त नहीं करना चाहिए उपकप्तान : रवि शास्त्री



**अन्दर : बिहार: अब सत्ता संघर्ष अगड़ा बनाम पिछड़ा नहीं, पिछड़ा बनाम पिछड़ा है**

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news






जनपद को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के मेरे संकल्प को पूरा करने की कड़ी में
ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे/बाईपास का शिलान्यास करने बलिया आ रहे

मा0 भूतल एवं परिवहन मंत्री

**श्री नितिन गडकरी जी**

का बलिया की धरती पर हार्दिक

**स्वागत एवं अभिनंदन**



बलिया नगर विधान सभा के लोकार्पण

गाजीपुर -बलिया माझी घाट खण्ड का सुदृढ़ीकरण NH 31
कुल लम्बाई 130 किमी. लागत 97 करोड

सिकन्दरपुर से बलिया मार्ग का सुदृढ़ीकरण लागत 44 करोड़

बलिया नगर विधान सभा शिलान्यास

गाजीपुर -बलिया माझी घाट (17 किमी. बक्सर सहित 4 लेन
ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राज्य मार्ग परियोजना 5310करोड़

बलिया जनपद में गाजीपुर -बलिया मार्ग पर माल्देपुर से कदम चौराहा तक के मार्ग का 4 लेन चौड़ीकरण 50 करोड़



नितिन गडकरी
NITIN GADKARI

मंत्री
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
भारत सरकार
Minister
Road Transport and Highways
Government of India
दिनांक: 10.05.2022

प्रिय श्री दयाशंकर सिंह जी,

कृपया अपने पत्र क्रमांक-69 का संदर्भ ग्रहण करें जिसमें आपने जनपद-बलिया में बाईपास निर्माण कराये जाने के विषय में लिखा है।

मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-31 ग्रीन फील्ड के अन्तर्गत गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट (कि.मी.0.00 से कि.मी.117.200) तथा बक्सर स्पर (लम्बाई-17.300 कि.मी.) तक के प्रस्तावित चार लेन चौड़ीकरण की परियोजना के अन्तर्गत जनपद-बलिया के ग्राम-कुरुचुन्दा एकौना (कि.मी. 51.000) से ग्राम-भेलसड़ (कि.मी.74.000) तक बलिया शहर में बाई-पास का निर्माण प्रस्तावित है।

इसी क्रम में अवगत कराना है कि विषयांकित रा.रा.सं.-31 के प्रस्तावित ग्रीनफील्ड चार लेन चौड़ीकरण में आवश्यक भू-अधिग्रहण हेतु उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) व भा.रा.रा.प्रा. के मध्य समझौता ज्ञापन दिनांक 20.04.2022 को हस्ताक्षरित किया जा चुका है। भू-अधिग्रहण के पश्चात् राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-31 ग्रीनफील्ड अन्तर्गत गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट खण्ड के प्रस्तावित चार लेन निर्माण परियोजना को तीन खण्डों में विभाजित करते हुये निविदा आमंत्रण प्रक्रिया नियमानुसार प्रारम्भ की जाएगी तथा चयनित ठेकेदारों से निर्माण कार्य को शीर्ष प्राथमिकता अनुसार कराया जा सकेगा।

उक्त प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गये हैं।

सादर,

आपका

(नितिन गडकरी)

श्री दयाशंकर सिंह,
मा. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन विभाग
उत्तर प्रदेश सरकार,
मुख्यालय, टिहरी कोठी,
एमजी मार्ग, लखनऊ - 226001



**दयाशंकर सिंह**

नगर विधायक- बलिया
परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार

दिनांक : 27 फरवरी 2023, दिन : सोमवार स्थान : चितबड़ागाँव-बलिया

# नौकरी दिलाने के नाम पर 1.50 लाख की चपत

**ठगी का मामला**

### तीन किश्तों में लिया पैसा और थमा दिया फर्जी ज्वाइनिंग लेटर

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बीएचयू में नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज ने चार युवकों 1.50 लाख लिया और नौ दो ग्यारह हो गया। इतना ही नहीं युवकों को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दिया। बीएचयू कार्यायल पहुंचने पर जानकारी हुई कि यहां कोई नौकरी नहीं है। ठगी का शिकार होने पर एसीपी भेलूपुर प्रवीण कुमार सिंह से युवकों ने ठगी से अवगत कराया और कार्रवाई की मांग की।

पीड़ितों में भुल्लानपुर के अमित कुमार, बृजेश कुमार, भारद्वाज, अजीत कुमार ने बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर भेलूपुर थाना क्षेत्र निवासी रोहित झा नामक युवक ने तीन किस्तों में 1.50 लाख रुपये लिया। पैसे लेने के कुछ दिनों बाद फर्जी ज्वाइनिंग लेटर उनको दे दिया। मामले का खुलासा होने के बाद वह पैसा देने के लिए छह माह का समय मांगा। इसके बाद भी पैसा नहीं दिया। ऐसा नहीं मिलने की दशा में पीड़ितों ने एसीपी भेलूपुर से मिलकर कार्रवाई की मांग की। एसीपी भेलूपुर ने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।




### जालसाज ने 17 बार में निकाले एक लाख से ज्यादा

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के पटेल नगर नदेसर निवासी एक व्यक्ति के खाते से जालसाज ने यूपीआई के माध्यम से एक लाख से ज्यादा की निकासी कर ली। भुक्त भोगी ने कैंट थाने में शिकायत दर्ज करायी। भुक्तभोगी वैभव मेहरोत्रा की माने तो उन्होंने एक आटो मोबाइल की दुकान पर अपनी गाड़ी की सर्विसिंग कराई थी जिसका भुगतान यूपीआई से किया। उसी दिन शाम को उनके खाते से सत्रह बार में कुल 1 लाख 2 हजार 929 रुपए की निकासी हुई। इस मामले में पीड़ित ने कैंट थाने में तहरीर दी जिसपर पुलिस ने साइबर क्राइम के तहत मुकदमा दर्ज किया।

## लक्सा पुलिस ने बच्चे को परिजनों से मिलाया

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** लक्सा पुलिस ने शादी में आये तीन साल के बच्चे को जो परिवार से बिछड़ गया उसे उसके परिजनों से मिलाया। पुलिस की माने तो बच्चा 25 फरवरी को रात आठ बजे रोते बिलखते लक्सा पुलिस क्राइम ब्रांच को मिला। बच्चे को थाना लाया गया। महिला हेल्पडेस्क में नियुक्त महिला आरक्षी के सहयोग से नाम पता पूछने की कोशिश की गयी। इसके बाद चाइल्ड लाइन को सूचना दी गयी। इसके बाद थानाध्यक्ष लक्सा सूरज कुमार तिवारी और क्राइम टीम क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे से जांच की तो सुराग मिला। पता चला कि औरंगाबाद में शादी समारोह में रोहतास बिहार से परिवार का बच्चा रास्ते में खो गया था और भटकते हुए लक्सा तिराहे के पास आ गया था। पुलिस ने परिवार से संपर्क साधा और परिजनों के आने पर उसे सौंपा। परिवार ने लक्सा पुलिस को धन्यवाद दिया।

# कोटेदार के घर लाखों का आभूषण चोरी

**ले उड़े माल**

### छज्जे के सहारे घर में घुसे चोरों ने तीन कमरों को खंगाला

जनसंदेश न्यूज

**दानगंज।** चोलापुर थानाक्षेत्र के टिसौरा गांव में शनिवार की रात छज्जे के सहारे घर में चोर घुसे और तीन कमरों को खंगाला। इस दौरान जेवरात समेत नकदी पर हाथ साफ किया और आसनी से निकल गये। चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने चोलापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

टिसौरा गांव निवासी अभय कुमार सिंह उर्फ (मुन्ना सिंह ) जो पेशे से कोटेदार हैं उनका कहना है कि शनिवार की रात सपरिवार भोजन के बाद सभी अपने कमरे में सोने चले गये। इस बीच कब चोर घर में घूसे पता नहीं चल पाया हैं ये जरूर है कि घर में प्रवेश के लिए चोरों ने छज्जे का सहारा लिया और दूसरी मंजिल पर दो कमरों को खंगालने के बाद नीचे के एक कमरे को भी निशाना बनाया। घर में बहू के रखे नकदी समेत करीब लाखों के आभूषण उठा ले गये।

चोरी की घटना की सूचना मिलते ही चोलापुर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन कर लौट आयी।



# कोलंबियाई दल ने किया सारनाथ का भ्रमण



जनसंदेश न्यूज

**सारनाथ।** तथागत की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ का सात सदस्यीय कोलंबियाई दल ने रविवार को भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पुरावशेषों के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

कोलंबिया के सात सदस्यीय दल शाम सवा चार बजे पुरातात्विक खंडहर परिसर पहुंचा। सबसे पहले यह दल धमेख स्तूप के पास पहुंचा। लगभग ढाई हजार साल पुराना कलाकृतियों को देखा।

उसकी ऐतिहासिकता जानकर यह दल मुलगंधकुटी बौद्ध मंदिर अवशेष, अशोक की लाट, धर्मराजिका स्तूप को देखा एवं उनके ऐतिहासिकता को जाना। शाम सवा पांच बजे यह दल गंगा आरती देखने पहुंचा।

# 640 दरोगा अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र

## खुशी के पल : कार्यक्रम में सीएम डिजिटली जुड़े

**वाराणसी।** रुद्राक्ष कन्वेंशन सेन्टर में रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रमोशन बोर्ड की ओर से आयोजित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 में उर्तीण 640 परीक्षार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन, एडीजी जोन वाराणसी राम कुमार, आईजी रेंज के. सत्य नारायन, वाराणसी के एडिशनल सीपी संतोष कुमार सिंह ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसके पहले लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को सुना। मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुभकामना संदेश को भी सुनाया गया। नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यार्थियों में चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, बिहार के अन्य प्रदेशों के युवा शामिल रहे।



अभ्यर्थियों को दिया गया नियुक्ति पत्र



रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में मौजूद पुलिस अधिकारी

# छात्र नेता गोलीकांड के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रामनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा नदी के किनारे टेंट सिटी के पास छात्र नेता जितेंद्र यादव को गोली मारने वाले दो अभियुक्तों को रामनगर पुलिस ने रामबाग पोखरे के पास से दबोचा। अभियुक्तों की पहचान दिलीप यादव उर्फ दरोगा सिहाबीर गोलाघाट रामनगर और पीयूष सिंह निवासी कोदोपुर के तौर पर हुई। आगे की कार्रवाई में दोनों को जेल भेजा गया। इनके खिलाफ दर्ज मुकदमें में आर्म्स एक्ट में बढोतरी की गयी है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम गंगा किनारे टेंट सिटी के पास आरोपी दिलीप यादव और उसका साथी पीयूष पहुंचा और जितेंद्र से उलझ गया। इस दौरान दोनों तरफ से गाली गलौच हुई। बचाव में जितेंद्र यादव का चचेरा भाई हरिओम यादव आया और उसने ऐसा करने से माना किया। ये बाद हमलावरों को नागवार लगी और जितेंद्र पर फायर कर दिया। बचाव में आया हरिओम भी घायल हुआ। इस मामले में घायल के परिजन कटेसर निवासी रविंद्र यादव ने रामनगर थाना पुलिस में दिलीप यादव समेत आठ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित थी।

सूत्रों की माने तो गोलीगांड के पीछे एक साल पहले की अदावत है। जन्माष्टमी की रात आरोपी और घायल के बीच मारपीट हुई थी। इसी प्रकरण को लेकर कुछ महीने पहले सिहाबीर मुहल्ले में जितेंद्र के दोस्त की बुलेट भी जला दी गयी थी और आरोप दिलीप यादव पर लगा था। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अभियुक्तों की निशानदेही पर कोदोपुर के पास से वारदात में प्रयुक्त असलहा, लोहे की रॉड बरामद किया।



जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

आवश्यकता है
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से संबद्ध जन भारती महाविद्यालय डिलिया तलवल गाजीपुर स्ववित्त पोषित योजनातर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर भूगोल प्रवक्ता योग्यता वेतनमान यूजीसी एवं विश्वविद्यालय शासन परिनियमावली अनुसार अभ्यर्थी 21दिनों के अंदर शैक्षणिक प्रमाण पत्र फोटो के साथ आवेदन करे। **प्रबंधक**
मो0-9415350199

आवश्यकता है रामललित सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैलहट, चुनार, मिर्जापुर सम्बद्ध महात्मा गॉधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में अंग्रेजी व विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक विज्ञान व कृषि विज्ञान संकाय में सस्य विज्ञान, उद्यान विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र में 3-3 प्रवक्ताओं तथा स्नातक स्तर पर कला संकाय में गृहविज्ञान, हिन्दी, प्राचीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, जर्नलिज्म एण्ड मॉस कम्युनिकेशन व बी0बी0ए0, बी0एफ0ए0, बी0लिब0 एवं विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान, बायोटेक्नोलाजी विषय में 2-2 प्रवक्ताओं की। योग्यता / वेतनमान यूजीसी / विश्वविद्यालय के नियमावली व परिनियमावलीनुसार, योग्य अभ्यर्थी 07 दिनों के अन्दर समस्त प्रमाणपत्रों की छायाप्रति, 2 फोटो सहित आवेदन करें। प्रबन्धक 8840319799

# सीयूजी उपयोग पर लोको पायलट निलंबित, आक्रोश

**निंदा**

### कैंट रनिंग कार्यालय पर लोको पायलट ने दिया धरना, कहा-ड्यूटी पर जाने से पूर्व जमा करा लें मोबाइल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** रेलवे के तानाशाही रवैये के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए रविवार को लोको पायलट ने कैंट स्थित लोको रनिंग कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

धरनारत लोको पायलटों का कहना था कि रेलवे की ओर लोको पायलट को सीयूजी नंबर दिया गया है, लेकिन इसके उपयोग के लिए इतने नियम बना दिये गये हैं कि उसके पालन से बेहतर है कि ड्यूटी से पूर्व सीयूजी को कार्यालय में जमा करवा लिया जाए।

**निलंबन पर आक्रोश :** धरनारत लोगों ने बताया कि वाराणसी से ट्रेन लेकर गये एक लोको पायलट को सुल्तानपुर रनिंग रुम में परिवार के सदस्य की तबीयत खराब होने पर बात करने के आरोप में टीएलआई (ट्रेन लोको इंस्पेक्टर) की ओर से निलंबित कर दिया गया। बताया कि लोको पायलट को ट्रेन में ड्यूटी के दौरान सीयूजी के इस्तेमाल पर पाबंदी है, इसके अलावा नियम का हवाला दिया जा रहा है कि ड्यूटी खत्म होने के बाद रनिंग रुम में भी सीयूजी से बात करने की इजाजत नहीं है।

**रखी अपनी बात :** लोको पायलटों ने इसके लिए मंडल रेल प्रबंधक से लगायत मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को पत्रक सौंपते हुए बताया कि ड्यूटी के दौरान घर पर किसी भी इमरजेंसी होने पर जब बात करने पर कार्रवाई की जा रही है तो ड्यूटी के पूर्व सीयूजी को कार्यालय में जमा करवा लिया जाए और परिवार के सदस्यों को एक ऐसा नंबर दिया जाए जिसमें किसी भी इमरजेंसी पर बात हो सके। धरना में दिवाकर कुमार, गिरी रतन, सुधीर कुमार, आशीष कुमार, अजय कुमार, मनोज कुमार, रमेश कुमार आदि थे।



# विदेशों में फल-फूल की मांग बढ़ाने को जी-20 सम्मेलन अच्छा मौका

**आयोजन**

### दो दिनी मंडलीय शाकभाजी, फल व पुष्प प्रदर्शनी के समापन पर कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने प्रतिभागियों को किया प्रोत्साहित

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जिला मुख्यालय स्थित कंपनी बाग में आयोजित दो दिनी मंडलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी के अंतिम दिन रविवार को अव्वल डिस्प्ले करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विभिन्न वर्गों में चल वैजयंती समेत विभिन्न श्रेणियों में बढ़िया प्रदर्शन पर नकद ईनाम वितरित किये गये। प्रदर्शनी में शाकभाजी के विभिन्न स्टॉल, फूल, पुष्पों से तैयार डेकोरेशन आदि देखने में लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि कमिश्नर कौशल राज शर्मा थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आने वाली सदी कृषि एवं उद्यान की अपार संभावनाओं से भरी हुई है। मंडल के किसान औद्यानिक कार्यों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। इस क्षेत्र में औद्यानिक फसलों की अपार संभावनाएं हैं। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी इनकी बहुत मांग है।

नयी फसलों में ड्रैगन फ्रूट एवं स्ट्राबेरी आदि की खेती कर इसके निर्यात से विदेशी पूंजी प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न प्रकार की सब्जियों, फलों, फूलों और औषधीय पौधों का उत्पादन प्रचुर मात्रा में हो रहा है।

ग्रेट ब्रिटेन में सब्जियों की इतनी कमी हो गयी है कि टमाटर की राशनिंग हो रही है।

आगामी दिनों में बनारस में होने वाले जी-20 सम्मेलन में शाकभाजी, फल व फूल का प्रदर्शन कर विदेशों में इसकी मांग को बढ़ाने का बढ़िया मौका काशीवासियों को मिल सकता है। कार्यक्रम में उद्यान विभाग के उप निदेशक जय करण सिंह, डीएचओ सुभाष कुमार, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक ज्योति कुमार सिंह आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।



दो दिनी मंडलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी के अंतिम दिन रविवार को कई प्रतिभागियों को कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने पुरस्कृत किया

### इन्हें किया गया पुरस्कृत

शाकभाजी वर्ग में वरिष्ठ अधीक्षक सेंट्रल जेल, फल वर्ग में डीआरएम पूर्वोत्तर रेलवे, शाकभाजी-फलों से निर्मित पदार्थ वर्ग में आलोक फूड प्रोडक्ट्स, सदाबहार पत्ती वाले गमलों के वर्ग में नगर आयुक्त, गमलों में जाड़े के मौसमी फूलों के पौधे वर्ग में प्रभारी राजकीय अलंकृत उद्यान कंपनीबाग, कलात्मक ढंग से मौसमी फूलों के गमलों का समूह वर्ग में वीसी बीएचयू, कटे मौसमी फूलों के वर्ग में आकाश पटेल, गुलाब के कटे फूल वर्ग में टुकटुक कुशवाहा, शादी मंडप-स्टेज वर्ग में एशिया नर्सरी, प्रदर्शनी का सर्वोत्तम गुलाब क्वीन ऑफ द शो, गमलों में लगी डहेलिया वर्ग में सीईओ छावनी परिषद, डहेलिया के कटे फूल वर्ग में 39-जीटीसी, किंग ऑफ द शो न्यू ग्लोब नर्सरी को चल बैजयंती समेत विभिन्न श्रेणियों में नकद पुरस्कार दिये गये।

**संक्षेप**

### बनारस के अर्जुन यादव ने जीती डिस्कॉम कुश्ती



**वाराणसी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. के विद्युत वितरण खंड-चिरईगांव (वाराणसी) में तैनात अर्जुन प्रसाद यादव (तकनीशियन) ने 92 किलोग्राम भार वर्ग में मेरठ के अमित पहलवान को चित कर डिस्कॉम कुश्ती प्रतियोगिता जीत ली। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की तरफ से बीते 25 एवं 26 फरवरी को मेरठ स्थित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में सत्र 2022-23 के लिए 48वीं उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर अंतर परियोजना/डिस्कॉम कुश्ती एवं पावरलिफ्टिंग/बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के समापन पर मेरठ के मुख्य अभियंता अनुराग अग्रवाल ने विजेता पहलवान अर्जुन प्रसाद यादव को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। अर्जुन यादव के इस उपलब्धि पर विभाग के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है।

### कूड़े के ढेर से निकली आग से लाखों का नुकसान

**वाराणसी।** लंका इलाके में स्थित कृष्णा मेडिकल स्टोर और बरानपुर के पीछे खाली प्लाट में लगे कूड़े के ढेर में किसी ने रविवार शाम को आग लगा दी'आग धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप पकड़ लिया' कृष्णा मेडिकल स्टोर के पिछले हिस्से में और पराग जनरल स्टोर आग की लपट मेडिकल स्टोर जनरल मैं मिलाकर 100000 रुपए से अधिक का नुकसान हो गया' दुकान लगते ही अफरा तफरी मच गई' सूचना पर फायर ब्रिगेड के जवान दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया' कृष्णा मेडिकल स्टोर के मालिक नीरज कुमार और जनरल स्टोर के मालिक रामकिशोर ने बताया कि पिछले हिस्से में रखे कूड़े के ढेर में आग किसी ने लगा दिया' जिसके कारण आग की लपटें फेल कर उनकी दुकान में पहुंच गई' सूचना पर फायर कर्मी मौके पर पहुंचकर तत्काल आग पर काबू पा लिया' वरना मेडिकल स्टोर में रखी लाखों लाखों रुपए का माल माल जल जाता।

### पार्ट टाइम जॉब देने के बहाने चार लाख की ठगी

**वाराणसी।** पार्ट टाईम जॉब का ऑफर दे कर तथा झासे में लेकर जालसाज ने एक व्यक्ति से लगभग चार लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कराया लिया और पैसा वापसी का आश्वासन दिया लेकिन लौटाया नहीं। पीड़ित ने कैण्ट थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया। सिकरौल निवासी राघव सिंह को वाट्सअप पर एक व्यक्ति के माध्यम पार्ट टाइम जॉब का ऑफर आया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।उन्हे ऑफर के अनुसार ऑनलाइन डेटिंग करने की जिम्मेदारी सौंपी गई जिसे वह निभाना शुरू कर दिया।उसे इस मद में बैंक डिटेल लेकर 100 रु ट्रांसफर भी किया गया। बात आगे बढ़ाते हुए ठग ने उसे अपने झांसे में ले लिया और विश्वास में लेकर पहले 42 हजार फिर तीन लाख पचास हजार अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। पैसा वापसी की बात कहने पर लगातार टालमटोल करता रहा।राघव को ने छानबीन की तो पता चला की वो ठगी का शिकार हो गया है। पीड़ित ने कैण्ट थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### क्षेत्राधिकार के लेकर दाखिल निगरानी याचिका पर सुनवाई आज

**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सोमवार को ज्ञानवापी प्रकरण में सुनवाई के क्षेत्राधिकार के लेकर दाखिल निगरानी याचिका पर सुनवाई होनी है। प्रकरण के अनुसार निगरानी कर्ता अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से जुलाई 2021 में निगरानी याचिका दाखिल की गई थी। कहा गया था कि लोअर कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। उसकी सुनवाई के अधिकार लखनऊ वक्फ बोर्ड को है, सिविल न्यायालय को नहीं। इसके बावजूद अवर न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज करते हुए पुरातात्विक सर्वेक्षण के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई जारी रखी और प्रतिवादी के क्षेत्राधिकार के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। जिसके बाद अंजुमन इंतजामिया ने लोवर कोर्ट के आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय में निगरानी याचिका दाखिल किया था।

### महिला से मारपीट, चार पर मुकदमा

**मिर्जामुराद।** पुराने विवाद को लेकर मारपीट करने के मामले में महिला ने जेठ जेठानी समेत चोर के खिलाफ मिर्जामुराद थाने में तहरीर दी। थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रतापपुर गांव निवासी पूजा यादव का आरोप है पुराने विवाद को लेकर जेठ बबलू, जेठानी पिंकी, लालती देवी और राजकुमारी ने लाठीडंडे से हमला कर घायल कर दिया।

### किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ़्तार

**लोहता।** किशोरी को भगाने में युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा साथ ही किशोरी को बरामद किया। थानाध्यक्ष लोहता राजकुमार पांडेय ने बताया की नाबालिग के परिजनों ने पवन पटेल निवासी थाना रोहनिया ग्राम कन्नडॉडी टड़िया खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी को मूढ़ेला तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही किशोरी को भी बरामद कर लिया गया है।वही आरोपी युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### कवि योगेंद्र नारायण को दी गई भावपूर्ण गीतांजलि

**वाराणसी।** भोजूबीर स्थित स्याही प्रकाशन के सभागार में लंबे समय तक उद्गार संगठन के अध्यक्ष रहे और विगत दिनों दिवंगत हुए अमर गीतकार योगेंद्र नारायण चतुर्वेदी वियोगी को उनके स्वर्ग प्रयाण के बाद संस्था व आसपास के कई जिलों के साहित्यकार इकट्ठा होकर अपने प्रेम और उनके लिये अपनी गहन श्रद्धा में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर गीतांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित होने वाले साहित्यकारों में छतिश द्विवेदी कुंठित, डा. चंद्रभाल सुकुमार, डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर डीआर विश्वकर्मा, आचार्य आलोक द्विवेदी, सिब्बी मंमगाई, सुनील कुमार सेठ, विंध्यवासिनी मिश्रा, डॉक्टर शरद श्रीवास्तव शरद रूप से मौजूद रहे। संचालन डॉक्टर लियाकत अली ने एवं गीतांजलि कार्यक्रम में स्वागत व धन्यवाद सहित अश्रु आभार ज्ञापन संस्थापक सतीश द्विवेदी कुंठित ने किया।

# साजन मेरा घर आयो...

## गायन व भरतनाट्यम की हुई प्रस्तुति

**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ा लालपुर, में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह ए बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में गायन एवं भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति अतिथि कलाकारों ने किया । सर्व प्रथम बंगलोर से पधारी कलाकार चैत्रा हेयजी ने गायन की प्रथम प्रस्तुति द्रुत तीन ताल जोग में छोटा ख्याल में किया। जिसके बोल थे साजन मेरा घर आयो से की गयी। द्वितीय प्रस्तुति जिसके बोल थे कौन कहते हैं भगवान आते नहीं से समापन किया। तबला पर साथ दिया गोपीनाथ और हारमोनियम पर साथ दिया हर्षित उपाध्याय ने। इसी क्रम में कोलकाता से पधारी सुश्री मौमिता दत्ता द्वारा भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति का आरंभ हुआ काल भैरव अष्टकम से। इसके उपरांत द्वितीय प्रस्तुति शिव की वंदना जिसके बोल थे- नाटेश काउथम तृतीय प्रस्तुति गुरु रविंद्रनाथ टैगोर जी द्वारा रचित गहन कुसुम कुंज माझे से किया। इसीक्रम में श्री कृष्ण के बाल काल की लीला से अपनी प्रस्तुति दी जिसके बोल थे श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी के भावपूर्ण नृत्य से मोहित किया। नृत्य का समापन शिव कैलाशो के वाशी की मनोहारी प्रस्तुति से किया । कलाकार को प्रमाणपत्र प्रदान किया सहायक निदेशक(हस्तशिल्प) गोपेश कुमार मौर्य ने। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉक्टर रत्नेश वर्मा का रहा। कार्यक्रम का संचालन सुश्री ललिता शर्मा ने किया ।



फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 12, अंक 22, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, सोमवार, 27 फरवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : भारत में नियुक्त नहीं करना चाहिए उपकप्तान : रवि शास्त्री



अन्दर : बिहार: अब सत्ता संघर्ष अगड़ा बनाम पिछड़ा नहीं, पिछड़ा बनाम पिछड़ा है

# दिल्ली के डिप्टी सीएम सिसोदिया गिरफ्तार

## शराब घोटाला मामले में 8 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी का ऐक्शन

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में रविवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से दूसरे दौर की पूछताछ के बाद शाम को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मनीष सिसोदिया को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले राज घाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद सिसोदिया भारी-भरकम बैरिकेड्स वाले सीबीआई कार्यालय पहुंचे थे।

सीबीआई की प्राथमिकी में आरोपी नंबर एक सिसोदिया से पहले 17 अक्टूबर को पूछताछ की गई थी। मनीष सिसोदिया कि गिरफ्तारी के बाद आप के राज्यसभा सांसद ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने तानाशाही की हद कर दी। अडानी के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल से बीजेपी को डर लगता है। उसके मॉडल से डर लगता है। मोदी जी आपकी तानाशाही का अंत जरूर होगा। सीबीआई ने डिप्टी सीएम के लिए सवालों का एक विस्तृत सेट तैयार किया था।

**कार्रवाई**

**मनीष सिसोदिया को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा**

**अगर मुझे कुछ महीने जेल में रहना पड़े तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ताः सिसोदिया**



सीबीआई मुख्यालय जाने से पहले मनीष सिसोदिया ने कहा था, आज फिर सीबीआई जा रहा हूं। पूरी जांच में पूरा सहयोग करेंगे। अगर मुझे कुछ महीने जेल में रहना पड़े तो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं भगत सिंह का अनुयायी हूं। इस तरह के झूठे आरोपों के कारण जेल जाना छोटी बात है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों से मुझे बहुत प्यार है। मैं बच्चों को कहना चाहता हूं अगर आपके मनीष चाचा जी चले गए तो अभी छुट्टी होने वाली नहीं है। मैं बच्चों से कहना चाहता हूं उतनी मेहनत करना जितनी मैं अपेक्षा रखता हूं। खूब मन लगाकर पढ़ना लाखों बच्चों के ऊपर देश का भविष्य है। इससे पहले दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने आशंका जताई थी कि मनीष सिसोदिया को रविवार को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आम आदमी पार्टी की तरफ से कहा गया था कि मनीष सिसोदिया की तरफ से जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा। सीबीआई की तरफ से कहा गया है कि मनीष सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे, इस कारण उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा। शनिवार को आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने कहा था कि मनीष सिसोदिया सीबीआई मुख्यालय जाएंगे और जांच में पूरा सहयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी आज तक एक रुपये का भी भ्रष्टाचार साबित नहीं कर पाई है। आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों और उनके माता-पिता को कहना चाहता हूं कि मनीष के जेल जाने पर अफसोस मत करना बल्कि गर्व करना। जब भारत को आजाद कराने की बात हुई, तब भी कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी गिरफ़्तारी दी और कुर्बानी दी। आज इन काले अंग्रेजों के जुल्म पर भी कई लोगों को गिरफ़्तारी देनी पड़ रही है, कुर्बानी देनी पड़ रही है। भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने मनीष सिसोदिया पर साधा निशाना साधते हुए कहा था कि मनीष सिसोदिया किसी भी गांधी के पास क्यों न चले जाएं, उनका जेल जाना तय है।

# पंजाब के तरनतारन की जेल में आरोपियों के बीच गैंगवार

**अमृतसर।** पंजाब के तरन तारन जिले में स्थित गोइंदवाल की केंद्रीय जेल में आरोपियों के बीच गैंगवार की घटना सामने आई है। इस घटना में दो गैंगस्टर की मौत हो गई है, जबकि एक घायल हुआ है। घायल आरोपी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बता दें कि जिन दोनों आरोपियों की मृत्यु हुई है, वह दोनों पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस मामले में जेल में बंद थे। डीएसपी जसपाल सिंह ने बताया कि गोइंदवाल साहिब जेल में बदमाशों के बीच आपस में मारपीट हुई। उन्होंने कहा कि इस घटना में रय्या निवासी दुरान मनदीप सिंह तूफान और बुढलाडा निवासी मनमोहन सिंह मोहाना की मौत हो गई है। जबकि बठिंडा निवासी केशव को तरनतारन के सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। यह घटना रविवार दोपहर करीब 3 बजे हुई। बता दें कि गैंगवार में घायल केशव को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने गुजरात के मुंद्रा से गिरफ्तार किया था। वहीं मृत गैंगस्टर मोहन सिंह पर सिद्धू मूसेवाला की हत्या से पहले रेकी करने का आरोप था और वह मानसा का ही रहने वाला था। वहीं मनदीप तूफान को सिद्धू मूसेवाला की हत्या के लिए बैकअप सूटर के तौर पर रखा गया था। इन आरोपियों को पंजाब एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने पकड़ा था। सिद्धू मूसेवाला की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का भी नाम सामने आया है। पुलिस ने अपनी चार्जशीट में 34 बदमाशों को आरोपी बनाया है। इनमें संदीप केकड़ा, जग्गू भगवानपुरिया, मनमोहन, दीपक टीनू, लॉरेंस बिश्नोई शामिल है। वहीं मनप्रीत मानू को एनकाउंटर में मारा जा चुका है। इस मामले में 40 से ज्यादा लोगों को गवाह बनाया गया है।



**गंभीर मामला**

**सिद्धू मूसेवाला मामले से जुड़े दो आरोपियों की हत्या**

बता दें कि 29 मई को पंजाब के मानसा जिले के जवाहरके गांव के नजदीक सिद्धू मूसेवाला की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर गोल्डी बरार ने ली थी। गैंगस्टर गोल्डी बरार अभी कनाडा में मौजूद है। वह कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी भी है। गोल्डी बरार ने कहा था कि वह अपने दोस्त विक्की मिद्दूखेड़ा की मौत का बदला लेने के लिए हत्याकांड को अंजाम दिया था।







# यूपी में दो आईएएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इन दिनों बड़े अधिकारियों के तबादलों को लेकर बेहद गंभीर नजर आ रही है। यही वजह है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार ट्रांसफर किए जा रहे हैं। बात चाहें आईएएस अफसरों की हो या फिर आईपीएस अधिकारियों की।

इसी कड़ी में रविवार को यूपी में दो आईएएस अफसरों के तबादले हुए हैं। विशेष सचिव नगर विकास के पद पर उदय भान त्रिपाठी की नियुक्ति हुई है। वहीं आईएएस सुनील चौधरी को प्रतीक्षारत किया गया है। बतादें कि आईएएस सुनील चौधरी को पिछले साल यानी 5 जुलाई 2022 को विशेष सचिव नगर विकास बनाया गया था।

**इधर से उधर**

**उदय भान त्रिपाठी बने विशेष सचिव नगर विकास**

**वेटिंग में भेजे गए आईएएस सुनील चौधरी**




इसके बाद से वो इसी पद कर कार्य कर रहे थे। लेकिन अब शासन ने उन्हें वेटिंग में भेज दिया है। वहीं विशेष सचिव नगर विकास के पद पर उदय भान त्रिपाठी को तैनाती दी गई है। जानकारी के मुताबिक, आगे वाले दिनों में योगी सरकार के द्वारा कुछ और आइपीएस और आईएएस अधिकारियों के तबादले किए जाएंगे।

# डंडे से पहले दिल से लें काम : पीएम मोदी

## बोले–यूपी को अब एक्सप्रेस प्रदेश के नाम से भी जाना जाता है

**लखनऊ।** राजधानी में रविवार को सीएम योगी ने 9055 दारोगा भर्ती के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान सीएम ने कहा- आप ट्रेनिंग में जितना पसीना बहाओगे, उतना कम खून बहेगा। पीएम मोदी भी कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े। उन्होंने कहा- यूपी सरकार आपको वर्दी के साथ डंडा भी देगी, लेकिन आप दिल से ज्यादा काम लेना। यूपी में साल 2017 से अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा पुलिस भर्ती हुई है। यह अपने आप में ऐतिहासिक है। पीएम ने कहा, यूपी में लगातार विभिन्न सेक्टरों में नियुक्तियां की जा रही हैं। बीते दिनों मुझसे मिलने उत्तर प्रदेश के रहने वाले कुछ लोग आए। मैंने एक बेटी से पूछा कि आप कहां के रहने वाली हो। उसने बताया कि एक्सप्रेस प्रदेश की रहने वाली हूं। मुझे बहुत खुशी हुई कि उत्तर प्रदेश को अब एक्सप्रेस प्रदेश के नाम से जाना जाता है।

सीएम योगी ने सभी नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को जनता का जनसेवक बनकर काम करने की जिम्मेदारी समझाई। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के साथ ही जी-20 का आयोजन किया गया। बाहर से आए लोगों ने यहां की व्यवस्था देखकर पुलिस के व्यवहार की सराहना की। यूपी के यंग ब्लड आज नियुक्ति पत्र लेकर पुलिस बल को मजबूती देंगे। हम यूपी पुलिस को और हाईटेक कर रहे हैं। यूपी में फोरेंसिक लैब बन रहा है। प्रदेश के अंदर आज 18 मुख्यालय पर नियुक्ति पत्र बांटा जा रहा है। 2017 में पुलिस में 1.5 लाख से ज्यादा पद रिक्त थे। सीएम ने कहा कि ढअउ की 54 से अधिक कंपनी समाप्त हो गई थीं।

**संबोधन**

**योगी ने कहा- जितना पसीना निकलेगा, उतना कम खून बहेगा**

**यूपी को मिले 9055 नए दरोगा, सीएम बोले-'हम यूपी पुलिस को हाईटेक कर रहे हैं**



अग्निशमन विभाग के पास उपकरण नहीं थे। आज अत्याधुनिक उपकरण आग बुझाने के लिए मौजूद हैं। सीएम योगी ने कहा कि साल 2017 में ट्रेनिंग की क्षमता मात्र 6 हजार थी। अब हमने तीन गुना कर दिया है। पुलिस लाइन में टूटी हुई छत थी उसको दुरुस्त करवाया अच्छे बैरक बनवाए। साढ़े पांच लाख नौकरी दी गई। पहले पुलिस की स्थिति दयनीय थी। उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त है सुरक्षा। कानून का राज और कानून के राज के लिए आवश्यक है, हमें हर हाल में बल के इकबाल को बनाए रखना है। एक कॉमन मैन के प्रति हमारा व्यवहार अत्यंत ही मित्रता पूर्ण होना चाहिए। सद्भावना पूर्ण होना चाहिए। लेकिन अपराधी कोई भी हो। कानून के साथ खिलवाड़ करने वाला व्यक्ति कोई कितना भी बड़ा क्यों ना हो। जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए उसे कानून के कटघरे में खड़ा करना। उसको सही जगह पहुंचाने की कार्रवाई हो। जिस दिन पुलिस इकबाल बना रहेगा, उस दिन हर जवान हर अधिकारी का सम्मान भी बना रहेगा।

डीजीपी डीएस चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपनी मेहनत और मेरिट के आधार पर आए है। बिना किसी को कोई रिश्वत दिए। आप ऐसा पुलिस बल आज ज्वाइन कर रहे जो एक परिवार की तरह से है। कितनी बड़ी चुनौती हो ये परिवार किसी से नहीं घबराता। सरकार ने पुलिस विभाग को लेकर कई बड़े बदलाव किए है। चार लाख का फोर्स है। डेढ़ लाख से अधिक रिक्रूमेंट पिछले डेढ़ साल में किया है। इस बाल में विशेषता है ये अनुरोध को भी बल मानती है। इस बल में विश्वसनीयता है। मैं आप सभी का इस बल में स्वागत करता हूं।

# गुजरात के राजकोट में भूकंप के झटके

**अहमदाबाद।** गुजरात में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर 4.3 की तीव्रता वाला भूकंप गुजरात के राजकोट से 270 किमी उत्तर-उत्तर पश्चिम में दोपहर 3:21 बजे आया। इसका केंद्र पाकिस्तान में करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। इसके अलावा अफगानिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता भी 4.3 मापी गई। भूकंप फायजाबाद से 117 किलोमीटर दूर दक्षिण में आया। भूकंप के झटके तीन बजकर 29 मिनट पर महसूस किए गए। इसका केंद्र जमीन से करीब 70 किलोमीटर गहराई में था। फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

# भारत जोड़ो के बाद अब पूरब से पश्चिम की यात्रा

**राहुल ने कांग्रेस अधिवेशन में दिया था संकेत**

रायपुर । कांग्रेस पार्टी अब भारत जोड़ो के बाद एक नई यात्रा निकालेगी। इस यात्रा से पार्टी का फोकस पूर्व से पश्चिम तक के राज्यों पर रहने वाला है। दरअसल, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि कांग्रेस पासीघाट से पोरबंदर यात्रा पर विचार कर रही है। रमेश ने जोर देकर कहा कि लगभग 4,000 किलोमीटर की कन्याकुमारी–से–कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के बाद भी पार्टी कार्यकताओं में एक और यात्रा के लिए बहुत उत्साह और ऊर्जा है। रमेश ने बताया कि पूर्व से पश्चिम यात्रा संभवतः अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट से गुजरात के पोरबंदर तक निकलेगी, लेकिन इसका स्वरूप भारत जोड़ो यात्रा से थोड़ा अलग हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में कम कार्यकताओं के कारण लोग भी कम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह काफी हद तक एक पदयात्रा होगी लेकिन इस मार्ग पर जंगल और नदियां होने के चलते यह बहु–मोडल यात्रा होगी, जिसमें पैदल चलने के साथ दूसरे साधनों का भी उपयोग होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि अप्रैल में कर्नाटक में चुनाव, जून में बारिश के मौसम और फिर नवंबर में दूसरे राज्य के चुनाव के चलते यात्रा जून से पहले या नवंबर से पहले शुरू की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को लेकर विस्तार से अगले कुछ हफ्तों में निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि कांग्रेस के महाधिवेशन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी को भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से की गई "तपस्या" को आगे बढ़ाने के लिए एक नई योजना तैयार करनी चाहिए और वह इस तरह की एक और पहल का संकेत देते हुए पूरे देश के साथ इसमें भाग लेंगे।

# पीवीवीएनएल डायरेक्टर पर भ्रष्टाचार का मुकदमा

**वाराणसी।** रिटायरमेंट के दो दिन पहले वाराणसी के पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम (पीवीवीएनएल) के निदेशक (तकनीकी) पर भ्रष्टाचार के मामले में चितईपुर थाने में गोरखपुर के प्रभारी निरीक्षक सतर्कता चंद्रभूषण प्रजापति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। निदेशक पृथ्वी पाल सिंह के खिलाफ यूपी पावर कारपोरेशन लखनऊ में शिकायत पत्र देकर जांच की मांग उठी थी और जांच करीब पांच महीने से चल रही थी।

विजिलेंस की जांच में 98 लाख रुपए के गबन की बात सामने आयी।

**केस दर्ज**

**रिटायरमेंट में बचे थे महज दो दिन, जांच के लिए यूपी पावर कॉरपोरेशन लखनऊ में दिया गया था शिकायत पत्र**

**विजिलेंस की जांच में 98 लाख रुपए के गबन की बात आयी सामने**

इसके बाद चितईपुर थाने में सतर्कता निरीक्षक ने शनिवार की देर रात मुकदमा दर्ज कराया। विजिलेंस जांच कराने के




बाद पता चला कि पृथ्वी पाल की सैलरी जून 1986 से जून 2022 तक कुल 4 करोड़, 62 लाख 82 हजार 776 रुपए बनी थी। जबकि, निदेशक ने अपना पर्सनल खर्च कुल 5 करोड़ 60 लाख 62 हजार 667 रुपए से ज्यादा का दिखाया था। इन पर जरूरत से 21% ज्यादा आय अर्जित करने का आरोप लगा है। यानी कि उनकी कमाई से यह करीब 97, 79 हजार 891 रुपए ज्यादा मिला। निदेशक बाकी के पैसे का हिसाब-किताब नहीं दे पाए। चितईपुर के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार मिश्र ने कहा कि जांच में पता चला कि इनकम से ज्यादा एक्सपेंस किया गया है। इनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी 28 फरवरी को रिटायर होने वाले थे। उन्होंने बिजली विभाग में 37 साल नौकरी की है।

# पुलवामा में कश्मीरी पंडित को मारी गोली, हुई मौत

**पुलवामा।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित को गोली मार दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। आतंकियों ने 40 साल के संजय शर्मा पर तब हमला किया, जब वह पत्नी के साथ सुबह 10.30 बजे मार्केट जा रहे थे। संजय अचान गांव के रहने वाले थे और बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। अक्टूबर 2022 के बाद ये कश्मीर घाटी की पहली टारगेट किलिंग है। इससे पहले जम्मू के राजौरी के अपर डांगरी गांव में 1 जनवरी 2023 की शाम को 2 अनजान लोग घुस आए थे। उन्होंने पूछ-पूछकर हिंदुओं को गोली मारी। हादसे में 2 बच्चों की मौत हो गई थी। संजय शर्मा की हत्या की जिम्मेदारी

**टारगेट किलिंग**

**बैंक में सिक्योरिटी गार्ड था पत्नी के साथ बाजार जाते वक्त हुआ हमला**

कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। इस संगठन ने एक मैसेज जारी करके कहा कि आज सुबह हमने अचान (पुलवामा) के रहने वाले काशीनाथ शर्मा के बेटे संजय शर्मा को एलिमिनेट कर दिया। हमने इससे पहले कई बार वॉर्निंग दी है कि भारत के कश्मीरी पंडितों, हिंदू और पर्यटकों को यहां खत्म कर दिया जाएगा। आगे लिखा- आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद ये लोग सिर्फ भारतीय ऑक्यूपेशन के हाथों की कठपुतली बनकर रह गए हैं।

# 52 साल की उम्र हो गयी है लेकिन घर तक नहीं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन को राहुल गांधी ने संबोधित किया है। राहुल गांधी ने इस दौरान कहा कि 52 साल की उम्र हो गयी है लेकिन दिल्ली से इलाहाबाद तक उनके पास अपना घर तक नहीं है। राहुल गांधी ने इस दौरान भारत जोड़ो यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होने कहा कि यात्रा के दौरान बहुत कुछ सीखा है। राहुल गांधी ने कहा मैं अपने देश के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चला। यात्रा के दौरान हजारों लोग मुझसे और पार्टी से जुड़े। मैंने किसानों की सभी समस्याओं को सुना और उनके दर्द को महसूस किया।

राहुल गांधी ने कहा कि जब कश्मीर पहुंचा तो घर जैसा महसूस हुआ। यात्रा सभी जातियों और आयु वर्ग के लोगों को घर जैसा महसूस कराने के लिए थी। यात्रा के दौरान लोग मुझसे राजनीतिक बातें नहीं कर रहे थे लेकिन जब मैं कश्मीर पहुंचा तो सब कुछ बदल गया। गांधी ने कहा कि मां ने पहली बार मुझे बताया कि राहुल यह हमारा घर नहीं है, यह सरकार का घर है। अब हमें यहां से जाना है। राहुल ने कहा कि हमने मां से पूछा कहां जाना है? मां ने कहा कि नहीं मालूम है। बकौल राहुल, मां के यह शब्द सुनकर मैं हैरान रह गया।

**बोले राहुल**

**मां के शब्द सुनकर मैं हैरान रह गया : राहुल गांधी**

मैंने सोचा था कि वो हमारा घर था। राहुल गांधी ने कहा कि 52 साल हो गए, मेरे पास आज तक घर नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार को जो घर है वो प्रयागराज (इलाहाबाद) में है, लेकिन वो भी हमारा घर नहीं है।



विदेश मंत्री जय शंकर के बयान पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि एक मंत्री ने इंटरव्यू में कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था भारत से बड़ी है तो हम उनसे कैसे लड़ें? राहुल गांधी ने कहा कि जब अंग्रेज हम पर राज करते थे तो क्या उनकी अर्थव्यवस्था हमसे छोटी थी? यानी जो आपसे ताकतवर है उनसे लड़ें ही मत। इसको कायरता कहते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सावरकर की विचारधारा है अगर जो आपके सामने आपसे ताकतवर, मजबूत है उसके सामने सर झुका दो।

हिंदुस्तान के मंत्री चीन से कह रहे हैं कि आपकी अर्थव्यवस्था हमसे बड़ी है, इसलिए हम आपके सामने नहीं खड़े हो सकते। इसको देश भक्ति कहते हैं क्या? यह कौन सी देश भक्ति है? कांग्रेस सांसद ने अडानी मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने संसद में एक उद्योगपति पर आक्रमण किया। मैंने सिर्फ एक सवाल पूछा कि मोदी जी आपका अडानी जी से रिश्ता क्या है? पूरी भाजपा सरकार अडानी जी की रक्षा करने लग गई। वे कहते हैं कि जो अडानी जी पर आक्रमण करता वह देशद्रोही है। अडानी जी और मोदी जी एक हैं।

# बाइक सवार बदमाशों ने पत्रकार को मारी गोली



**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना अंतर्गत बालू मंडी में बाइक से आये बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घायल अवस्था में पत्रकार को जिला अस्पताल लाया गया। मामले को सज्ञान मे लेकर पुलिस जांच में जुट गयी हैं। देवेंद्र खरे एक चैनल के रिपोर्टर हैं। देर शाम करीब 7.30 बजे वो अपने कार्यालय के बाहर बालू मंडी में खड़े थे कि तभी बाइक पर सवार दो बदमाश आये और उन पर फायर झोंक दिया। गोली उंगली में लगी और पत्रकार ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। पत्रकार के अनुसार उन पर बदमाशों ने सात राउंड फायरिंग की। संयोग ही था कि गोली उंगली में ही लगी। लोगों के सहयोग से उन्हे जिला चिकित्सालय लाया गया। स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। मौके पर एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने मौके का जायजा लिया और भुक्तभोगी से पूछताछ की।

# बेहतर कल की ओर ले जाती है शिक्षा : एस. राजलिंगम

**समापन**

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में 14वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के समापन पर बोले जिलाधिकारी**

जनसंदेश न्यूज



एनवाईकेएस के 14वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डीएम एस. राजलिंगम

**वाराणसी।** डीएम एस. राजलिंगम ने आदिवासी युवाओं को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा है कि शिक्षा एक ऐसा मंत्र है जिसका उपयोग कर किसी भी समाज को एक बेहतर कल की ओर ले जाना संभव है। उन्होंने आह्वान किया कि शहर और गांव के बीच उत्पन्न हुई दूरियों को शिक्षा के माध्यम से कम करने करने का प्रयास किया जाए। नेहरू युवा केंद्र संगठन वाराणसी यानि एनवाईकेएस के 14वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के समापन समारोह में रविवार को जिलाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

बीएचयू के कृषि विज्ञान संस्थान स्थित शताब्दी सभागार में यह कार्यक्रम हुआ। इसमें छह प्रदेशों के दस जनपदों के आदिवासी युवाओं ने हिस्सेदारी की। समारोह की करते हुए गृह मंत्रालय की अवर सचिव अलका शर्मा ने युवाओं को भारत भ्रमण कर एक-दूसरे की संस्कृति, सभ्यता, खान-पान, रहन-सहन आदि को जानने व समझने की अपील की। विशिष्ट अतिथि सीडीओ हिमांशु नागपाल अपने शुरुआती दिनों में आदिवासी जिलों में भ्रमण के अनुभव साझा किए।

अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर एनवाईकेएस के उप निदेशक अनिल कुमार सिंह, जिला युवा अधिकारी निखिल गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे ऐश्वर्या मिश्रा, सुभाष प्रजापति, मनोज शर्मा, अंगद सिंह, प्रतीक साहू, राशि मिश्रा, विकास चौरसिया आदि प्रमुख उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन उठाएं राज्य निधि से आर्थिक सहायता का लाभ

**अच्छी पहल**

**सृजनात्मक कार्यों व खेल में बढ़ावा देने समेत गंभीर बीमारी के इलाज आदि को वित्तीय मदद, 5 मार्च तक कर दें आवेदन**

**वाराणसी।** प्रदेश के दिव्यांगजनों को विभिन्न कार्यों के लिए शासन से राज्य निधि के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान है। सृजनात्मक एवं कलात्मक कार्यों, खेल, गंभीर बीमारी में इलाज सहायक उपकरण खरीदने के लिए आवेदन करने पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से वर्तमान वित्तीय वर्ष में यह मदद देगी। इसका लाभ लेने के हर हाल में आगामी पांच मार्च तक आवेदन देना होगा।

महकमे के उप निदेशक सतेंद्र कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों को चार प्रकार की आर्थिक मदद राज्य निधि से मुहैया कराई जाएगी। जिसके अंतर्गत दिव्यांगजन द्वारा तैयार चित्र, हस्तकला आदि उत्पादों की प्रदर्शनी और कार्यशाला आयोजित करने समेत खेल, ललित कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर एवं साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी वित्तीय सहायता मिलेगी।

ताकि संबंधित दिव्यांगजनों को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में हिस्सा लेने का मौका मिल सके। इसके अलावा दैनिक जीवन की गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बेंच मार्क दिव्यांगता के दायरे में आने वाले पात्रों को उच्च सहायता वाले उपकरण खरीदने सहित राज्य के ऐसे दिव्यांगजन जो कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हों या आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हों, उन्हें उपचार के लिए वित्तीय सहायता देने का का प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि राज्य निधि से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए दिव्यांगजन को आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर विभाग के घौसाबाद स्थित कार्यालय से आवेदन-पत्र प्राप्त कर प्रत्येक दशा में पांच मार्च तक जमा करना होगा।

# सीएचएस की दो कक्षाओं में होगा लॉटरी से प्रवेश

**बीएचयू**

**बीते साल ई-लॉटरी का किया गया था काफी विरोध**

**विश्वविद्यालय से जुड़े विद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू**

**वाराणसी।** बीएचयू के विद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया 25 फरवरी से शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया के तहत सेंट्रल हिंदू ब्वायज स्कूल (कमच्छा), सेंट्रल हिंदू गर्ल्स स्कूल (कमच्छा), श्रीरणवीर संस्कृत विद्यालय, (कमच्छा) और बरकछा स्थित दक्षिणी परिसर के सेंट्रल हिंदू स्कूल की विभिन्न कक्षाओं में दाखिले के लिए आवेदन फॉर्म मिलने लगे हैं। प्रवेश प्रक्रिया के तहत एलकेजी, नर्सरी, कक्षा एक तथा कक्षा छह में ई-लॉटरी के माध्यम से प्रवेश होगा जबकि कक्षा नौ व 11 में प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से दाखिला मिलेगा।

फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 मार्च है। प्रवेश फॉर्म में संशोधन 31 मार्च से चार अप्रैल तक किया जा सकेगा। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय के एडमिशन पोर्टल ६६६.४इ्रह्व.्रष्.ेल्ल पर उपलब्ध है। प्रवेश परीक्षा की तारीख अब तक घोषित नहीं की गई है। बीएचयू सीएचएस में प्रवेश के लिए कोरोना काल (2020) में एहतियातन ई-लॉटरी सिस्टम अपनाया गया था। उसके बाद वर्ष 2021 और 2022 में कोरोना की स्थिति में सुधार होने पर भी लॉटरी से ही प्रवेश का फैसला किया गया था। बीएचयू के विद्यालयों में कक्षा एक और छह में प्रवेश के लिए सर्वाधिक आवेदन आते हैं। पिछली बार लॉटरी सिस्टम से प्रवेश को लेकर काफी प्रदर्शन हुए थे, जिसे देखते हुए कक्षा सात, आठ, नौ और 11 में इस बार दाखिला प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कराया जा रहा है।

# सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ किया जागरूक



जनजागरूकता के तहत रैली निकालते स्वयंसेवक

**वाराणसी।** कृषि विज्ञान संस्थान-बीएचयू के विद्यार्थियों और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रविवार को सीर गोवर्धन और आसपास के क्षेत्रों में जनजागरुकता रैली निकाली। मानव श्रृंखला बनायी और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरुक किया।

तत्पश्चात विभिन्न टोलियों में निकले स्वयंसेवकों ने लोगों के घर-घर गए और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान लड़कियों की प्राथमिक शिक्षा, जल निकास की समस्या, हर घर नल योजना का लाभ न मिलना, बेरोजगारी, अनियमित मजदूरी आदि समस्याएं सामने आयी।

समस्याओं के निराकरण के बाबत भरोसा दिलाया। बौद्धिक प्रोग्राम के दौरान मुख्य अतिथि कृषि सांख्यिकी के प्रोफेसर डॉ. अभिषेक सिंह ने कहा कि समाज में लड़कों को लड़कियों का तथा लड़कियों को लड़कों का सम्मान करना चाहिए।

इस भावना से हम समाज में उत्पन्न होने वाली विभिन्न कुरीतियों तथा समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। कार्यक्रम में छात्र सलाहकार प्रो. पीके सिंह भी शामिल थे।

# सीएसआर फंड का दुरुपयोग हुआ तो कार्रवाई

**बैठक**

**एयरपोर्ट सलाहकार समिति में वीपी सरोज ने दिये कई निर्देश**

जनसंदेश न्यूज



**बाबतपुर।** लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सलाहकार समिति की बैठक रविवार को सांसद सह समिति के अध्यक्ष वीपी सरोज की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में वाराणसी में होने वाले जी 20 शिखर सम्मेलन पर हवाई अड्डे की तैयारियों को लेकर विशेष चर्चा की गई। आम तौर पर यह बैठक हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन में ही हुआ करती थी। रविवार को हवाई अड्डे के समीप मुख्य द्वार पर स्थित एक तीन सितारा होटल में करीब 2 घण्टे चली उक्त बैठक में हवाई अड्डे पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, कार्गो सुविधाओं के विस्तार सहित कई अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान सांसद ने स्पष्ट निर्देश दिया की सीएसआर फंड द्वारा किये गए काम धरातल पर दिखना चाहिए और आम जनता तक यह संदेश स्पष्ट जाना चाहिए कि हवाई अड्डे के माध्यम से जनसेवा के क्षेत्र में क्या-क्या कार्य किए जा रहे हैं। सांसद ने बैठक में वाराणसी से दूसरे शहरों, विदेशो में जाने वाले फल और सब्जियों की जानकारी ली।

### किसानों से समन्वय बनाएं

सांसद ने यह निर्देश दिया कि इस क्षेत्र में किसानों से समन्वय बनाए और किसानों के बीच इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें ताकि किसान बिना बिचौलिया के अपनी सब्जी सीधे हवाई अड्डे तक पहुंचा सकें। सांसद ने यात्रियों के लिए हवाई अड्डे पर मिलने वाली मेडिकल सुविधा के संबंध में जानकारी ली। सांसद ने यह भी निर्देश दिया कि हवाई अड्डे पर जनहित में जो भी काम हो रहे हैं, जो नई नई बातें सामने आ रही है, जो नई जानकारियां सामने आ रही है, इसको लेकर मीडिया के साथ अपनी जानकारी साझा करें। तभी जनता को आपके द्वारा उपलब्ध की गई सुविधाएं पता चल सकेगी।

### मूलभूत चीजों पर काम हो

वहीं सीएसआर को लेकर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित करें कि सीएसआर के तहत जो गांव प्रभावित हैं, विस्थापित हैं, वहां के ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर के लिए काम किया जाए। पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य जैसी जरूरतों पर काम हो ताकि जनता का जुड़ाव हवाई अड्डे से और बेहतर तरीके से हो सके। बैठक में प्रमुख रूप से हवाई अड्डा निदेशक अर्यमा सान्याल, सीआईएसएफ कमांडेंट अजय कुमार, पिंडरा विधायक अवधेश सिंह, एयरलाइंस प्रबंधक सलाहकार समिति के अन्य सदस्यों के साथ जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### रोग परामर्श शिविर में लाभान्वित हुईं महिलाएं



**वाराणसी।** जेपी मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल एवं अथर्व इंफर्टिनीटी सेंटर, के तत्वाधान में प्राथमिक विद्यालय पतेरवा में रविवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रसूति एवं स्त्री रोग एवं निःसंतान दंपत्ति के लिए आयोजित इस परामर्श शिविर में स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ बीएचयू की पूर्व सीनियर रेजिडेंट डॉ संध्या यादव एवं अन्य चिकीत्सक टीम द्वारा स्त्री रोगों से जुड़ी समस्याओं के निदान हेतु परामर्श दिया गया। कुल 138 मरीजों में समस्याएं देखी गई।

### मनीष सिसोदिया को बेवजह फंसा रही सरकार : आप

**वाराणसी।** आम आदमी पार्टी की जिला इकाई ने रविवार को रामकटोरा क्षेत्र में बैठक कर आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रमुख मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है। जिसके तहत 'आप' नेताओं पर फर्जी मुकदमे लादे जा रहे हैं। शराब घोटाले के बहाने मनीष सिसोदिया से भी पूछताछ कर उन्हें फर्जी ढंग से जेल भेजने की तैयारी हो रही है। जबकि पूर्व में श्री सिसोदिया के आवास-दफ्तर आदि पर की गयी छापेमारी में कुछ भी नहीं मिला था। मीटिंग में प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह, महानगर अध्यक्ष अखिलेश पांडेय, काशी प्रांत सचिव पल्लवी वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम पांडेय, अब्दुल रकीब, रोशन बरनवाल, सरोज शर्मा, राहुल द्विवेदी, प्रमोद श्रीवास्तव, अरविंद यादव, पीयूष श्रीवास्तव आदि रहे।

### अवैध ऑटो के खिलाफ यूनियन उठायेगा आवाज

**वाराणसी।** रविवार को इंग्लिशिया लाइन क्षेत्र में ऑटो रिक्शा यूनियन के जनसम्पर्क कार्यलय के उद्घाटन किया गया। ऑटो रिक्शा, थ्री व्हीलर चालक यूनियन जनसम्पर्क कार्यालय का उद्घाटन क्षेत्रीय महामंत्री-काशी क्षेत्र भाजपा गुनगीत सिह बग्गा यूथ के की ओर से फीता काटकर किया गया। यूनियन के अध्यक्ष ईश्वर सिहं ने बताया कि इस कार्यालय के खुलने के बाद अब अवैध रुप से संचालित हो रही ऑटों के खिलाफ आवाज उठायी जायेगी। बताया कि जो भी वैध यूनियन के लोग हैं उन्हीं की ओर से रखे गये मानक के रुप के चालकों के हाथों में ऑटो की कमान दी जायेगी। बताया कि कार्यालय खुल जाने से एक स्थान पर ऑटो चालकों के साथ बैठक किया जा सकता है। उद्घाटन के मौके पर श्याम सुन्दर यादव, हरेन्द्र गिरी, दिनेश कुमार, राहुल दूबे उर्फ विकास दूबे, किशन कन्नौजिया, अशोक, अजय शर्मा उपस्थित रहे।

### प्रदेश में दलितों व महिलाओं पर अत्याचार बढ़े

**वाराणसी।** समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर रविवार को ककरमत्ता स्थित एक लॉन में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि प्रदेश में दलितों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नीयत में अगर खोट नही है तो जाति जनगणना कराए। कांशीराम ने कहा था-जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। वीपी सिंह ने मण्डल कमीशन की रिपोर्ट को लागू कराया था तो भाजपा ने उनकी सरकार गिराई थी। मुफ्त राशन देने से अच्छा है कि सरकार रोजगार के अवसर का सृजन करें। इस सरकार में 69 हजार शिक्षक भर्ती भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। उन्होंने कहा कि पंचायती राज में आरक्षण की व्यवस्था स्व. मुलायम सिंह ने दिया था। वक्ताओं ने कहा कि अपराध रोकने में यह सरकार पूरी तरह फेल साबित हुई। उत्तर प्रदेश में केवल विपक्ष के दमन को ही विकास बताया जा रहा है। समस्याओं से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हर चीज को धार्मिक रंग दिया जा रहा है। अध्यक्षता निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव आरके प्रसाद ने की। कार्यक्रम को सत्यप्रकाश सोनकर, वरुण सिंह, सुजीत यादव लक्कड़, विष्णु शर्मा, वीरेंद्र यादव, नत्थूलाल सोनकर, महेंद्र राव, अमरनाथ पटेल, स्वराज मास्टर, बृजेश यादव आदि ने संबोधित किया।

### भंडारा के साथ वार्षिक शृंगार संपन्न

**वाराणसी।** नाटी इमली स्थित श्रीनित्य नया हनुमान व शारदा माता मंदिर में वार्षिक श्रृंगार के मौके पर श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। पूरे मंदिर को विभिन्न सुगंधित पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया था, मंदिर के पुजारी पंडित राकेश गिरी ने हनुमान जी को चमेली के तेल और सिंदूर से लेपन कर नवीन वस्त्र धारण कराया, इसके बाद सुगंधित पुष्पों से उनका श्रृंगार किया। मंदिर प्रांगण में स्थित दैतरा वीर बाबा, शारदा माता, दुर्गा जी व साईं बाबा का भी सुगंधित फूलों भव्य श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के मौके पर रामचरितमानस का अखंड पाठ बैठाया गया। जिसका समापन रविवार को हुआ। समापन के दौरान भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। शाम 4:00 बजे से चला भंडारा रात 12:00 बजे तक चलता रहा हजारों भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। पंडित राकेश गिरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के दूसरे शनिवार और रविवार को श्रृंगार और भंडारे का आयोजन किया जाता है जो इस वर्ष भी रहा। पूरे कार्यक्रम में अरविंद, गोविंद, जगदीश, बद्री, अमित, बाबू, पवन, दिलीप, रोहित, राजू गुरु, बंशी आदि ने सहयोग किया।



# महिलाओं में अंडाशय का कैंसर खतरनाक

**अधिवेशन सम्पन्न**

**तीन दिवसीय फाग्सी नार्थ जोन युवा कान्फ्रेंस के समापन पर प्रो. यशोधरा ने रखे विचार**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** नदेसर स्थित एक होटल में तीन दिवसीय फाग्सी नार्थ जोन युवा कान्फ्रेंस का समापन रविवार को किया गया गया। वक्ता के रुप में बोलते हुए फॉग्सी की उपाध्यक्ष एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया के स्त्री रोग विभाग की पूर्व एचाओडी प्रो. यशोधरा प्रदीप ने कहा कि अंडाशय के कैंसर काफी खतरनाक है। 50 से 60 साल की उम्र में ये समस्या आम तौर देखी जा रही है।

कहा कि लगातार होने वाले पेट दर्द को महिलाएं नजर अंदाज ना करें, इसके प्रति गंभीर हो और अपने चिकित्सक से जरुर सलाह लें। क्योंकि नजरअंदाज करने पर ये अंडाशय के कैंसर का लक्षण हो सकता है। महिलाएं इसे गैस समझकर नजर अंदाज करती हैं। ऐसे में जब भी दर्द हो तो गैस्ट्रोलॉज के बजाए स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास जाएं।

फॉग्सी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिकेष पाई ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में बांझपन की समस्या बढ़ती जा रही है। दुनिया अब अत्याधुनिक तकनीक की ओर बढ़ रहा है।

भविष्य में मनुष्य के सेल से शुक्राणु और अंडाणु बनाने की तैयारी चल रही है। इस दौरान कई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयी। इसके साथ ही अगले साल फिर किसी विषय पर आयोजित होने वाली कान्फ्रेस के साथ सभी ने इस अधिवेशन का समापन किया।

डॉ. शालिनी टंडन ने आभार जताया। इस दौरान डॉ. अनुराधा खन्ना, डॉ. लविना चौबे, डॉ. दिव्या अग्रवाल, डॉ. सुधा सिंह, डॉ. उषा यादव, डॉ. अंजु जैन, डॉ. एलके पांडेय, डॉ. सुलेखा पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

# अस्थमा मरीजों के लिए बदलता मौसम विलेन जैसा : डॉ. पाठक

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** ब्रेथ ईजी वरिष्ठ श्वांस टी.बी एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के पाठक ने एक परिचर्चा में बताया कि अस्थमा के मरीजों के लिए सबसे बड़ी दिक्कत बदलते मौसम के वक्त होती है, जब सर्दी से गर्मी का मौसम आ रहा हो या फिर जब गर्मी से सर्दी का मौसम आ रहा की इस दौरान उनकी सांस उखड़ने लगती है और अस्थमा के अटैक आने लगते हैं।

बताया कि मौसम बदल रहा है, सुबह और देर रात ठंड महसूस हो रही है। बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क नहीं रहने पर बच्चे हो या वयस्क बीमार पड़ रहे हैं। सदी-खांसी, एलजी, निमोनिया के साथ-साथ लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं।

अस्थमा के साथ दिल के मरीजी को सावधानी बरतने की जरूरत है। थोड़ी सी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है।

### अस्थमा के मरीज इससे रहें दूर

बताया कि अस्थमा के मरीजों को एक्टिव एंड पैसिव स्मोकिंग, तेज महक, कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स, मॉस्किटो रिप्लेट जैसी चीजो से दूर रहना चाहिए। इसके अलावा सोफे, पर्दे, सॉफ्ट टॉयज कालीन और पालतू जानवरों से भी उनको दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

# गोदौलिया से निशान ध्वजा यात्रा निकाली गई



**वाराणसी।** श्री श्याम मंडल की ओर से फागुन महोत्सव पर लक्सा स्थित श्री श्याम मंदिर में रंग-बिरंगे फूलों से लीलाधर की झांकी सजाई गई और मंदिर परिसर को सजाया गया रात्रि में जागरण हुआ और निशान पूजन की गई। रविवार को दोपहर में संस्था के पंकज तोदी व संदीप दुबे के संयोजन में श्री श्याम खाटू धाम ध्वजा शोभायात्रा निकाली गई।

यह यात्रा गिरजाघर गोदौलिया बांस फाटक चौक बुलानाला मैदागिन कबीरचौरा लहुराबीर मलदहिया होते हुए शाम को कैंट स्टेशन पहुंची यात्रा में बैंड बाजों पर श्याम नाम धुन बज रहा था। सैकड़ों महिलाएं पुरुष और बच्चे श्याम निशान लिए गाते चल रहे थे। गाड़ी पर श्याम प्रभु की अलौकिक झांकी सजाई गई थी। मारवाड़ी युवक संघ के मंत्री महेश चौधरी द्वारा प्रभु की आरती उतारी। संयोजन में दीपक बजाज अजय खेमका सुरेश तुलस्यान संदीप शर्मा कानू राजेश तुलस्यान पवन कुमार अग्रवाल सुशील गाड़ोदिया पुरुषोत्तम मोहल्ले कृष्ण कुमार काबरा संजय शर्मा आदि शामिल थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं व विद्यार्थियों ने सुनी पीएम के मन की बात

**वाराणसी।** रेडियो पर प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' रविवार को भाजपा जिला व महानगर इकाई के कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने सुनी। पीएम के बातों को आत्मसात किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का पुनः संकल्प दोहराया। क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने चेतगंज बूथ संख्या 60 पर एनसीसी कैडर, छात्र-छात्राओं एवं टीचर के साथ मन की बात सुनी। उनके साथ प्रवक्ता नवरतन राठी, पूजा दीक्षित, सपना सिंह, ममता सिंह, संतोष सोलापुरकर आदि थे। खादी ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य नागेंद्र रघुवंशी ने भी पीएम के मन की बात सुनी। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार, रामनगर मंडल के समस्त बूथों पर कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी। इसमें मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, महानगर मंत्री डॉ. अनुपम गुप्ता, नंदलाल चौहान, अशोक जायसवाल, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, जितेंद्र पांडेय, सतेंद्र सिंह पिंटू, विनोद सिंह, धीरेंद्र प्रताप, प्रीति सिंह, सुरेंद्र श्रीवास्तव आदि थे।

# प्रेम से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलेगा



जनसंदेश न्यूज

**चौबेपुर।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट का तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन रविवार को सम्पन्न हो गया। देश के कई राज्यों से जुटे प्रतिनिधियों ने सम्मेलन के दौरान अपने यह किये जा रहे सामाजिक बदलाव के प्रयासों की प्रस्तुति की और आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा की। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर समझ विकसित करने के लिए और आपसी प्रेम और सौहार्द्र को बढ़ाने के लिए सांझी विरासत की परम्परा को और विकसित करने के लिए व्याख्यान भी आयोजित किया गया।

**बोले डॉ आरिफ**

**आशा ट्रस्ट संस्था का 31 वां वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न**

अंतिम दिन के प्रथम सत्र में बोलते हुए वरिष्ठ गांधीवादी चिंतक और इतिहासकार डॉ मोहम्मद आरिफ कहा कि आपसी मेल जोल व प्रेम से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलेगा। भारत हजारों साल से विविध धर्म संस्कृतियों का देश रहा है। सदियों से लोग बेहतर तरीके से एक दूसरे के साथ भाईचारा के साथ रहते आये हैं। हमारे महापुरुषों की आईडिया ऑफ इंडिया की जो परिकल्पना थी हम बुद्ध, कबीर, रैदास, गोरख नाथ, स्वामी विवेकानंद, गांधी, नेहरू अंबेडकर, भगत सिंह आदि को पढ़ेंगे व जानेंगे तभी मेल जोल और साझी संस्कृति को आगे बढ़ा सकेगें। अगला सम्मेलन अगले वर्ष फरवरी में मणिपुर के उखनूर जिले में आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया. अध्यक्ष संस्था के सचिव विजय भाई, संचालन वल्लभाचार्य पाण्डेय और धन्यवाद ज्ञापन अरविन्द मूर्ति ने किया. इस अवसर पर वाराणसी और आसपास जिलों के सामाजिक कार्यकताओं की भी उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग से गाजीपुर-बलिया से छपरा-पटना पहुँचना होगा आसान



"21वीं सदी का नया भारत, बेहतरीन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। बेहतर सड़कें, रेल नेटवर्क, एयरपोर्ट ये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं होते, बल्कि ये पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं।"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## ₹6500 करोड़ के निवेश से 7 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का

## लोकार्पण और शिलान्यास

## नितिन गडकरी

**सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार**
**के कर-कमलों द्वारा**

**सोमवार, 27 फरवरी 2023, प्रातः 11:30 बजे, चितबड़ा गाँव, बलिया, उ.प्र.**

### लोकार्पण

**गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट मार्ग का सुदृढ़ीकरण कार्य**
(NH-31, कुल लम्बाई-130 किमी, लागत ₹97 करोड़)

**सिकंदरपुर-हनुमानगंज-बलिया मार्ग खण्ड का सुदृढ़ीकरण**
(NH-727B, कुल लम्बाई-35 किमी, लागत ₹44 करोड़)

**गाजीपुर जनपद में गाजीपुर-बलिया मार्ग पर अटवा मोड़ के पास बेसो नदी पर सेतु का निर्माण**
(NH-31, कुल लम्बाई-90 मी, लागत ₹19 करोड़)

### शिलान्यास

**गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट (उत्तर प्रदेश/बिहार सीमा) तक 4-लेन ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग और बक्सर के लिए 17 किमी लिंक रोड का निर्माण**
(कुल लम्बाई-134 किमी, लागत ₹5320 करोड़)

**गाजीपुर जनपद में मरदह-जखनिया-सादात-सैदपुर मार्ग का 2-लेन पेव्ड शोल्डर निर्माण**
(NH-124D, कुल लम्बाई-54 किमी, लागत ₹840 करोड़)

**उत्तर प्रदेश/बिहार सीमा से चंदौली तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर ग्रीनफील्ड मार्ग का निर्माण**
(NH-219, कुल लम्बाई-11 किमी, लागत ₹130 करोड़)

**बलिया जनपद में गाजीपुर-बलिया मार्ग पर माल्देपुर से कदम चौराहा तक के मार्ग का 4-लेन चौड़ीकरण कार्य**
(NH-31, कुल लम्बाई-5 किमी, लागत ₹50 करोड़)

### परियोजनाओं की विशेषताएं

- ग्रीनफील्ड हाईवे के निर्माण से पूर्वी उत्तर प्रदेश को बिहार के छपरा-पटना एवं बक्सर से बेहतर कनेक्टिविटी।
- बलिया से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की कनेक्टिविटी द्वारा लखनऊ एवं दिल्ली की सुगम यात्रा।
- गाजीपुर से बलिया होते हुए मांझीघाट जाने की समयावधि में लगभग 2 घण्टे की बचत।
- बलिया-बैंरिया क्षेत्र में जलभराव, बाढ़ एवं मिट्टी के कटान में कमी आयेगी जिससे कृषि उपज बढ़ेगी।
- सिकन्दरपुर-हनुमानगंज-बलिया मार्ग के सुदृढ़ीकरण से गोरखपुर और नेपाल बॉर्डर तक आवागमन आसान।
- गाजीपुर-मांझीघाट मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं बेसो ब्रिज के निर्माण से कृषि उपज तथा स्थानीय उत्पादों को बड़ी मण्डियों तक पहुँचने में सुगमता तथा जाम से निजात।
- माल्देपुर से कदम चौराहे तक चौड़ीकरण होने से शहर को पार करने में 40 मिनट की जगह 10 मिनट का समय लगेगा तथा जाम से निजात मिलेगी।
- सैदपुर-मरदह की प्रदेश के अन्य शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी से प्रदेश की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार।
- सिकंदरपुर-हनुमानगंज के गाँवों की बलिया से बेहतर कनेक्टिविटी।
- उ.प्र. में निवेश को प्रोत्साहन एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा तथा नये रोज़गार के अवसरों का सृजन।
- बिहार से चंदौली होते हुए दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए सुगम मार्ग।
- समय तथा ईंधन की बचत एवं प्रदूषण में कमी होगी।
- NH-124D के निर्माण से जनपद गाजीपुर के अति पिछड़े क्षेत्रों को वाराणसी तथा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से कनेक्टिविटी प्रदान होगी, जिससे लखनऊ तक की यात्रा सुगम होगी।

**गरिमामयी उपस्थिति**

**डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय** – मंत्री, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम, भारत सरकार | **जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह** (सेवानिवृत्त) – राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग एवं नागरिक विमानन, भारत सरकार | **जितिन प्रसाद** – मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ.प्र. | **दयाशंकर सिंह** – राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), परिवहन, उ.प्र. | **दानिश आजाद अंसारी** – राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण वक्फ एवं हज विभाग, उ.प्र.

**वीरेन्द्र सिंह 'मस्त'** – सांसद (लोकसभा) | **नीरज शेखर** – सांसद (राज्यसभा) | **सकलदीप राजभर** – सांसद (राज्यसभा) | **दर्शना सिंह** – सांसद (राज्यसभा) | **रविन्दर कुशवाहा** – सांसद (लोकसभा) | **पकौड़ी लाल** – सांसद (लोकसभा) | **अफजाल अन्सारी** – सांसद (लोकसभा) | **उपेंद्र तिवारी** – पूर्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

**माननीय विधानसभा व विधान परिषद सदस्यगण**

रविशंकर सिंह 'पप्पू भैया' | विशाल सिंह 'चंचल' | केतकी सिंह | कैलाश | ओम प्रकाश राजभर | अन्नपूर्णा सिंह उर्फ पूनम सिंह | सुहेब उर्फ मन्नु अन्सारी | विरेंद्र कुमार यादव
संग्राम सिंह | जय प्रकाश अंचल | जें किशन साहू | आशुतोष सिन्हा | बेदी | अंकित भारती | ओम प्रकाश | जियाउद्दीन रिजवी

FOR LIVE STREAMING :
www.facebook.com/nitingadkary
https://twitter.com/nitin_gadkari
www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

FASTag
• लगभग 40 करोड़ घंटे प्रतिवर्ष के अमूल्य समय की बचत • लगभग 35 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष ईंधन की बचत
• लगभग 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण संरक्षण
इसलिए FASTag अपनाएं... और देशहित में अपना योगदान दें...

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

# तैयारी पूरी, आज आयेंगे नितिन गडकरी

**आयोजन**

## कई परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण एवं शिलान्यास

**बलिया।** नगर पंचायत चितबड़ागांव में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास 27 फरवरी, सोमवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। केंद्रीय मंत्री के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी करीब डेढ़ घंटे बलिया जनपद में रहेंगे। उनका मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जिला प्रशासन को मिल गया है। इसके बाद से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी वाराणसी एयरपोर्ट से हेलीकप्टर से सुबह 11. 40 बजे चितबड़ागांव पहुंचेंगे। यहां पहले जनसभा को संबोधित करेंगे। फिर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद हेलीकप्टर से पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। बता दें कि भरौली-बक्सर के बीच गंगा पर बन रहे नया पुल का कार्य जहां जोरों पर है, वहीं पुराने पुल के पास लिंक रोड का निर्माण शुरू हो गया है। यह फोरलेन लिंक मार्ग ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के इंटरचेंज से जुड़ेगा। इससे यूपी-बिहार से पटना, लखनऊ और दिल्ली तक का सफर आसान हो जाएगा।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बलिया जनपद को कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। एक्सप्रेस-वे को बिहार से जोड़ने को लेकर निर्माण कार्य में तेजी आई है। भरौली-बक्सर के बीच गंगा पर बन रहे नया पुल का कार्य जहां जोरों पर है। वहीं, पुराने पुल के पास लिंक रोड का निर्माण शुरू हो गया है। यह फोरलेन लिंक मार्ग ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के इंटरचेंज से जुड़ेगा।

आने वाले दिनों में बिहार और यूपी के बीच काफी सुविधाजनक सड़क कनेक्टिविटी होने जा रही है। इससे यूपी-बिहार के लोगों को पटना, लखनऊ दिल्ली तक का सफर काफी आसान हो जाएगा।

इसके अलावा गाजीपुर के जंगीपुर से बिहार के छपरा स्थित रिविलगंज तक बन रहे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को भी जोड़ने के लिए भरौली से उंचाडीह तक 17 किमी का फोरलेन लिंक रोड बनेगा। यह लिंक रोड भरौली से शुरू होगा और उंचाडीह में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे जुड़ेगा।


चितबड़ागांव में बना विशाल पंडाल


पुलिस अधिकारियों को जानकारी लेते विपुलेन्द्र प्रताप सिंह

### कार्यक्रम में डेढ़ घंटे तक मौजूद रहेंगे केन्द्रीय मंत्री

**बलिया।** चितबड़ागांव में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है। शिलान्यास समारोह में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ योगी सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद भी आयेंगे। कार्यक्रम स्थल पर दो हेलीपैड बनाया गया है। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी 27 फरवरी को पूर्वाह्न 11.40 बजे चितबड़ागांव पहुंचेंगे। वह अपराह्न 1.10 बजे तक कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। वह कार्यक्रम में लगभग डेढ़ घंटे तक मौजूद रहेंगे। वहीं, उनके स्वागत में आयोजन समिति की तरफ से खास तैयारी की गई है। शिलान्यास समारोह में वाराणसी एवं अन्य जगहों से आये कलाकार शिव डमरू बजाकर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत करेंगे। इसके अलावा धार्मिक झांकियों का भी दर्शन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विपुलेन्द्र प्रताप सिंह अपनी पूरी टीम के साथ लगे हुए है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए फेफना से लगायत चितबड़ागांव तक जगह-जगह होर्डिंग लगाये गये है। इसके अलावा विधानसभा बलिया, फेफना, बैरिया के साथ ही गाजीपुर जिले के जहूराबाद एवं मुहम्मदाबाद में भी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास समारोह की होर्डिंग लगी हुई है। राजनैतिक एवं सांस्कृतिक मंच अलग-अलग बनाया गया है।

### कार्यक्रम की सफलता को झोंकी ताकत

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण से जहां एक तरफ जनपदवासियों में हर्ष में है, वहीं दूसरी तरफ बलिया, बैरिया एवं फेफना विधान के लोग भी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे शिलान्यास समारोह को सफल बनाने के लिए प्रयासरत है। बलिया विधान सभा क्षेत्र से विधायक एवं योगी सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह के साथ ही पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी एवं बैरिया विधान सभा में भाजपा नेता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दिये है।

### शिलान्यास समारोह में शामिल होने का आह्वान



**बांसडीह।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक मैरीटार गांव में विधायक केतकी सिंह के आवास पर हुई। इसमें 27 फरवरी को चितबड़ागांव में आयोजित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास करने आ रहे केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निर्णय किया गया। विधायक प्रतिनिधि विश्राम सिंह ने कहा कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बलिया एवं पूर्वांचल के अन्य जनपदों के साथ ही बिहार के लिए विकास का वरदान साबित होगा। इससे सभी को आवागमन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में बांसडीह क्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता चितबड़ागांव पहुंचेंगे। मौके पर कुंवर पप्पू सिंह, राजेश सिंह, श्रीनिवास मिश्रा, सतेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, प्रतुल ओझा, सितांसु गुप्ता, अरुण सिंह, पूनम गुप्ता, अवनीश मिश्रा, शारदानंद साहनी, अभिजीत तिवारी, माण्डलु सिंह, तेजबहादुर रावत आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रम को बनायेंगे ऐतिहासिकः अमरजीत

**चितबड़ागांव।** 27 फरवरी, सोमवार को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। इसकी जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने बताया कि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के प्रयास से बलिया में बनने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास 27 फरवरी को केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा चितबड़ागांव में किया जायेगा। कहा कि वह छह हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले गाजीपुर से हाजीपुर तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का आधारशिला रखेंगे। उनके चितबड़ागांव आगमन से पूर्व नगर पंचायत स्थित सांई कान्वेंट स्कूल में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का आह्वान किया गया। भाजपा नेता अमरजीत सिंह ने पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर पंचायत चितबड़ागांव में होने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना जायेगा। कार्यक्रम में भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, गायक गोलू राजा, अनुपमा यादव, गोपाल राय सहित जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता सुमन सिंह, आनन्द मिश्रा, आनन्द विजय त्रिपाठी, अरुण कुमार सिंह, अभिषेक तिवारी, रामजी सिंह, रविप्रकाश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।



# नितिन गडकरी ने बिछाया देश में सड़कों का जालः दयाशंकर सिंह



**बलिया।** नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि भारत सरकार के केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री ने पूरे देश में सड़कों का जला बिछाया है और ये हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि केन्द्र में परिवहन मंत्री के रूप में नितिन गडकरी ने जो ऐतिहासिक कार्य किये है। ऐसे कुशल नेतृत्व वाले व्यक्ति के साथ मुझे भी प्रदेश के परिवहन मंत्री के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

बलिया नगर विधानसभा विकास से सम्बन्धित पत्र केन्द्रीय मंत्री को दिया तो मंत्री ने बहुत जल्द सभी कार्य कराने का मुझे आश्वासन दिया। मेरे द्वारा विधानसभा चुनाव में बलिया की जनता से यह वादा था कि बलिया को जाम से मुक्ति दिलायेंगे जो आज नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद, योगी आदित्यनाथ के प्रेरणा से, नितिन गडकरी के सहयोग से पूरा हुआ है। बलिय नगर विधानसभा की जनता ने जो आशीर्वाद दिया है मैं आजीवन ऋणी रहूंगा। मेरे जीवन का एक ही उद्देश्य है बलिया नगर विधानसभा का विकास कराना।

## संक्षेप

### विधायक ने उठाया कटान एवं बाढ़ का मुद्दा

**मझौवां।** बैरिया विधानसभा के विधायक जयप्रकाश अंचल ने विधानसभा सत्र में क्षेत्र की समस्याओं सहित कटान और बाढ़ का मुद्दा मजबूती से उठाया है। विधायक द्वारा उठाये गए सवालों से बैरिया विधानसभा के लोगों में यह उम्मीद जगी है कि शायद उनकी समस्याओं का समाधान हो जाय। बैरिया विस क्षेत्र दो नदियों के बीच का हिस्सा है, जो हर वर्ष बाढ़ व कटान की मार से बेहाल हो जाता है। बाढ़ में फसल बर्बाद हो जाने से किसान भूखों मरने की कगार पर आ जाते है। सपा विधायक जयप्रकाश अंचल ने सदन में कटान एवं पलायन का मुद्दा गंभीरता से उठाया। विधायक ने सदन का ध्यान कटान से विलीन हुए गांवों और ग्रामीणों के पलायन की तरफ आकृष्ट कराया। सपा विधायक श्री अंचल की इस पहल की क्षेत्रवासियों ने सराहना की है।

### विजय गुप्त जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री बने शुभम गुप्त

**बलिया।** उद्योग व्यापार मंडल उप्र (पंजी.) का बलिया जनपद में गठन कर दिया गया है। प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने विजय कुमार गुप्त को जिलाध्यक्ष एवं शुभम कुमार गुप्त को जिला महामंत्री मनोनित किया है। रविवार को नगर के गुदरी बाजार में प्रदेश अध्यक्ष के प्रतिनिधि देवेन्द्र कुमार गुप्त ने मनोनित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा। तत्पश्चात नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय कुमार गुप्त एवं जिला महामंत्री शुभम कुमार गुप्त का डा. बद्रीनारायण गुप्त, शिवकुमार कौशिकेय, देवेन्द्र कुमार गुप्त, राम अवतार सरावगी ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने कहा कि जनपद की व्यापारिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जायेगा। मौके पर मनोज, रामदयाल, सुनिल, एमपी, नितेश, आशीष, राजेश, परवेज अहमद, डा. परमात्मा प्रसाद, डा. कृष्णा कुमार, डा. अशोक, राकेश, गोरखनाथ, हरिजी, हर्ष आदि मौजूद रहे।

### कीटनाशक दवा का किया छिड़काव

**रतसर।** नगर पंचायत रतसर कलां के कर्मचारियों द्वारा मच्छर आदि कीटों की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। इस संबंध में नगर पंचायत के कर्मियों ने बताया कि अधिशासी अधिकारी मृदुल कुमार सिंह का सख्त आदेश है कि नगर पंचायत के वार्डों में समय-समय पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाय। इसमें थोड़ी भी हीला-हवाली बर्दाश्त नही की जाएगी।

### एक समान शिक्षा के लिए निकाली गयी रैली

**बलिया।** देश भर में एक समान शिक्षा को लेकर समान शिक्षा संघर्ष मोर्चा के संयोजक राधेश्याम यादव के नेतृत्व में चितबड़ागांव में रविवार को रैली निकाली गयी। इस दौरान राधेश्याम यादव ने कहा कि एक देश में दो तरह की शिक्षा व्यवस्था क्यों? सरकारी स्कूलों में सिर्फ किसान, मजदूर, रिक्शा चालक, ठेला चालक और फुटपाथ पर रहने वालो का बच्चा पढ़ेगा और प्राइवेट स्कूलों में नेता, अधिकारी एवं अमीर का बच्चा पढेगा। ऐसा क्यों? कहा कि संसद में एक बिल लाकर शिक्षा एक समान की व्यवस्था किया जाए। कहा कि आज प्रदेश व देश की सरकारी शिक्षण संस्थाओं में पढ़ने-पढ़ाने की व्यवस्था गिर चुकी है। इसके पीछे सारा दोष हमारे चुने गए जनप्रतिनिधियों का है। पद पाते ही उनका स्तर अचानक बढ़ जाता है कि वह अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए प्राइवेट वं महंगे विद्यालयों और यहां तक की विदेशों में भेजते हैं।

### बिजली बिल बनाने में सहयोग करेंगे पंचायत सहायक

**बलिया।** गांवों में बिजली बिल से सम्बंधित समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी की पहल पर ग्राम पंचायतों में बिजली बिल जारी करने के लिए तैनात मीटर रीडर अब पंचायत सहायक की निगरानी में गांव में जाकर मीटर रीडिंग का काम करेंगे। अभी प्रयोग के तौर पर यह व्यवस्था विद्युत विभाग के चितबड़ागांव सब स्टेशन से प्रारम्भ की गयी है। उसके तहत चितबड़ागांव सब स्टेशन के कारो फीडर, नरही फीडर तथा टाउन फीडर के समस्त ग्राम पंचायतों में मीटर रीडिंग करने हेतु तिथिवार रोस्टर तैयार किया गया है। चितबड़गांव उपकेंद्र पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों के सरकारी भवनों पर मीटर रीडर का नाम तथा मोबाइल नंबर अंकित किया जायेगा। मीटर रीडर अपने निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों में जाकर बिजली बिल जारी करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार, अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग, सहायक अभियंता विद्युत विभाग, खंड विकास अधिकारी सोहांव तथा हनुमानगंज, सहायक विकास अधिकारी (पं.), पंचायत सहायक तथा मीटर रीडर मौजूद रहे।

### ऋषिदेव सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर डाला प्रकाश

**बांसडीह।** प्रखर समाजसेवी एवं शिक्षक ऋषिदेव सिंह की पांचवी पुण्यतिथि कस्बे के उत्तर टोला वार्ड नंबर 10 स्थित उनके पैतृक आवास पर सादगी से मनायी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दिनेश कुमार सिंह एवं राजेश कुमार सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही दीप प्रज्ज्वलित करके किया। आचार्य नंदलाल मिश्र ने ऋषिदेव सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि वह एक महान कर्मयोगी एवं प्रखर समाजसेवी के साथ विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे। उनके ही कर्म योग का फल है कि आज सैकड़ों गरीब छात्र शिक्षित होकर देश, समाज एवं अपना भविष्य संवार रहे है। उनकी सोच थी कि समाज के दबे-कुचले एवं गरीब लोगों का उत्थान हो। वह शिक्षा के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में शामिल हो। मौके पर तरुण प्रकाश सिंह, नंदलाल मिश्र, विजय कुमार, राकेश, विजय कुमार, अरुण सिंह, सुनील वर्मा, उदय प्रताप सिंह, दीपक मिश्रा, लोकनाथ, कन्हैया गुप्ता, मंजीत सिंह, सोनू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### युवती को भगाकर ले जा रहा युवक गिरफ्तार

**बैरिया।** अपने गांव के ही एक युवती को बहला-फुसलाकर कहीं अन्यत्र भगा कर ले जाने वाले युवक को बैरिया पुलिस ने शनिवार की देर रात मठ योगेंद्र गिरी के पास से गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया। युवती को परिजनों के हवाले करने के बाद पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को रविवार को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि शनिवार की देर रात पुलिस टीम गश्त में जा रही थी। तभी एक युवक एक युवती को लेकर कहीं जा रहा था। पुलिस को शक होने पर उन्हें रोककर पूछा कि कौन है और इसे लेकर कहां जा रहे हो? तो युवक ने बताया कि मेरी बहन है। इसे लेकर इलाज कराने जा रहा हूं। शक होने पर दोनों को थाने लाया गया। यहां कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि युवक युवती को बहला-फुसलाकर कहीं भगाकर ले जा रहा था। युवती के परिजनों को सूचना देकर थाने बुलाया गया और युवती को उनके सुपुर्द कर दिया गया। वहीं, आरोपी युवक को युवती के परिजनों की तहरीर पर धारा 363, 366 आईपीसी का मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया है।

### चोरी की पांच बाइकें बरामद, तीन गिरफ्तार

**बांसडीह।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने चोरी की पांच बाइकें बरामद की है। साथ ही तीन तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनको संबंधित धाराओं में निरूद्ध कर न्यायालय चालान कर दिया। एसपी राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध नियत्रंण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को बांसडीह थाना के उपनिरीक्षक ज्ञानचन्द शुक्ला व उपनिरीक्षक रामाश्रय यादव मय हमराह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर नंबर प्लेट बदलकर चोरी की बाइक ले जा रहे एक तस्कर को अंबेडकर तिराहे के पास से धर दबोचा। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम रामजी वर्मा पुत्र शम्भूनाथ वर्मा निवासी राजागांव खरौनी, थाना बांसडीह बताया। अभियुक्त ने बताया कि उक्त बाइक को उसने आनन्द कुमार पटेल निवासी ग्राम गोड़धप्पा, थाना बांसडीह से 8000 रुपये में खरीदा है। यह भी बताया कि आनन्द कुमार पटेल अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर बाइक की चोरी करता है। उसे बेचता है और कई चोरी की बाइकें भी चुराकर रखा है। पुलिस टीम ने आनन्द कुमार पटेल को उसके घर से गिरफ्तार कर थाने ले आयी। अभियुक्त आनंद ने बताया कि मैने ही ये बाइक रामजी वर्मा को 8000 रुपये में बेचा है तथा तीन और बाइकें गोडधप्पा मोड़ से खरौनी मार्ग पर झाड़ी में छुपा कर रखा हूं।

# निरंकारी समाज ने की पोखरे की सफाई



**बैरिया।** 'जल ही जीवन है' की अवधारणा लिए जल संरक्षण को लेकर स्वच्छ जल-स्वच्छ मन कार्यक्रम के तहत निरंकारी समाज द्वारा जलाशयों, पोखरे एवं नदियों की साफ-सफाई के क्रम में करमानपुर शाखा द्वारा सार्वजनिक पोखरे की साफ-सफाई निरंकारी स्वयंसेवकों द्वारा रविवार को किया गया। इसमें लगभग तीन सौ महिला-पुरुष निरंकारियों ने भाग लिया। राजेंद्र प्रसाद मुखी द्वारा बताया गया कि ऐसा हम लोग गुरु माता के आदेश पर कर रहे हैं। स्वच्छ मन-स्वच्छ जल योजना के तहत पूरे देश में अभियान चलाकर जलाशयों की साफ-सफाई कर स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का प्रयास निरंतर चल रहा है।

इसमें कोई भी स्वयंसेवक कोई पारिश्रमिक नहीं लेता है। सब लोग आपस में मिलकर आपसी सहयोग से जलपान आदि की व्यवस्था करते हैं। करमानपुर जलाशय की साफ-सफाई के बाद क्षेत्र के अन्य जलाशयों की भी सफाई कर जल को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अभियान में आत्मा यादव, सिपाही गुप्ता, वीरेंद्र बहादुर, राज मुनि, ज्ञान्ती, मनोरमा देवी, शांति देवी आदि शामिल रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत


आक्रोशित लोगों को समझाती पुलिस

**बलिया।** स्थानीय रेलवे स्टेशन-मालगोदाम रोड पर शनिवार की देर शाम शहर कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर (हरिजन बस्ती) निवासी एक युवक को ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। आक्रोशित लोग एक के बाद एक कई ट्रकों को क्षतिग्रस्त करते हुए प्रदर्शन करने लगे और सड़क जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गयी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाने-बुझाने का काफी प्रयास किया। इसके बाद भी लोगों ने पुलिस की एक न सुनी। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। तब जाकर यातायात बहाल हो सका। शहर कोतवाली क्षेत्र के अम्बेडकर नगर जगदीशपुर निवासी आकाश कुमार (24) शनिवार देर रात किसी काम के लिए शहर आया था। इसी बीच नो-इंट्री खुलने के बाद ट्रक शहर से बाहर निकल रहे थे। इस दौरान सड़क पार करते समय आकाश तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों सहित मोहल्लेवासी घटना स्थल पर पहुंच गये। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने कई ट्रकों को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग को रेलवे स्टेशन के पास जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने लगभग एक दर्जन ट्रकों का शीशा तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाराज लोगों को समझाने-बुझाने का काफी प्रयास किया। उपद्रव बढ़ता देख पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को तितर बितर किया।

### सड़क हादसे में किशोरी की मौत, दो गंभीर

**बलिया।** हनुमानगंज पुलिस चौकी के पास रविवार की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से जहां बाइक सवार एक किशोरी की मौत हो गई, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां एक किशोरी की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वहीं, एक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के टकरसन गांव निवासी धनंजय सिंह (40) बाइक पर अपनी भतीजी नंदिनी सिंह (16) एवं रिया सिंह (14) को बैठाकर बलिया किसी काम से आ रहे थे। अभी वह हनुमानगंज पुलिस चौकी के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। इससे नंदिनी की जहां मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं रिया और धनंजय गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आस-पास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां रिया की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने मृत किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, किशोरी के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

# आरोपियों की गिरफ्तारी को छापेमारी कर रही पुलिस

**बैरिया।** दोकटी थाना क्षेत्र के मुकामी गांव में गुरुवार को मूलधन एवं ब्याज को लेन-देन में एक साठ वर्षीय वृद्ध के अपहरण के बाद हत्या कर बिहार सीमा में शव फेंक दिया गया था। शव को बिहार पुलिस द्वारा बरामद कर पोस्टमार्टम कराया गया है, जबकि अपहरण का मुकदमा दोकटी थाने में पहले से ही दर्ज है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दोकटी पुलिस की टीम जगह-जगह छापेमारी कर रही है। दोकटी पुलिस ने रविवार को आरोपी के घर से एक चारपहिया वाहन एवं एक बुलेट बरामद करते हुए थाने लेकर चली गई।

इस अपहरण एवं हत्याकाण्ड के सन्दर्भ में बताया जा रहा है कि दोकटी निवासी जनार्दन कमकर (60) ने अपने ही गांव के संतोष सिंह पुत्र श्रीराम सिंह से ब्याज पर पैसा लिया था। पैसे को लेकर संतोष सिंह ने विगत् बृहस्पतिवार को जनार्दन के घर पहुंच कर पैसे के लिए गाली-गलौज किया था और उसी दिन दोकटी बाजार से जबरन अपने बाइक पर बैठाकर अपने

**दबिश**

## अपहरण के बाद हत्या कर बिहार सीमा में फेंक दिया वृद्ध का शव

कटरा पर ले गए थे। उसी दिन से जनार्दन लापता था। जनार्दन की पत्नी चंद्रावती देवी की तहरीर पर दोकटी पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था और जनार्दन की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने सलेमपुर, बिहार दियारे से शव को बरामद किया। शव बिहार की सीमा में होने के कारण बिहार के कृष्णागढ़ थाने की पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा भेज दिया। घटना के संबंध में एसएचओ कृष्णागढ़ ब्रजेश सिंह ने बताया कि शव बोरी में बंद था। सिर व गर्दन पर अनेकों धारदार हथियार के निशान पाए गए है। प्रथम दृष्ट्या प्रतीत होता है कि हत्या कही और करके बिहार की सीमा में बोरी में बंद कर शव को फेंक दिया गया है। शव वाले स्थान के आस-पास कही भी खून का निशान नही पाया गया है। मृतक के परिजनों की मांग पर इत्तफाकिया दर्ज कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट दोकटी पुलिस को भेजा जाएगा। क्योंकि उक्त मृतक के अपहरण का मामला पहले से ही दोकटी थाने में दर्ज है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### शीघ्र गिरफ्तार होंगे आरोपी : सीओ

**बैरिया।** दोकटी गांव निवासी जनार्दन कमकर के अपहरण एवं हत्याकांड के बाद रविवार को क्षेत्राधिकारी उस्मान के नेतृत्व में थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल ने आरोपियों के घर छापेमारी की। आरोपी फरार थे। पुलिस ने उनका घर खंगालते हुए एक चारपहिया वाहन एवं एक बुलेट को कब्जे में ले लिया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। शीघ्र ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगी।

### मृतक की पत्नी ने पुलिस पर लगाया आरोप

**बैरिया।** अपहरण एवं हत्या के बाद मृतक जनार्दन कमकर की पत्नी चंद्रावती देवी ने बताया कि बृहस्पतिवार को अपहरण होने की सूचना दोकटी पुलिस को दे दी गई थी। दोकटी पुलिस ने मामले को गंभीरता से नही लिया। इसी कारण शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज हुई। अगर पुलिस ने शीघ्रता दिखाई होती तो मेरे पति की हत्या नही हुई होती। उनकी हत्या होने से मेरा पूरा परिवार उजड़ गया है। अपहरण से पहले दोकटी निवासी सन्तोष सिंह ने मेरे घर आकर गाली-गलौज किया था। सरेआम गुंडई करते हुए दोकटी बाजार से मेरे पति का अपहरण किया था। अपहरण की घटना बाजार के एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

> तहरीर मिलते ही प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गयी थी।
>
> **मदन पटेल, थानाध्यक्ष दोकटी**

# आरओ मशीन को जल्द चालू करने की मांग

**बांसडीह।** स्थानीय नगर पंचायत द्वारा फुटानी चौक पर लाखों की लागत से चार माह पूर्व स्थापित किया गया आरओ मशीन गर्मी का सीजन शुरू होने के बाद भी चालू नही हुआ है। नगर के लोगों ने आरओ मशीन के पास प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन कर बांसडीह नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल आरओ मशीन चालू कराने की मांग किया।

बांसडीह नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 के फुटानी चौक पर लगाया गया आरओ मशीन का विगत नवम्बर माह में आयोजित कार्यक्रम में विधायक केतकी सिंह ने विभिन्न विकास कार्यों के साथ ही आरओ मशीन का लोकार्पण किया था। बांसडीह निवासी दिग्विजय सिंह छोटू ने आरोप लगाया कि आरओ मशीन चालू नही होने से नगर के वार्ड नंबर 14, चार, नौ व दस के लोगों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



आरओ मशीन बांसडीह कस्बे से जयनगर जाने वाले सड़क पर लगाया गया है। आरओ मशीन चालू होने से सड़क से आवागमन करने वाले आधा दर्जन गांवों के लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

आरओ मशीन के पास जुटे कस्बे के लोगों ने नगर में सफाई व्यवस्था ठीक नही होने तथा मशीन के पास ही कूड़े का ढेर लगाये जाने का आरोप भी लगाया। मुहल्ले के लोगों ने मशीन चालू कराने के साथ ही सफाई व्यवस्था ठीक करने की मांग किया। मौके पर दिग्विजय सिंह छोटू, विजय सिंह, अजय पटेल, प्रभुनाथ तिवारी, रघुवेश्वर तिवारी, काशी ठाकुर, केदार, संतोष शर्मा, अंकित, अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संगठन को सशक्त व गतिशील बनाने पर चर्चा

**रसड़ा।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई रसड़ा की बैठक कस्बा के मिशन रोड स्थित स्व. मंजूर अहमद के आवास पर रविवार को हुई। इसमें संगठन को सशक्त व गतिशील बनाने पर चर्चा करने के साथ ही संगठन का एक कोष बनाए जाने हेतु बैंक खाता खोले जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही संगठन के सदस्यों को परिचय पत्र का वितरण किया गया।

प्रांतीय मुख्य महासचिव मधुसूदन सिंह ने आएदिन पत्रकारों पर हो रहे हमलों और लिखे जा रहे फर्जी मुकदमों पर रोष व्यक्त किया। मांग किया कि सरकार प्रदेश में तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करे। साथ ही अगर किसी पत्रकार के खिलाफ कोई तहरीर पड़ती है तो पहले उसकी मजिस्ट्रेट जांच कराई जाए। जांच में



दोषी पाए जाने पर ही मुकदमा दर्ज हो। उन्होंने यह भी मांग किया कि 60 वर्ष होने पर पत्रकारों को दी जाने वाली पेंशन की पात्रता में संशोधन करते हुए मान्यता प्राप्त के साथ ही गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी इस पेंशन योजना के लिए पात्र माना जाए। उन्होंने बजट में पत्रकारों के लिए कोई धनराशि आवंटित नहीं किए जाने पर अपनी नाराजगी जाहिर की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने और पेंशन हेतु धन आवंटित करने, पत्रकारों पर हो रहे हमलों को रोकने की मांग को लेकर पत्रक भेजा जाएगा।

अंत में रसड़ा के पत्रकार आलोक कुमार पांडेय के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष मतलूब अहमद व संचालन महामंत्री संजय शर्मा ने किया इस अवसर पर राणा प्रताप सिंह, गोपाल जी गुप्ता, शिवानंद वागले, ओमप्रकाश वर्मा, संजय तिवारी, अखिलेश सैनी, लल्लन बागी, जफर अहमद, विनोद कुमार सोनी, श्रीमन नारायण उपाध्याय, ईश्वर चंद भारती, श्रीभगवान पांडेय आदि मौजूद रहे।

अध्यक्षता मतलूब अहमद तथा संचालन संजय शर्मा ने किया।

# पीपा पुल नहीं बनने से ग्रामीणों में रोष

**मझौवां।** बैरिया थाना क्षेत्र के नौरंगा गंगा घाट पर अब तक पीपा पुल न बनने से जहां शादी विवाह करने वाले ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, वही खेती किसानी करने वाले किसानों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा हैं। शासन के नियमानुसार अक्टूबर माह में पीपा पुल बन जाना चाहिए। 15 जून को पीपा पुल टूट जाता है। अब फरवरी माह भी बीत गया। फिर भी नौरंगा पीपा पुल अब तक नहीं बना। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

नौरंगा भुवाल छपरा के ग्रामीण रमाकांत ठाकुर, पूर्व जिपं सदस्य मनोज कुशवाहा, किशुन पासवान, निर्मल यादव, चिंतामणि राय के टोला निवासी मैनेजर सिंह, राजेंद्र मिश्र, विनोद कुमार आदि का कहना है कि शासन के



नियमानुसार 14 अक्टूबर को पीपा पुल बनकर तैयार हो जाना चाहिए और 25 जून को पीपा पुल टूट जाना चाहिए। बावजूद इसके नौरंगा गंगा घाट पर पीपा पुल अब तक नहीं बना है। मात्र एक-दो माह के लिए करोड़ों रुपए खर्च करने का क्या औचित्य है? इस पुल से ग्रामीणों को कोई फायदा नही है। कई वर्षों से मात्र एक-दो माह के लिए पीपा पुल के नाम पर कोरम पूरा किया जाता है और सरकारी पैसे की बंदरबांट कर लिया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोगों के साथ जनप्रतिनिधि व प्रशासन छलावा कर रहे है।

> मैं नया हूं। पहले क्या हुआ? मुझे मालूम नहीं है। नदी गहरी है और लंबाई भी बढ़ गई है। पीपा कम पड़ गया था। पीपा मंगा लिया गया है। बहुत जल्द पीपा पुल तैयार हो जाएगा।
>
> **देवेन्द्र वर्मा, जेई**

# अनियंत्रित मैजिक पलटने से दो की मौत

**दो घायल**

**पारो गांव पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा के पास हादसा**

**जनसंदेश न्यूज**




**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पारो गांव स्थित टोल प्लाजा के समीप रविवार की सुबह प्लाईवुड लदी मैजिक पलटने से मैजिक दो लोगों की मौत हो गई एवं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुघर्टना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां इलाज के दौरान प्रदीप विश्वकर्मा (30)निवासी आदिलाबाद कोतवाली मुहम्मदाबाद एवं सोनू 25 वर्ष निवासी बालापुर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बुरी तरह से घायल नजरुद्दीन 33 वर्ष एवं रियाजुद्दीन 19 वर्ष आदिलाबाद कोतवाली मुहम्मदाबाद का इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया आदिलाबाद कोतवाली मुहम्मदाबाद का लकड़ी का ब्यवसाई नजरूदीन लखनऊ से प्लाईवुड लादकर टाटा मैजिक मुहम्दाबाद आ रही थी। इसी बीच पारो गांव के सामने टोल प्लाजा के समीप टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई।

जिसमें चालक सहित कुल चार लोग घायल हो गए सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान प्रदीप विश्वकर्मा एवं सोनू की मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रदीप एवं सोनू की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक प्रदीप कुमार शर्मा अपने माता-पिता का एकलौता चिरांग था।

# टूटी रेल पटरी पर पेट्रोलिंग कर रहे कर्मचारी की पड़ी नजर

**जनसंदेश न्यूज**



बारा कला हाल्ट-गहमर स्टेशन के बीच टूटी रेल पटरी को बदलते कर्मचारी।

**बारा।** दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल खंड के बारा कला हाल्ट व गहमर स्टेशन के बीच टूटी पटरी को रविवार को ढाई घंटे का ब्लाक लेकर बदला गया। हालांकि इस दौरान ट्रेनों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

शनिवार को दिल्ली - हावड़ रूट के अप लाइन पर सिक्किम से नई दिल्ली जा रही महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन के गुजरते ही बारा कला हाल्ट व गहमर स्टेशन के बीच रेल पटरी टूटकर दो हिस्सों में बंट गई थी।

पेट्रोलिंग कर रहे कीमैन की सूचना पर टूटी पटरी को फिश प्लेट से कसकर ठीक किया गया था। ट्रेनों को टूटी पटरी के पास काशन लगाकर धीमी गति से गुजारा गया। गहमर सेक्शन के रेल पथ निरीक्षक उपेंद्र कुमार ने बताया कि करीब 10 एमएम पटरी टूटने से गैप हो गया था। रविवार की सुबह 10 से दोपहर 12 : 15 बजे तक ब्लाक लेकर नई पटरी लगा दी गई। बताया गया कि इस दौरान किसी ट्रेन के आवागम का समय नहीं था। इसलिए इतने समय का ब्लाक लिया गया।

इस दौरान रेलवे की तकनीकी टीम द्वारा बारा कला हाल्ट व गहमर स्टेशन के बीच किलोमीटर 678/27-29 के पास 10 प्वाइंट पर नौ मीटर रेल पटरी को भी बदलने का काम किया गया।

# सीएम सामूहिक विवाह योजना समाज के लिए बेहतर: रजीउल



दिलदारनगर में आयोजित दारुल कजा कन्वेंशन में मंचासीन मुख्य अतिथिः डॉ. मोहम्मद रजीउल इस्लाम नदवी।

**दिलदारनगर।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रोग्राम के तहत स्थानीय नगर में दारुल कजा कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कारी जुबैर अहमद के तिलावत कुराने पाक से हुई। कन्वेंशन के मुख्य अतिथि और शोबाए इस्लामी मुआशरा जमाते इस्लामी हिंद के सचिव डॉ. मोहम्मद रजीउल इस्लाम नदवी ने अपनी तकरीर में कहा कि मुसलमान शरीअत की रौशनी में अपने मामले हल कराएं। अल्लाह तआला ने कुरान में फरमाया है। कि जिस तरह नमाज, जकात, रोजा और हज फर्ज है,उसी तरह शरीअत की रोशनी में निकाह,सुलह, मियां और बीवी में तलाक, निकाह विरासत,वसीयत सहित घरेलू झगड़ों को कुरान की रोशनी में हल करें। शादी विवाह में फिजूलखर्ची और गैर शरई रस्मोरिवाज को बन्द कर इस्लामिक तौर तरीकों पर चल कर कम खर्च में शरीअत के अनुसार शादी करें। जिससे गरीब की बेटी के हाथ में मेहंदी लग सके, तभी मुस्लिम समाज का विकास सम्भव है। मुफ्ती अब्दुल बातिन नोमानी ने महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिकाओं का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं के बिना इसमें सुधार नहीं हो सकता है। महिलाएं ही शादी विवाह के अवसर पर फिजूलखर्ची करती है। सरकार द्वारा सामूहिक विवाह की व्यवस्था की गयी है। जिसमें हिंदू मुस्लिम समुदाय के लिए बिना भेदभाव से सरकार लाखों रुपया खर्च करके शादी करा रही है। लेकिन विडंबना है कि हमारी मुस्लिम कौम के लोग सरकार की उक्त योजना का लाभ अर्जित करने में पीछे हैं। कन्वेंशन को इस्लाहे मुआशरा के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल कलाम खां और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हाजी शर्फुद्दीन खां, बदरूल हक खां, काजी तबरेज आलम कासमी, मुफ्ती मोहम्मद एनाम कासमी आदि ने भी संबोधित किया। कन्वेंशन में दारूल कजा दिलदार नगर की वार्षिक रिपोर्ट काजी अब्दुर्रहमान कासमी ने पेश किया।कन्वेंशन का संचालन दारुल कजा कमेटी दिलदार नगर के अध्यक्ष अरशद सिराजुद्दीन मक्की ने की। इस कार्यक्रम मे सैय्यद अहमद गाजी फलाही, कमेटी के उपाध्यक्ष एजाज अहमद खां, एनामुल हक खां एडवोकेट, हाजी मुख्तार अहमद, अबुजर, तौसीफ गोया, कमाल वारिस, अब्दुल अहद, तौकीर, आमना खातून आदि उपस्थित रहे।

# गांव हो गए असहज, कस्बों में चल रहे सहज

**मुहम्मदाबाद ।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गांव के ही आसपास खतौनी की नकल, आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा सहज जनसेवा केंद्रों की स्वीकृति दी गई है। गांव के नाम पर स्वीकृति के बाद अधिकतर केंद्र निर्धारित जगह से आठ से 10 किलोमीटर दूर कस्बे या बाजारों में संचालित किए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को प्रमाण पत्रों के लिए दूर जाना पड़ रहा है। दूसरी ओर इनके संचालक मनमाना पैसा वसूलने से भी परहेज नहीं कर रहे, जिससे शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है। जनसेवा केंद्रों पर आधारकार्ड बनवाने या लिंक कराने के लिए भीड़ जुट रही है। यहां आधारकार्ड बनवाने के नाम पर 50 से 100 रुपये तक वसूला जाता है। जबकि आधारकार्ड के लिए निःशुल्क आवेदन की व्यवस्था है। कृषि ऋण माफी के लिए आधारकार्ड अनिवार्य कर दिए जाने के बाद अधिकतर केंद्र संचालकों की चांदी कट रही है।

# 18 मवेशी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चार की तलाश**

**तस्करों के पास से तमंचा-कारतूस बरामद**



कार्यालय में पशु तस्करों को पेश करते एसपी ओमवीर सिंह।

**गाजीपुर।** स्थानीय पुलिस ने अठारह मवेशियों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा अवैध तस्करी को रोकने के लिए चलाएं जा रहे अभियान के तहत भांवरकोल पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 18 अदद मवेशी व तंमचा के साथ दो जिंदा कारतूस बरामद करने का दावा किया गया है।

रविवार को पुलिस कप्तान ने अपने कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया गया कि शनिवार की देर रात भांवरकोल थानाध्यक्ष सत्येंद्र राय मय हमराह क्षेत्र में भ्रमणशील थे। जरिये मुखबिर सूचना मिली की कुछ लोग एक ट्रक से कुछ मवेशियों थाना क्षेत्र के रास्ते वध के लिए बगाल ले जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर विश्वास करते हुए रसूलपुर मुख्य मार्ग के करीब हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर एक ट्रक को रोका गया। ट्रक से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। जबकि चार लोग मौके से फरार हो गये। अभियुक्तों के पास से 18 अदद मवेशी,एक अवैध तंमचा दो,जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम घूरल चौधरी पुत्र बबुआ चौधरी कोटवा नरायनपुर, मुन्ना यादव उर्फ गर्जन यादव पुत्र कुबेर यादव निवासी भरौली थाना नरही जनपद बलिया बताया। एसपी ने बताया कि चार अभियुक्त मौके से फरार हो गयें है। जिन की गिरफ्तारी जल्द कि जाएगी। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है। वांछित अभियुक्तों में चन्दन गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता निवासी ग्राम कोटवा नरायनपुर थाना नरही बलिया, मिथलेश यादव पुत्र अज्ञात निवासी बाराचवर थाना बरेसर, दुर्गा गुप्ता पुत्र अज्ञात कोटवा नरायनपुर थाना नरही बलिया, सुरेश गुप्ता पुत्र स्व. राजकुमार गुप्ता निवासी ग्राम कोटवा नरायनपुर थाना नरही जनपद बलिया को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय, उ.नि ओमकार तिवारी, देवेन्द्र यादव, पंकज सिंह, श्वेता सिंह, पूजा गौतम मौजूद रहे।

# सास-ननद के बहकावे में आकर पति करते मारपीट

**मिलन**

**परिवार परामर्श केंद्र पर सात परिवारों की विदाई**

**जनसंदेश न्यूज**



पुलिस लाइन सभागार में दम्पति की विदाई कराते परिवार परामर्श केंद्र।

**गाजीपुर।** परिवार परामर्श केन्द्र में रविवार को कुल नौ परिवारिक विवाद प्रस्तुत हुए। जिसमें सात परिवारों को हंसी खुशी विदाई दिलाई गई। इनमें जोहरा खातून पत्नि रियाजुद्दीन निवासी पारा थाना नोनहरा की शिकायत थी कि उसके पति, सॉस और ननद के कहने पर हमेशा मारपीट करते रहते है इस पर पति और ससुराल पक्ष को समझा कर विदाई कराई गयी।

मंशा प्रजापति पत्नि अंगद प्रजापति निवासी पाण्डेपुर थाना बिरनो की शिकायत थी कि उसके पति उसके चरित्र पर हमेशा शक करते रहते है इस पर पति पत्नि दोनो को समझा कर विदाई कराई गयी। नुसरत जहाँ पत्नि बदरूद्दीन निवासी नौली की शिकायत थी कि उसके पति हमेशा बाहर ही रहते है सॉस और ननद हमेशा उस के साथ लडाई करते रहते है फिर भी वह अपने ससुर मुन्ना के साथ अपने ससुराल नौली जाने के लिए तैयार हो गयी। पति को भी मोबाइल के माध्यम से समझौता कराकर विदाई कार्रवाई गयी।

रानी देवी पत्नि अजय कुमार सिंह निवासी रामपुर बन्तरा थाना नन्दगंज की शिकायत थी कि जब भी उसकी तबीयत खराब रहती है पति तथा ससुराल के लोग उसका इलाज नही करवाते है जिसके कारण उसे मायके से सहयोग लेनी पडती है। इस पर पति और ससुराल के लोगो को समझा कर विदाई करवाई गयी।

अम्रता पत्नि दिलीप कुमार निवासी गौसाबाद थाना कोतवाली सदर की शिकायत थी कि उसके पति हमेशा उसके साथ मारपीट करते रहते है इस पर पति और ससुराल पक्ष के लोगों को समझा कर विदाई करावाई गयी किरण गुप्ता पत्नि सोनु कुमार निवासी रामगढ थाना अवतार जनपद सारण बिहार के मामले मे प्रतिवादीनी किरण गुप्ता उपस्थित नही थी। आचल पटवा पत्नि शत्रुधन पटवा निवासी सुलेमापुर देवकली थाना मरदह की शिकायत थी कि उसके पति उसकी शिक्षा में अवरोध डालते है इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गयी। सरिता जायसवाल पत्नि रोशन जायसवाल निवासी रानी चौक पश्चिम बाजार थाना सैदपुर की शिकायत थी कि उसके पति तथा ननद दोनो लोग मिलकर उसे शारिरीक व मानसिक प्रताडना देते है। इस पर पति और ननद दोनो को समझाकर विदाई करवाई गयी। संगीता पत्नि विनोद यादव निवासी गौरा थाना सुहवल की शिकायत थी कि उसके पति पंचों के समझाने के बाद भी नही समझ रहे है। इसलिये मेरे मामले को माननीय न्यायलय भेज दिया जाये इस पर विधिक कार्यवाही का सुझाव देते हुये प्रकरण को बंद कर दिया गया। इन सभी मामलों के निस्तारण में सरदार दर्शन सिंह, वीरेन्द्रनाथ राम, अनीता सिंह, ओलश कुमार, उर्मिला गिरी आदि लोग प्रमुख थे।

# चालक-परिचालक को वर्दी से परहेज बस में टिकट भी दूसरा ही काट रहा

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** एक दशक पूर्व तक रोडवेज चालक-परिचालक निर्धारित वर्दी में दिखते थे। अब यह गुजरे जमाने की बात हो गई है। अब तो सफर करने वालों को उनकी पहचान तक पता नहीं चल पाती है। अफसर भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जिसके हाथ में बस का स्टेयरिंग वह चालक और जिसके हाथ में सीटी (व्हीसल) और बैग वही परिचालक। बस यही पहचान रह गई है रोडवेज बस के कार्मिकों की। हालांकि राज्य सरकार ने परिवहन निगम की बसों में चालक व परिचालकी पहचानन के लिए वर्दी पहनना अनिवार्य किया हुआ है। इसके लिए प्रत्येक वर्ष कर्मचारियों को वर्दी के लिए कपड़ा व पैसे भी दिए जाते हैं। बावजूद इसके कार्मिकों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। इसके चलते रोडवेज की बसों में सफर करने वाले यात्री भ्रमित हो रहे हैं।परिवहन विभाग के नियमों के मुताबिक चालक और परिचालक को ही नहीं अपितु रास्ते में चेकिंग करने वाले यातायात अधीक्षक, निरीक्षक तथा सहायक निरीक्षक के लिए ड्रेस निर्धारित है। एक दशक पूर्व तक सभी ड्रेस में नजर आते थे। यात्री चालक-परिचालक को दूर से ही पहचान लेते थे। रास्ते में चेकिंग स्टाफ भी दूर से नजर आ जाता था। अब यह दौर समाप्त हो गया है। यह सभी मनमर्जी की पोशाक धारण करके रोडवेज का संचालन कर रहे हैं। ऐसे में रोडवेज की बसों में सफर करने वाले यात्रियों को परिचालकों को पहचानने में परेशानी होती है।

## बिना टैक्स चुका दौड़ रहे बाहरी राज्यों से पंजीकृत वाहन

**गाजीपुर।** जिले में सड़कों पर सैकड़ों की तादाद में बाहरी राज्यों से पंजीयन कराने वाले वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे है, लेकिन अभियान को छोड़कर उनके कागजात के बारे में न तो यातायात पुलिस और ना ही परिवहन जांच करता है। ऐसे में परिवहन विभाग को हर साल लाखों रुपए के टैक्स का नुकसान हो रहा है। पुलिस व परिवहन विभाग की शिथिलता का फायदा कुछ वाहन चोर भी उठा रहे है। कुछ लोग बाहरी राज्यों से नम्बर वाले वाहनों का उपयोग संदिग्ध गतिविधियों के लिए भी कर रहे है। जिले में होकर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले कुछ तस्कर भी बाहरी राज्यों के नम्बर वाले वाहन या बिना नम्बर वाले वाहन का उपयोग कर रहे है। पुलिस की ओर से पीछा करने पर वे या तो वाहन को भगा ले जाते है या फिर वाहन छोड़कर भाग जाते है। जिले में इन दिनों बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात, पंजाब, कर्नाटक, आंध प्रदेश,छत्तीसगढ, दिल्ली समेत अन्य राज्यों के हजारों वाहन धड़ल्ले से चल रहे है।



















# फिजी में हिन्दी का हासिल

**जनसंपादकीय**

## बिहार: अब सत्ता संघर्ष अगड़ा बनाम पिछड़ा नहीं, पिछड़ा बनाम पिछड़ा है

**शशि शेखर**



मंडल कमिशन लागू होने के 3 दशक बाद, यह सवाल भी उठना लाजिमी है कि क्या अब सत्ता का संघर्ष अब उन्हीं के बीच होना शुरू हो गया है, जो कभी कंधे से कंधा मिला कर बिहार की सत्ता से अगड़ी जातियों को हटाने के लिए मोर्चा निकालते थे. खुद को कर्पूरी ठाकुर का शिष्य बताने वाले लालू यादव हो या नीतीश कुमार या स्वर्गीय रामविलास पासवान, इन सभी लोगों की मंडलवादी राजनीति इसी बात के लिए थी कि कैसे बिहार में बहुसंख्यक जाति का राज पूरे हनक के साथ कायम हो. लेकिन, 15 साल के लालू शासन के दौरान ही, नीतीश कुमार या स्वर्गीय राम विलास पासवान के रास्ते अलग होते चले गए. हालांकि, तब इस अलगाव का कारण विशुद्ध निजी पॉलिटिकल महत्वकांक्षा थी न कि किसी प्रकार के सोशल चेंज का असर.

आज के बिहार में करीब-करीब जाति आधारित कोर वोट के दम पर कई पार्टियां बन चुकी है. चाहे मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी हो, पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी हो, मांझी की हम हो या फिर अब उपेन्द्र कुशवाहा की नई पार्टी. इन सबकी भी निजी महत्वाकांक्षा है लेकिन 3 दशक के सोशल चेंज का असर भी अब साफ दिखने लगा है.

इस सब के बीच एक तथ्य यह भी है कि उपेन्द्र कुशवाहा पहले भी रालोसपा बना कर भाजपा के साथ मिल कर चुनाव लड़ चुके है. उसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी का विलय जद(यू) में कर लिया था. लेकिन, मामला वहाँ से बिगड़ना शुरू हुआ जबसे नीतीश कुमार ने यह कहना शुरू किया कि 2025 चुनाव का कमान तेजस्वी संभालेंगे. जाहिर है, उपेन्द्र कुशवाहा ने जिस उम्मीद में अपनी पार्टी का विलय जद (यू) में किया था, वह उम्मीद इस अकेले बयान ने ध्वस्त कर दिया. जाहिर हैं, उपेन्द्र कुशवाहा टिकट बांटने वाले हैसियत के नेता हैं, जो एक टिकट के लिए नीतीश कुमार या तेजस्वी यादव के भरोसे नहीं रह सकते थे. फिर, नीतीश कुमार की मुखालफत कर पार्टी से एक टिकट तक लेना कितना कठिन है, यह जार्ज फर्नांडीज से ले कर शरद यादव तक के केस में लोगों ने देखा है. ऐसे में, उपेन्द्र कुशवाहा के पास और क्या विकल्प हो सकता था?

बिहार के एक क्षेत्रीय दल के नेता इन पंक्तियों के लेखक के साथ अनौपचारिक बातचीत में कहते है कि वन्द्योपाध्याय कमेटी की रिपोर्ट को देखना चाहिए. वे दावा करते हैं कि इस कमेटी के अनुसार बिहार में पिछले 30 सालों में जमीन का सबसे ज्यादा हस्तांतरण यादवों और कुर्मी के हाथों हुआ है. तो राजनीति और आर्थिक (जमीन के मामले में भी) जब यही दो जातियां लगातार मजबूत होती गयी है, तो अन्य ओबीसी जातियों के बीच इसे ले कर बेचैनी होगी. और शायद यह भी एक बड़ी वजह है कि सत्ता में अब अधिक से अधिक हिस्सेदारी के लिए जातीय अस्मिता के नाम पर राजनीतिक दलों का गठन होने लगा है. लेकिन कुछ दलित चिंतक यह भी मानते है कि असली लड़ाई अभी भी बैकवार्ड बनाम फॉरवर्ड ही है. अभी भी संसाधनों के बंटवारे का आंकलन किए जाने की जरूरत है और इस बात का असेसमेंट होते रहना चाहिए कि जातीय अस्मिता के आधार पर बनने वाली पार्टियों के एजेंडा में सोशल जस्टिस शामिल है या नहीं.

बहरहाल, उपेन्द्र कुशवाहा और नीतीश कुमार की जोड़ी कभी बिहार की राजनीति में लव-कुश (कोइरी-कुर्मी) की जोड़ी मानी जाती थी. लालू यादव के खिलाफ नीतीश कुमार की मुनादी में इस समीकरण का एक बड़ा योगदान रहा है. लेकिन, नीतीश कुमार कुर्मी जाति से आते हैं, जिसका बिहार की जनसंख्या में तकरीबन 4 से 5 फीसदी की हिस्सेदारी है जबकि उपेन्द्र कुशवाहा जिस जाति से आते हैं उसकी हिस्सेदारी 8 से 9 फीसदी है. और निश्चित ही उपेन्द्र कुशवाहा यह जानते होंगे कि चुनावी लोकतंत्र में सिर गिने जाते है, तौले नहीं जाते. फिर भी एक समय तक नीतीश कुमार इस समीकरण के निर्विवाद नेता रहे. लेकिन सत्ता के शीर्ष में हिस्सेदारी का विवाद ही था कि एक सीमा के बाद यह समीकरण टूटता चला गया. हालांकि, जातीय अस्मिता या जातीय हिस्सेदारी के आधार पर दल बना कर उपेन्द्र कुशवाहा कितना राजनीतिक लाभ ले पाएंगे या 2024 के लोक सभा चुनाव में वे एक बार फिर भाजपा के एजेंडे को मजबूत बनाने का काम करेंगे, इसका जवाब आने वाले समय में पता चलेगा लेकिन 1990 के बरक्स 2023 के बिहार की राजनीतिक तस्वीर इस बात का संकेत है कि अब लड़ाई ह्लअपनोंह्व के बीच ही है.

उपेन्द्र कुशवाहा प्रकरण और इस बहाने सत्ता के लिए ओबीसी बनाम ओबीसी संघर्ष का मुद्दा और कई चिंताएं भी अपने साथ ले कर आता है. मसलन, सांप्रदायिकता और धार्मिक ध्रुवीकरण का जवाब कभी भी जातीय ध्रुवीकरण से नहीं दिया जा सकता है. सांप्रदायिकता को रोकने के लिए जाति को हथियार बनाने की कोशश भी मूर्खता ही मानी जाएगी. यह वैसा ही होगा जैसे आग से आग को बुझाने की कोशिश की जाए. सांप्रदायिकता की आग से जल रहे देश को जातिवाद की आग से बचाया नहीं जा सकता बल्कि और यह जलेगा ही. बिहार में कुछ क्षेत्रीय दल इसी तरह की आग लगाना चाहते है और 90 के दशक का बिहार (जातीय संघर्ष) बनाना चाहते है. इस वक्त बिहार में जो हो रहा है उससे ओबीसी बनाम ओबीसी का टकराव भी बढेगा, लेकिन ऐसा होना बिहार के हित में कभी भी अच्छा नहीं होगा. क्या यह अच्छा होगा कि कुशवाहा-कुर्मी को लड़ा दिया जाए या दलित-महादलित को लड़ा दिया जाए?

बहरहाल, बिहार में 90 का दशक जहां इस बात का गवाह रहा कि कैसे सत्ता के संघर्ष में पिछड़ों ने एकजुट हो कर अगड़ों को शिकस्त दी. 90 के बाद से तकरीबन यह साफ हो गया कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी. इस लिहाज से सत्ता का शीर्ष एक तरह से ओबीसी के लिए पिछले 33 सालों से रिजर्व होता दिखा. लेकिन, अब यह संघर्ष ओबीसी के बीच तक जा पहुंचा है. यह एक ऐसी सच्चाई हैं, जिस पर राजनीतिक बाध्यता के कारण भले कोई खुल कर कुछ न कहना चाहे, लेकिन मौजूदा बिहार में ऐसा हो रहा है. बिहार महागठबंधन के लिए आने वाले चुनावों में ओवैसी फैक्टर, चिराग फैक्टर और अब कुशवाहा फैक्टर, का सामना करना पहले से कहीं बड़ी चुनौती साबित हो सकती है.

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

---

**देशांतर**

**प्रो संजीव कुमार दुबे**



दक्षिण प्रशांत महासागर के मध्य स्थित फि जी के दिनाराउ द्वीप के सात सितारा शेरेटन होटल में १२ वें विश्व हिन्दी सम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। एयरपोर्ट से आयोजन स्थल तक बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए गए थे, जिनमें फिजी भाषा में बुला और हिन्दी में लिखा नमस्ते आगंतुकों को आयोजन स्थल पर आमंत्रित कर रहे थे। फि जी विधि-विधानों से उद्घाटन के साथ तीन दिवसीय विश्व हिन्दी सम्मेलन की शुरूआत हुई। सभागृह विश्व भर के हिन्दी प्रेमियों से खचाखच भरा था। पीछे बड़ी संख्या में लोग खड़े भी दिखाई दिए। स्थानीय फीजियन कर्मकाण्डों के साथ उद्घाटन समारोह को देखना एक अलग अनुभव था। कर्मकांडों को देख नाक-भौं सिकोड़ने की जगह समावेशिकता का भाव सभी में दिखाई दिया। उद्घाटन समारोह को देखते हुए हिन्दी फि ल्मों में चित्रित आदिवासी समाज के क्रिया कलाप के दृश्य याद आ रहे थे। मंच पर फि जी राष्ट्रपति और भारत के विदेश मंत्री उपस्थित थे। दोनों विनम्रतापूर्वक कर्मकांडीय विधानों का अनुपालन कर रहे थे। भारतीय प्रतिनिधि मंडल में आए लगभग तीन सौ लोगों को दिनाराऊ द्वीप के विभिन्न महँगे होटलों में ठहराया गया था। ये लोग उन भाग्यशालियों में थे जिन्हें दस फरवरी को अपराह्न में प्रतिनिधि मंडल में शामिल किए जाने की सूचना दी गई और तेरह फरवरी की सुबह विशेष विमान से फिजी चलने के लिए एयरपोर्ट पर पहुँचने का आग्रह किया गया था।

आयोजन के तीनों दिन बड़ी संख्या में भारतीय और फि जी मूल के स्वयंसेवक आवभगत में लगे रहे। महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक थी। महिलाओं और पुरुषों ने अपने एक कान में फूल सजा रखे थे जो रूप की शोभा बढ़ाने के साथ संकेतक का भी काम कर रहे थे। उत्सुकता जाहिर करने पर एक स्थानीय महिला स्वयंसेवक ने बताया कि यदि किसी ने बाएँ कान पर फूल सजा रखे हैं तो इसका मतलब वह अविवाहित है और यदि दाएँ कान पर फूल सजे हैं तो समझिए कि विवाहित। उद्घाटन की रस्मों के बाद भाषण और प्रपत्र प्रस्तुति का सिलसिला शुरू हुआ। सत्रों में अफरातफरी का माहौल देखा गया। समानांतर सत्रों में किसे कहाँ बोलना है इसकी स्पष्टता नहीं थी। विश्व हिन्दी सम्मेलन की वेबसाइट पर भी कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। आयोजन समिति से जुड़े लोगों ने सोशल मीडिया पर गर्व से घोषित किया कि मैंने तैयारी अमुख विषय पर की थी और बोलने के लिए विमुख सत्र में कहा गया है। विनम्रता का आलम यह था कि नये विषय की विशेषज्ञता और तैयारी के न होते हुए भी वे अतिरिक्त समय लेकर बिना रुके बोलते रहे, तो कुछ लोग खाली मंच के पोडियम पर फोटो खिंचवा कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते देखे गए। सम्मेलन का मूल विषय 'पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक' रखा गया था पर सत्रों के विभाजन और वक्ताओं के चयन में मूल विषय से संगति का घोर अभाव था। जहाँ एक तरफ सरकारी प्रतिनिधि मंडल को सात सितारा सुख-सुविधा प्राप्त थी वहीं विदेश मंत्रालय के आग्रह पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा नामित प्रतिनिधियों और सामान्य प्रतिभागियों को विश्व हिन्दी सम्मलेन की वेबसाइट पर उल्लेख के बावजूद एयरपोर्ट और होटल से आयोजन स्थल तक ले जाने और लौटाने की व्यवस्था के बारे में बताने को कोइ तैयार नहीं था। विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन का आयोजन 1975 से आरंभ हुआ है। अब तक कुल १२ आयोजन हो चुके हैं। प्रत्येक आयोजन में कुछ प्रस्ताव पारित होते हैं पर उनके कार्यान्वयन पर गंभीरता का अभाव आयोजन को कर्मकांड तक सीमित कर देता है।

भारत और फि जी द्वीप समूह का रिश्ता लगभग डेढ़ सदी पुराना है। माना जाता है कि यूरोपीय औपनिवेशिक देशों द्वारा फि जी पर आधिपत्य के पहले अफ्रीकी मूल के लोग यहाँ आकर बसे थे। 1874 में ब्रिटेन ने फि जी को अपना उपनिवेश बना लिया और गुलाम देशों के नागरिकों को फि जी भेजने का सिलसिला शुरू हुआ। 14 मई, 1879 को पहला ब्रिटिश जहाज विभिन्न भाषा भाषी भारतीय मजदूरों को लेकर फि जी पहुँचा था। 1879 से 1916 के बीच 87 जहाजों में भरकर लगभग 61000 भारतीयों को शर्तबंदी मजदूर के रूप में गन्ने के खेतों मे काम करने के लिए लाया गया। इन मजदूरों में हिन्दी प्रदेशों के अवधी, भोजपुरी अंचल के गिरमिटियों की बहुतायत के साथ अन्य अहिन्दीभाषी मजदूर भी थे। भारतीय गिरमिटिया मजदूरों की एकता, भाईचारे और संस्कृति की भाषा के रूप में 'फि जी बात' यानी फि जी हिन्दी का विकास हुआ। आज फि जी हिन्दी फि जी द्वीप समूह की तीसरी राजभाषा है। फि जी के कई रेडिओ चैनलों पर हिन्दी के गीत लगातार सुनाए जाते हैं। फि जी की कई टैक्सियों में यात्रा के दौरान फगुआ-चौताल सुनने का भी मौका मिला। टैक्सी ड्राइवर सतीश चंद ने बताया कि बसंत पंचमी के बाद से ही मुहल्ले में फगुआ चौताल गाने की शुरूआत हो जाती है। डेढ़ सदी बाद भी बिरहा, चौताल, फाग, बिदेसिया, सोहर, लोरी और आल्हा जैसे मूल भूमि के लोक गीतों से अटूट जुड़ाव ह्रदय को अभिभूत कर देता है।

भारत में अंग्रेजों का शासन आरंभ होने से लेकर 1920 तक भारतीय क्षेत्रों से शर्तबंदी मजदूरों को विभिन्न उपनिवेशों पर खेती करने के लिए ले जाया गया। अनुबंध तो पाँच साल का किया गया था पर आर्थिक परिस्थितियों के दबाव और जानकारी के अभाव के चलते ज्यादातर लौट नहीं पाए। भारत में यह वो दौर था जब निम्न-मध्य वर्ग के लोगों में विदेश यात्रा को अच्छा नहीं माना जाता था। जिन्हें गिरमिटिया के तौर पर ले जाया गया वे विभिन्न भाषा क्षेत्रों के थे। समाजिक-आर्थिक कारणों से ज्यादातर निम्न जाति और वर्ग से ताल्लुक रखते थे। इनके लिए लौट कर अपने समाज में पुनः जगह बनाना इतना आसान नहीं रहा होगा। लिहाजा समुद्री द्वीपों को अपना वतन मान वे वहीं बस गए। भाषा, धर्म और रीति रिवाजों का कड़ाई से पालन ही वतन से दूरी पाटने का जरिया बना। आर्य प्रतिनिधि सभा, सनातन धर्म सभा जैसी संस्थाओं ने भी इनके बीच कार्य किया। इन संस्थाओं ने गिरमिटियों का आध्यात्मिक नेतृत्व किया। अपनी सामाजिक-वर्गीय स्थिति के कारण इन लोगों ने शारीरिक परिश्रम करने में कोई कमी नहीं की। अपने अपने देशों में विकास के लिए इन लोगों ने अपना खून-पसीना बहाया। राजनीतिक स्तर पर भी इन्हें सफलता मिली। कई देशों में गिरमिटियों की पीढ़ी के लोगों ने देश का शीर्ष नेतृत्व भी संभाला। फि जी में तोताराम सनाढ्य, अमिचंद्र विद्यालंकार, कमला प्रसाद मिश्र, जोगिंदर सिंह कँवल, विवेकानंद शर्मा, अमरजीत कौर और सुब्रमनी ने हिन्दी भाषा की अलख जगाई। तोताराम सनाढ्य गांधी जी के अनन्य अनुयायी थे। गिरमिटियों के अधिकारों के लिए उन्होंने बहुत काम किया। ह्लफि जी द्वीप में मेरे २१ वर्षह्व नामक पुस्तक में उन्होंने भारतीयों पर किये जा रहे जुल्मों का कच्चा चिट्ठा सबके सामने रखा। फि जी में गिरमिट प्रथा की समाप्ति में उनकी पुस्तक की बड़ी भूमिका है। अमिचंद्र विद्यालंकार ने फि जी में भारतीयों के लिए शिक्षा की व्यवस्था का प्रारंभिक प्रयत्न किया।पंडित कमला प्रसाद मिश्र को फि जी का राष्ट्र कवि कहा जाता है। उनकी रचनाओं में भारतीय मजदूरों की फि जी यात्रा और उनके संघर्षों की वेदना का चित्रण है। मूलतः मलयाली सुब्रमनी के हिन्दी के पितामह का दर्जा प्राप्त है। 'डउका पुरान' और 'फि जी मां' उनकी उल्लेखनीय कृतियाँ है। वर्तमान में उत्तरा गुरुदयाल, मनीषा रामरखा, सुभाषिणी, प्रवीणा, नरेश चंद, रोहिणी कुमार, श्यामला आदि हिन्दी अध्यापन और लेखन में सक्रिय हैं।

भाषा मानव समुदायों को कैसे जोड़ती है इसका उत्कृष्ट नजारा फि जी में देखने को मिलता है। भारत के विभिन्न प्रांतों से गिरमिटिया के रूप में फि जी लाए गए मजदूरों की एक भाषा नहीं थी। अमानवीय ब्रिटशों ने गुलाम देशों से लाए मजदूर दंपतियों तक को अलग-अलग समूहों में मजदूरी के लिए भेजा। जो जिस मालिक के खेतों में काम करने गया उसने वहाँ एक नई ज़िंदगी शुरू की। भाषा ही नहीं नस्ल का भेद भी उन्हें नई ज़िंदगी शुरू करने से नहीं रोक सका। परिणामतः सब एक दूसरे से न सिर्फ.घुलमिल गए बल्कि उन्होंने हिन्दी को अपनी भाषा के रूप में अपना लिया जिसमें मुख्यतः अवधी की शब्दावली इस्तेमाल होती है। भारत में विभिन्न भाषा-भाषियों के बीच राजनीतिक कारणों से तनाव पैदा करने की कोशिश होती है पर यहाँ भाषा, धर्म और नस्ल तक को हिन्दी जोड़े हुए है। फि जी में पहले बसनेवाले अफ्रीकियों की बस्ती में एक अफ्रीकी मूल के व्यक्ति को हिन्दी बोलते सुन मन आह्लादित हो गया। फि जी के किसी चौक, चौराहे, दुकान-बाजार में लोग हिन्दी बोलते लोग मिल जाएँगे। यहाँ के लोगों में भारत के प्रति एक उत्सुक स्नेह भाव है। तीसरी-चौथी पीढ़ी के भारतीय फिजियों को यह नहीं पता कि उनके पूर्वज भारत के किस राज्य या ज़िले से लाए गए थे। इसका एक कारण उनके पूर्वजों का छोटी उम्र का और निरक्षर होना था। बावजूद इसके वे तुलसी के रामचरितमानस को अपने साथ लाए थे। गोरे मालिकों के अमानवीय अत्याचारों को दिन भर सहने के बाद भी शाम को मानस का पाठ करना वे नहीं भूलते थे। आज फि जी में लगभग दो हजार मानस पाठ करनेवाली मंडलियाँ हैं। कहने में अतिशयोक्ति नहीं कि तुलसी के रामचरितमानस ने फि जी में भारतीयों को न सिर्फ. सांस्कृतिक रूप से जोड़ा अपितु हिन्दी भाषा की मजबूत बुनियाद रखी। यह जानना रोचक है कि दुनिया भर में तिथि का निर्धारण करनेवाली अंतरराष्ट्रीय डेटलाइन फि जी से होकर गुजरती है। सुदूर पूरब में होने के कारण भारत से साढ़े छह घंटे पहले फि जी में सूर्योदय होता है। यदि फि जी के सूर्योदय और और मारीशस के सूर्यास्त के बीच दिन का मान निकाला जाए तो कह सकते हैं कि हिन्दी का सूरज दिन के बीस घंटे जगमगाता है।



भारतीय मूल के फीजियों की आबादी बहुत बड़ी असमानता की शिकार है। कुछ भारतीय यहाँ बहुत बड़े-बड़े उद्योगों और मालों के मालिक हैं तो बड़ी संख्या उन लोगों की है जो आज भी लीज पर ली जमीनों पर खेती कर रहे हैं या छोटी मोटी नौकरी कर गुजारा कर रहे हैं। न उनके पास अपनी जमीन है न अपनी जमीन पर मकान। आसमान तब भी उनका था और आज भी आसमान सा खालीपन उनकी आँखों में देखा जा सकता है। दो दिनों से फि जी घुमा रहे टैक्सी ड्राइवर सतीश चंद को हमने तीन सौ तीस डालर का भुगतान किया। फि जी के बाजारों में छोटी मोटी जरूरतों का सामान खरीदते हुए हमने जाना कि इस कमाई से पाँच लोगों का उनका परिवार बड़ी मुश्किल से ही चलता होगा। सतीश चंद का अपने पिता के प्रति प्रेम देख हम भावुक हो उठे। यात्रा के दौरान हमने उन्हें खाखरा खाने को दिया जो उन्हें पसंद आया। जब हमने दुबारा लेने का आग्रह किया कि तो उन्होंने बड़े संकोच से एक खाखरा अपने पिता के लिए लेकर रख लिया। सतीश चंद पुराने हिन्दी सिनेगीतों में गहरी रुचि रखते हैं। मुकेश और किशोर कुमार के गाए नग्मों को आप उनसे कभी भी सुन सकते हैं। फि जी में पर्यटन आय का प्रमुख स्रोत है। भारतीय मूल के लोगों की बड़ी आबादी के बावजूद भारतीय पर्यटक बहुत कम फि जी आते हैं। यहाँ पर्यटन के लिए आनेवालों में ज्यादातर आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान और अमेरिका के होते हैं। फि जी के दर्शनीय समुद्री तटों और द्वीपों पर होटल व्यवसायियों ने कब्जा कर रखा है। होटल वालों ने प्रायवेट बीच बना रखे हैं जो सिर्फ. होटल में निवास करनेवाले पर्यटकों के लिए सुलभ हैं। हमारा होटल वायलोआलोआ बीच पर स्थित था। वायलोआलोआ का मतलब काला पानी होता है। काली रेत होने के कारण पानी का रंग गहरा स्लेटी है। नातंडोला फि जी का सबसे बड़ा और खूबसूरत बीच है। गुजरातियों की फि जी में बहुत समृद्ध आबादी है। ये लोग गिरमिटिया के रूप में नहीं बल्कि व्यवसायी के रूप में यहाँ आए थे। इनकी भी दूसरी और तीसरी पीढ़ी व्यापार संभाल रही है। जो गिरमिटिया मजदूरी करने आए उनमें से कई भारत इसलिए नहीं लौट सके कि उनके पास किराये तक की पूँजी नहीं थी। आज वे अपने पूर्वजों की भूमि तक से परिचित नहीं हैं। जबकि व्यवसाय से जुड़े भारतीय अपने राज्य और समाज से गहरा जुड़ाव रखते हैं। शादी विवाह जैसे पारिवारिक आयोजनों में दोनों तरफ से आवाजाही निरंतर बनी हुई है। फि जी के कुछ इलाकों में समृद्ध भारतीय व्यवसायियों से ईर्ष्या और द्वेष की भावना भी देखी जाती है। एक स्थानीय व्यवसायी ने बताया कि भारत के लोग सामने और पीठ पीछे एक जैसा बर्ताव नहीं करते जबकि यहाँ के मूल निवासी सहज विश्वासी और अपनी बात पर अडिग रहते हैं। मूल फि जी समाज और भारतीय मूल के फीजियों के बीच भाईचारे की स्थिति है। मूल फीजियों मे सामाजिक खुलापन अधिक है। नैतिकता के बंधन उतने कड़े नहीं हैं। जबकि भारतीय मूल के लोगों में नैतिक बंधन अभी भी काफी कठोर हैं। यही कारण है कि भारतीय मूल के लोग स्थानीय फीजियों से एक सांस्कृतिक दूरी बरतते हैं। बावजूद इसके एक ही फि जी परिवार में एक साथ हिन्दू, मुसलिम और ईसाई धर्म का पालन करने वाले सहजता से मिल जाएँगे।

फि जी के स्कूलों और कॉलेजों में हिन्दी के प्रति रुझान कम हो रहा है। फि जी में भारतीय मूल के लोगों की चौथी पीढी तक के लिए हिन्दी अपने पूर्वजों की संस्कृति और संस्कारों से जुड़ाव की भाषा रही, पर अब उसे रोजगार और कैरियर से जोड़ कर देखा जाने लगा है। सम्मेलन के एक स्टॉल पर रिया ऋषिका से मुलाकात हुई। वह बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा है। अपनी संस्कृति और संस्कारों से गहन लगाव की भावना के चलते उसने हिन्दी विषय में स्नातक करने का निश्चय किया। रिया को उनकी निरक्षर माता ने हिन्दी में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। रिया की माता गृहिणी हैं और पिता इलेक्ट्रीशियन। रिया की शिक्षिका सुभाषिनी लता ने बताया कि अब भारतीय अभिभावकों की रुचि बच्चों को हिन्दी पढ़ाने में नहीं रही। उन्होंने बताया कि फि जी में विद्यार्थियों को प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी चुनने का विकल्प दिया जाता है। फि जी के तीनों विश्वविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर हिन्दी पढ़ाई जाती है। फिजी के दुसरे बड़े महानगर लौतोका में गिरमिट संस्कृति केंद्र की स्थापना फि जी में गिरमिटियों के आगमन की एक शताब्दी पूरी होने पर 1979 में की गई थी। काउंसिल की स्थापना में हिन्दुओं, मुसलमानों, ईसाइयों और सिखों की संस्थाओं ने सामूहिक रूप से सहयोग दिया है। 1981 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी ने इस केंद्र का उद्घाटन किया था। वहां पहुँचने पर पता चला कि गिरमिटिया मजदूरों के जीवन से जुड़ी कोई स्मृति संग्रहित नहीं है। केंद्र के सचिव ने बताया कि यह केंद्र दोनों देशों की सरकारों की उपेक्षा का शिकार है। यह केंद्र फि जी गिरमिट काउंसिल के द्वारा संचालित है जिसकी स्थापना केंद्र के सचिव की ज़िम्मेदारी संभाल रहे तमिल भाषी सेल्वा नंदन ने शुद्ध हिन्दी में बताया कि उन्होंने केंद्र को उसके उद्देश्यों के अनुरूप विकसित करने के लिए अनुदान हेतु फि जी और भारत की सरकारों को कई बार लिखा पर उनके पत्रों की नोटिस तक नहीं ली गई। नंदन जी बताते हैं कि केंद्र के लिए आबंटित जमीन का बड़ा टुकड़ा विकास की राह देख रहा है।

फि जी के गिरमिटियों का कष्ट अभी कटा नहीं है। अभी भी निम्न-मध्य आय वाले भारतीय फीजियों की आबादी अधिक है। अभी तक भाषा और संस्कृति के जतन से अपनी जड़ों से जुड़े होने का गर्व और गौरव भाव जो पिछली पीढ़ी तक बना आया था वह नई पीढ़ी से नदारद होता जा रहा है। गिरमिटिया देशों में विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन का सांस्कृतिक महत्व अधिक है। ये ज्यादातर छोटे देश हैं। इन देशों की भारतीय मूल की आबादी में भारत अपनी भाषा और संस्कृति का प्रचार सहजता से कर सकता है। यहाँ के विद्यार्थियों को भारतीय शैक्षिक संस्थानों में अध्ययन एवं शोध के लिए फेलोशिप का विशेष प्रावधान किया जा सकता है। एक स्थानीय फि जी अध्यापिका ने बताया कि भारत सरकार फि जी को कई तरह की मदद देती है।

भारत को अपनी मदद के दायरे में भाषा और संस्कृति को भी लाना चाहिए। भाषा और संस्कृति से जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों और संस्थाओं के लिए भी ठोस मदद की जानी चाहिए। ऐसा कर के भारत गिरमिटिया देशों की नई पीढ़ी में अपने मूल वतन के प्रति प्यार और सम्मान की भावना जगाई जा सकती है। विश्व की पाँचवीं महाशक्ति की दहलीज पर खड़े भारत को अपने सॉफ़्ट पॉवर पर भी ध्यान देना होगा। फि जी, मॉरीशस आदि भारतीय मूल की आबादी वाले देशों में भारतीय भाषाओं और संस्कृति के विकास के लिए विशेष पैकेज का प्रावधान करना चाहिए। भूलना नहीं चाहिए कि महाशक्तियाँ अपनी भाषा और संस्कृति के फैलाव के लिए हरसंभव प्रयास करती हैं।


फि जी वासी लंबे समय से विश्व हिन्दी सम्मेलन के आयोजन की प्रतीक्षा कर रहे थे। कोरोना महामारी की वजह से आयोजन में विलंब हुआ। विश्व हिन्दी सम्मेलन का फि जी में आयोजन यहाँ के लोगों को न सिर्फ. भाषा से जोड़ने में सहायक होगा अपितु भारतीयता की भावना को भी मजबूत करेगा। यह आयोजन दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों को नये आयाम देने में सहायक होगा। आयोजन के दौरान भारतीय फि जी भाइयों का उत्साह चरम पर था। लोग एक दूसरे से मिल रहे थे और अपने संपर्क नंबर साझा कर रहे थे। सभागृहों के भीतर से ज्यादा बाहर का माहौल जीवंत था। सब एक दूसरे के साथ फोटो खिंचाने और सेल्फी लेने में व्यस्त दिखे। तीन दिनों में लोग एक दूसरे से ऐसे घुल मिल गए थे कि गले लग कर विदाई लेते लोगों की आँखें नम होने लगी थीं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**भारत के विभिन्न प्रांतों से गिरमिटिया के रूप में फि जी लाए गए मजदूरों की एक भाषा नहीं थी। अमानवीय ब्रिटशों ने गुलाम देशों से लाए मजदूर दंपतियों तक को अलग-अलग समूहों में मजदूरी के लिए भेजा। जो जिस मालिक के खेतों में काम करने गया उसने वहाँ एक नई ज़िंदगी शुरू की। भाषा ही नहीं नस्ल का भेद भी उन्हें नई ज़िंदगी शुरू करने से नहीं रोक सका।**

---

**व्यंग्य**



## विकास का व्याकरण

**आभा सिंह**

बड़े दिनों बाद विकास आया। विकास जब भी आता था मुझे खुशी होती। वह आते ही दरवाजे पर खड़ा होकर अपनी बढ़ी हुई मुस्कान फैला देता। विकास मेरे पड़ोस में रहने वाले लड़के का नाम है। विकास के नाम पर एक वही था जो वहाँ था। मैंने उसका स्वागत करते हुए सवाल किया कि-कैसे हो विकास ? तुम तो आजकल नजर ही नहीं आते,कहां रहते हो?

मेरे सवालों से वह थोड़ा सकुचा गया। लगा जैसे मैंने किसी आत्मनिर्भर के स्वाभिमान पर चोट की हो। वह सकुचाता हुआ बोला- दीदी आजकल मुझे लेकर इतना भ्रम है कि मैं होकर भी नहीं होता हूँ।

मुझे विकास के हाल पर हंसी आ गई। मैंने अपने साहित्यिक रस को निचोड़ते हुए कहा कि- इसमे दोष तुम्हारा नहीं है। हालिया हुलिया ही कुछ ऐसा है।

मुझे हँसता देख वह फिर मुस्कुरा दिया और बोला- वैसे कुछ दिनों के लिए मैं शहर से बाहर गया था।

मैंने कहा वाह,यह तो बहुत बढ़िया है कि तुम आज यहाँ तो कल वहाँ होते हो। यह बताओ कि कैसा अनुभव रहा। कुछ अनोखा अलग सुना या वही विकास सी बाते।

वह लंबी सांस लेकर बोला-जहां जाना था वह तो खास नहीं था लेकिन जहां से जाना था वह भी आम नहीं था।

विकास का यह वर्णन मुझे वैसा ही लगा जैसा एयरपोर्ट पर बैठे बैठे स्क्रेच कार्ड खुरचने पर लगता है। मतलब,अजीब। विकास को और कुछ समझे ना समझे यह बराबर समझता था कि कहाँ गतिरोध है।

वह मुझे समझाते हुए बोला- दीदी ऐसा है कि कुछ ही दिनों पहले मेरा एक महाविकसित अति आधुनिक सड़क से गुजरना हुआ। गुजरना क्या कहें,बस गुजरते गुजरते बचे। सुविधाओं का ऐसा तांता लगा कि अभाव दूर होते होते रह गया। मुझे कई बार खयाल आया कि हर जगह अंडे और मुर्गी वाली समस्या बरकरार है। यह खयाल तब आया जब मेरे तज्ञ वाहन चालक ने मुझे अविज्ञ समझकर कहा कि ह्न सर यह रास्ते बहुत समृद्ध है,गाड़ी के चक्के इनके साथ ताल मेल नहीं बैठा पाते। मैंने भी कह दिया कि-समृद्ध हो चुके रस्तों के चलते इतना तो तय है कि अब कोई ना कोई गाड़ी को या गाड़ी के चक्कों को इसी के अनुसार परिपक्व करेगा। अगर ऐसा हो गया तो यह आधुनिक रास्तों के लिए वरदान होगा।

तज्ञ और विज्ञ का यह संभाषण समाचार सुनकर मैंने कहा- सही है, हमने तो देखा भी है कि वरदान के बूते खानदान बियाबान से निकलकर पहचाना जाता है। घर भरापूरा हो ना हो पूरा भरा जरूर होना चाहिए। घर का तो जो हो सो हो सड़कों ने जरूर अपनी समृद्धि पा ली।

मुझे अचानक से लगा कि यह वो विकास नहीं है जो सिर्फ हुआ करता था। यह आज का विकास है जो सोचने को मजबूर कर देता है कि ह्लऔर क्या क्या हो सकता है।ह्व सोच को विकसित करने की आवश्यकता है। तब तक देख परखकर चलते है।

इस वातार्लाप के कुछ ही दिन बाद मैंने किसी को कहते सुना कि ह्लइस विकास का भला क्या किया जाए।ह्व समझते देर तो लगी कि सभी का विकास एक जैसा नहीं होता। जैसे,जो इन वातार्लापकारियों का विकास है वह मेरा नहीं है। मन किया कि तुरंत कहूँ कि ह्लविकास का भला क्या किया जा सकता है।ह्व इससे भी ज्यादा हैरतअंगेज तो यह था कि किसी ने विकास को मुहावरा बना दिया। बेचारा! पूरा वाक्य भी नहीं बन पाया,वाक्य का सहचर बन गया। शायद इसीलिए कहा गया होगा कि अब इस विकास का क्या ही होगा। यह सारा खेल व्याकरण का है। बेचारा विकास समझ ही नहीं पाया कि कब वह अभिधा से हटकर व्यंजना और लक्षणा का शिकार हो गया। संज्ञा की अपनी अलग ही समस्या।

विकास के प्रपंचो के चलते मेरे पड़ोस में रहने वाला लड़का बड़ा भयभीत था। उसका नाम विकास जो था। वह घबराकर एक दिन मेरे पास आया। शक्ल बिलकुल ऐसी मानो अभी अभी जमानत जब्त हुई है। मुझसे बोला-दीदी मेरे जन्मदाता तो बेचारे यह मुराद लिए लिए ही चल बसेंगे कि ह्लबेटा हमारा बड़ा नाम करेगा।

मैंने थोड़ा थोड़ा संयम रखते हुए कहा कि- देखो जैसा तुम्हारा नाम है वैसा अगर तुम्हारा काम भी हो तो माता पिता की संभावनाएं तो वैसे ही समाप्त हो जाती है। और यह तुम्हारा दोष है भी नहीं। तुम तो निर्दलीय उम्मीदवार हो।

लड़के का नाम विकास होने के बावजूद उसमें थोड़े बहुत संस्कार अभी बाकी थे। वह तुरंत अपने पालकों का पक्ष लेते हुए बोला- दीदी जब मेरा नाम रखा गया तब विकास कहां होता था। उस दौर को देखते हुए तो एक बेहतरीन नाम का निष्कर्ष था मेरा नाम। यह तो क्रान्ति हुई और ना जाने क्यों और कहां से विकास आया और थम सा गया। और अब हालात ऐसे है कि जैसे जैसे विकास होने लगा वैसे वैसे वह बदनाम होता गया।

इस विकास की समस्या से मैं चिंतित थी। मुझे चिंतित देखकर वह प्रतिक्रिया देने लगा- दीदी देखो विकास में और चिंता में यह स्वभावगत दूरी है कि हम यह ना कहें कि विकास चिंता के समान है।

वह आगे बोला-अब आप खुद ही सोचो,पहले जैसे ही किसी सड़क का भूमिपुजन होता था वहां के लोगो में उत्साह का संचार पूरे दल के साथ दखल देता था। अब देखिए इधर गड्ढा खुदता नहीं है कि उधर मोहल्ले वालों के चेहरे लटक जाते है। सब बाते करने लगते हैं कि लो भई हो गया विकास।

मैंने अफसोस व्यक्त किया- अरे यह तो गलत है। सड़क के बिना कैसा विकास। सड़क ही तो विकास का प्रतीक है। यह तो वही बात हुई कि गुड खाए और गुलगुलों से परहेज करें।

वह तुरंत बोला -अरे नहीं दीदी, यहाँ तो सारा गणित उलटा है। यहां तो सब खाकर व्रतवासी हुआ जाता है। जो हाल सड़क का है वही फुटपाथ का भी है। फुटपाथ तो हर मोहल्ले में गरीब ही रह जाती है। क्या लेकर आए थे क्या लेकर जाओगे की हकीकत देखनी हो तो फुटपाथ देखो। बेचारा हर्ष भी नहीं कर पाता और उसका हश्र हो जाता है।

मैं विकास की इस बात से सहमत थी की हर्ष करने के पहले बहुत सी बातों का हश्र हो जाता था। मैंने पड़ोसी विकास से कहा- देखो यह तो प्रक्रिया का दोष है कि विकास का बोलबाला सही तरीके से नहीं हो पाता। सरकार ना सही लेकिन सरकारी कर्मचारी तो इस बारे में सोच ही सकते है। सरकारी कर्मचारी के कुछ सोचने समझने पर विकास को थोड़ी आपत्ति हुई। वह बोला- अरे दीदी किस तपस्या की बात कर रही हो! भला मेनका के बस का कहां था विश्वामित्र की तपस्या भंग करना वह तो शकुंतला की नियति के हाथों सब बंधे थे। मुझे तो लगता है मेरी और शकुंतला की किस्मत एक सी ही है।

मैंने विकास को टोकते हुए कहा कि तुम भी अपने नाम की तरह रास्ते से भटक रहे हो। हमें सरकारी कर्मचारी पर बात करनी थी।

विकास बोला- मैं नहीं भटका था दीदी मैं तो यही कह रहा था कि है तो दोनों अनहोनी ही। सरकारी कर्मचारी के होने से कम से कम सरकारों के दाग अच्छे बने रहते है। वरना तो इधर उन्होंने कहा कि- आज कुछ तूफानी करते है! और उधर सरकार की ह्लफॉग चल रहा हैह्व कहने की नौबत आ जाए।

विकास की बात और उसके जज्बात देखकर लगा कि नाम से तो काम चलने से रहा,काश काम से नाम चल जाए। अचानक मैंने कह दिया- अरे विकास तुमने तो सुना ही है कि जहर ही जहर को या हीरा ही हीरे को काटता है। तुम में तो कहावतों की असीम संभावनाएं है।

**(लेखिका व्यंग्यकार हैं, संपर्क 980352946)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

---

## एक गजल

कौन बाकी है मेरा राज बताने के लिए
अब कोई खत भी नहीं घर में छिपाने के लिए
प्यास तो नदियाँ बुझाती हैं जमाने भर की
वो समंदर है अहं अपना दिखाने के लिए
भूख और प्यास लिए बैठे परिंदे छत पर
नींद ने समझा कि आते हैं जगाने के लिए
खुद से हो जंग तो मैं हारूँ या जीतू लेकिन
घर से निकला तो सभी आये मनाने के लिए
लोग पढ़ लेते हैं जैसे कोई अखबार हूँ मैं
कुछ नहीं बाकी है अब सुनने सुनाने के लिए
उससे चुपचाप किसी मोड़ पे मिल लेता हूँ
शोख गजलों में तसव्वुर को सजाने के लिए
गम -खुशी सारे ही किरदार कहानी में मेरे
हमने कब सोच के लिखा था जमाने के लिए
फूल तो खुशबू ही देते रहे आदिम युग से
सिर्फ पत्थर ही मिले आग जलाने के लिए

**- जयकृष्ण राय तुषार**



# दंगा फैलाने वाले अराजकतत्वों पर होगी आरएएफ की पैनी नजर



रूट मार्च करती रैपिड ऐक्शन फोर्स।

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जनपद में त्यौहारों को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने के रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा हर नगर पंचायतों व बाजारों में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। फ्लैग मार्च निकालकर आरएएफ की टीम लोगों से शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील कर रही है।

जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम करने उदेश्य से आरएएफ की टीम द्वारा फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को शान्ति का संदेश दे रही है। साथ ही लोगों से शान्तिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील भी कर रही है। दंगा फैलाने वालों पर रेपिड एक्शन फोर्स बड़ी कार्यवाई करेगी। रेपिड एक्शन फोर्स के उप कमाण्डेंट प्रमोद सिरसाट ने अपनी टीम के साथ संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च कर क्षेत्र के बारे में विभिन्न जानकारियों को हासिल किया तथा डाटा संकलित किया ताकि भविष्य में दंगाईयों पर लगाम लगा सके। प्रमोद ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए हमारी टीम ने विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा प्रमोद ने बातचीत के दौरान यह भी जानकारी दी कि डी-91 रेपिड एक्शन फोर्स स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर जनपद से दंगा विरोधी ताकतो को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबध्द हैं। इस मौके पर थाना प्रभारी एवं रेपिड एक्शन फोर्स तथा राज्य पुलिस के अन्य जवान भी मौजूद रहे।

## नव प्रवेशित छात्र, छात्राओं को दिलायी गयी शपथ

**आजमगढ़।** मां कौशिल्या स्कूल ऑफ नर्सिंग, लछिरामपुर, हीरापट्टी, आजमगढ़ के एएनएम (11वां बैच), जीएनएम (12वां बैच) बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के नव प्रवेशित छात्र, छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह एवं बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रथम बैच के उत्तीर्ण छात्र, छात्राओं का दीक्षांत समारोह राहुल सांकृत्यायन ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के राहूल सांकृत्यायन जन इण्टर कालेज के प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आईएन तिवारी ने की। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवा में नर्सिंग के महत्व को रखांकित करते हुए इसको सर्वोपरि बताया। शपथ ग्रहण डा.शुभी त्रिपाठी द्वारा सम्पन्न हुआ। डा.ओपी श्रीवास्तव, डा.एके मिश्रा सेवा निवृत सीएमओ, डा.एके सिंह तथा डा.सीके त्यागी ने छात्र, छात्राओं को डिग्रियों का वितरण किया। मां कौशिल्या स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या सना केमई और व्यवस्थापक डा.सुधांशू शेखर ने नर्सिंग स्कूल का संक्षिप्त परिचय दिया और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संचालन कुशलपाल सिंह एवं रागिनी राय ने किया।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ गनर का अंतिम संस्कार

**जनसंदेश न्यूज**



मृतक गनर संदीप निषाद को गार्ड आफ आनर देते पुलिस के जवान।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** प्रयागराज में शुक्रवार को बसपा विधायक रह चुके राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की सरेआम बम और गोलियों से हमला कर दिया गया। हमले में उमेश पाल और उनके एक गनर की मौत हो गई थी। मृतक गनर संदीप निषाद पुत्र सन्तराम निषाद जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के बिसईपुर गांव का रहने वाला था।

संदीप का शव शनिवार की शाम को प्रयागराज में पोस्टमार्टम के बाद आजमगढ़ पैतृक गांव में देर रात को पहुंच गया था। ग्रामीण परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 50 लाख मुआवजे की मांग कर रहे थे। अधिकारियों के भरोसा देने के बाद रविवार को सुबह पुलिस के ट्रक में पार्थिव शरीर रख शव यात्रा निकली। इसमें सैकड़ों की संख्या में गांव व आसपास के लोग मौजूद रहे। इस दौरान जब तक सूरज चांद रहेगा संदीप तेरा नाम रहेगा और संदीप भैया अमर रहे के नारे लगे।

संदीप के शव का अंतिम संस्कार फूलपुर क्षेत्र के दुवार्सा धाम पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मौके पर लालगंज सांसद संगीता आजाद भी पहुंची।

इस मौके पर पूर्व सांसद नीलम सोनकर, एएसपी, एसडीएम बूढ़नपुर नवीन प्रसाद, क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर महेंद्र कुमार शुक्ला, थानाध्यक्ष अहरौला योगेंद्र बहादुर सिंह, कोयलसा ब्लाक प्रमुख संतोष यादव, भाजपा नेता हरीश तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह, बालमुकुंद सिंह, बसपा नेता अरिदमन आजाद आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 271 मरीजों का हुआ परीक्षण



**ठेकमा (आजमगढ़)।** आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत एमके राय दीप आदर्श हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर एवं आजाद हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 271 मरीजों का परीक्षण व दवा का वितरण किया गया। मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत एम के राय दीप आदर्श हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर भगवानपुर ठेकमा एवं आजाद हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर भरथीपुर सरैया पल्हना के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में सिविल लगाकर चिकित्सक डॉक्टर एन के सिन्हा एमएस एवं डॉक्टर असलम अली एमडी फिजिशियन डीप डी एम के द्वारा 61 आयुष्मान लाभार्थियों तथा 210 अन्य प्रकार के मरीजों का शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड ईसीजी जांच एवं इलाज किया गया एवं निशुल्क दवा वितरण भी किया गया इस अवसर पर हॉस्पिटल के डायरेक्टर एम के राय एडवोकेट सुनील कुमार चंद्र शेखर गौतम डॉक्टर शिवनाथ एमडी फिजिशियन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### श्याम महोत्सव के तहत निकाली गयी भव्य निशान यात्रा



**आजमगढ़।** फागुन मास के अवसर पर श्री राणी सती श्याम भक्त मंडल द्वारा आयोजित श्याम महोत्सव के तहत रविवार को भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। मारवाड़ी धर्मशाला में भक्तों द्वारा निशान पूजन किया गया। शीश के दानी श्री श्याम प्रभु इस यात्रा में सबसे आगे श्री खाटू श्याम प्रभु की सुसज्जित रथ पर नैनाभिराम मनमोहक झांकी दिल्ली से आए कलाकार द्वारा सजाई गई। नगर की सड़कों पर होली का माहौल लोगों को देखने को मिला जिससे निशान यात्रा गुजरती सड़कें अबीर गुलाल से सराबोर हो गयी। होली व श्री श्याम प्रभु के मनमोहक गीतों पर भक्तगण अबीर-गुलाल उड़ाते हुए तो दूसरी तरफ महिला पुरुष बच्चे हाथों में निशान हुए इस प्रकार झूमते-नाचते चल रहे थे। बाजे गाजे के साथ निकाली गई निशान यात्रा मारवाड़ी धर्मशाला से आरंभ होकर जमा मस्जिद, पुरानी कोतवाली, चैक, मातबरगंज, बड़ादेव होते हुए बिन्नानी गार्डन पहुंची। इस अवसर पर शोभित अडूकिया, अभिषेक खंडेलिया, सौरभ डालमिया, मोनू अग्रवाल अजीत रुंगटा शंभू जालान, प्रत्यूष डालमिया, अशोक रुंगटा, आशुतोष रुंगटा, मानस, अंशु गोयल, प्रदीप बैरसिया, अरुण रुंगटा, संजय डालमिया, योगेश शर्मा, अनमोल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस, आधा दर्जन हिरासत में



**पटवध (आजमगढ़)।** जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र अंतर्गत बातन गांव में धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। भाजपा युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता आशीष गुप्ता ने बताया बीते कई दिनों से यहां ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार कर धर्म परिवर्तन करने का मामला चल रहा था इसकी सूचना पर पुलिस टीम ने पहुंचकर आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### बिजली के खंभे पर लटका मिला युवक का शव



**पटवध (आजमगढ़)।** जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र अंतर्गत बघावर गांव में खेत के पास एक बिजली के खंभे पर लटका हुआ युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची रौनापार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है और घटना की छानबीन में जुट गई है। वही शव की पहचान अभिषेक कुमार पुत्र जगधारी राम गांव महुलिया थाना बिलरियागंज के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

### रक्तदान शिविर में महादानियों को किया गया सम्मानित



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा में एक डायग्नोस्टिक सेंटर पर जेसीआई फूलपुर कुंवर के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक महादनियों ने रक्तदान किया। आरके ब्लड बैंक शाहगंज द्वारा रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। फूलपुर नगर स्थित आशा डायग्नोस्टिक सेंटर पर रक्तदान शिविर का उद्घाटन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, आजमगढ़ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष चंद्रभान यादव और जेसीआई फूलपुर कुँवर के अध्यक्ष जेसी धीरज मिश्र ने फीता काटकर किया। आरके अस्पताल एवं ब्लड बैंक शाहगंज द्वारा रक्तदान शिविर में कुल 25 महादनियो ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि चंद्रभान यादव ने कहा कि रक्तदान से बड़ा दान कुछ भी नही है। विशिष्ट अतिथि एआरपी हरिश्चंद्र यादव, एआरपी जितेंद्र मिश्र ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन एक पुण्य कार्य है। इसमें लोगों को बढ़-चढ़कर के भाग लेना चाहिए। धीरज मिश्र ने बताया कि जेसीआई का मूल उद्देश्य मानव उत्थान के लिए सामाजिक कार्य करते रहना है। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत यादव, मनीष अग्रहरि, डॉ.उमेश पाण्डेय, राजकिशोर यादव, डॉ.दिनेश प्रजापति, डॉ.सचिन गुप्ता, धर्मेंद्र यादव, लाल चंद सौरभ यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन सच्चिदानंद यादव ने किया।

### लाजिम है कि हम जुल्म के खिलाफ बोलेंगेः डा.इंदु चौधरी



**आजमगढ़।** जमीन-मकान बचाओ संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में खिरिया बाग में 137वें दिन धरना जारी रहा। सर्वप्रथम महात्मा बुद्ध और डा. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान विभिनन नारे लगाये गये। धरने को समर्थन देने पहुंची बीएचयू की प्रोफेसर डा.इंदु चौधरी ने कहा कि खिरिया बाग की धरना सरकार द्वारा विकास का बहाना बनाकर ग्रामीणों को अपने जमीन से बेदखल करने की बुलडोजर नीति नहीं चलने देंगी। उन्होंने कहा कि झूठे आश्वासनों, बहकावे, भुलावे में आने से बचें और धरने को मजबूत बनाये रखें। लड़ने के लिए त्रिशूल की जगह हाथ में संविधान की किताब, डा.अंबेडकर की फोटो और तिरंगा झंडा तीनों थामें। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के खिलाफ खिरिया बाग आंदोलन चार महीने से अधिक समय से जुझारू रूप से चल रहा है। इस धरने का हम हमेशा समर्थन करती रहूंगी। वाराणसी पहुंचकर वहां सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को एकजुट करके धरने के समर्थन में भेजूंगी। खिरिया बाग की लड़ाई जाति, धर्म से ऊपर उठकर जनता के बीच सामूहिक भावना के साथ जमीन बचाने की भावना ही नहीं देश बचाने की भावना को बढ़ाया है। खिरिया बाग की लड़ाई देश बचाने की लड़ाई बन चुकी है।

### पांच वरिष्ठ अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित



**आजमगढ़।** दी टैक्स बार एसोसिएशन आजमगढ़ के पांच वरिष्ठ अधिवक्तागण एखलाक अहमद, स्वतन्त्र कुमार गुप्ता, भरत जी अग्रवाल, कृष्ण मुरारी लाल अग्रवाल और अवधेश चन्द्र श्रीवास्तव, जिन्होंने अपने विधि व्यवसाय के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण कर लिए है, उन लोगों का अभिनन्दन समारोह रविवार को नेहरू हाल सभागार में किया गया। अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा तथा संचालन मंत्री सूर्यभान पाल ने किया। मुख्य अतिथि पांचू राम मौर्य अध्यक्ष, बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में अधिवक्ताओं पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, जिनका निर्वहन करने में विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में रहते हुए, समाज के छोटे वर्ग से लेकर बड़े वर्ग तक का प्रतिनिधित्व कर-के न्याय दिलाने में प्रशंसनीय कार्य करते हैं, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। दी टैक्स बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण करना हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है, उनके मार्ग दर्शन पर चलते हुए, समाज को दिशा देने का कार्य करना है।

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**गिरफ्तार**

**मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने भेजा जेल**

**मुस्लिम डांसर और हिंदू वेटर का प्रेम चढ़ा परवान**



जीयनपुर थाने में गिरफ्तार आरोपी।

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के सगड़ी तहसील के सामने रह रहे नाबालिक ने तहरीर देकर युवक पर शादी का झांसा देकर एक वर्ष से दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को हिरासत में लेते हुए संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

हजरून खातून पुत्री शबीब आलम निवासी भंडार ढाका मोतिहारी बिहार सगड़ी तहसील के सामने किराए पर आवास लेकर रहती है वही आर्केस्ट्रा व डीजे पर डांस करने का कार्य करती है। उसने जीयनपुर थाने पर तहरीर देकर सागर यादव पुत्र महेंद्र यादव निवासी सुजाबाद रामनगर काशी जो विगत एक वर्षों से शादी विवाह में वेटर का कार्य करता था से मुलाकात हुई और दोनों का प्रेम परवान चढ़ा। शारीरिक संबंध बने एक दूसरे के साथ जीने मरने की एक वर्ष से कसम खाते रहे। नाबालिक ने बताया कि शादी की बात करने पर बार-बार टाल जाता है। शादी का झांसा देकर बार-बार संबंध बनाता रहा। कुछ दिन पूर्व दोनों में शादी करने को लेकर झगड़ा हुआ जिसकी सूचना हजरून खातून ने जीयनपुर पुलिस को दी। युवक के परिजनों को सूचित किया गया। वहीं परिजनों के पहुंचने के बाद शादी की बात नहीं बनने पर परिजनों ने मुस्लिम डांसर से शादी से इंकार कर दिया। जीयनपुर पुलिस ने नाबालिक हजरुन खातून की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

## महम हेल्थ केयर सेंटर का हुआ उद्घाटन

**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव के मेहनाजपुर रोड पर महम हेल्थ केयर सेंटर का जनसंदेश टाइम्स आजमगढ़ के ब्यूरो चीफ अमित राय तथा समाजसेवी डा.जाहिद एवं डॉ.फतेह मोहम्मद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। श्री राय ने कहा कि यहां दवा तथा डिलीवरी आदि को लेकर अब दूरदराज भटकने की समस्या समाप्त हो जाएगी। चिकित्सकीय कार्य दुनिया का सबसे महान कार्य है। डॉक्टर मरीज की बीमारी को ठीक करने के लिए तन्मयता पूर्वक लग कर सेवा करते हैं। चाहे दिन हो या रात, डॉक्टर मरीज को किसी तरह की तकलीफ होने के बाद उसे अविलंब आराम पहुंचाने के लिए अपनी नींद तक त्याग देते हैं और उनको आराम पहुंचाने के लिए उपलब्ध हो जाते हैं। यही वजह है कि लोग डॉक्टरों को धरती का भगवान तक कहते हैं। डॉ.राशिद ने बताया कि यहां जनरल बीमारियों के इलाज से लेकर महिलाओं की डिलीवरी की सारी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी ताकि लोगों को दूरदराज भटकना न पड़े। डॉ.फतेह मोहम्मद तथा अयूब एडवोकेट ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

# 412 लोगों को दिया गया नियुक्ति पत्र



चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य।

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिक पुलिस, प्लाटून कमांडर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय के रूप में मंडल के 412 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मार्गदर्शन (वीडियो संदेश के माध्यम से) एवं योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। रविवार को पुलिस लाइन्स ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता में सीधी भर्ती 2020-2021 के अन्तर्गत चयनित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, प्लाटून कमांडर, सहायक अग्निशमन अधिकारी के पदों पर परिक्षेत्र आजमगढ़ से चयनित कुल 412 अभ्यर्थियों को पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। जिसमें जनपद आजमगढ़ से (121 पुरुष, 15 महिला), जनपद मऊ से (70 पुरुष, 08 महिला), जनपद बलिया से (164 पुरुष व 18 महिला) अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त प्लाटून कमांडर पीएसी हेतु 16 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

# बरदह पीजी कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

**ठेकमा (आजमगढ़)।** गांधी स्मारक त्रिवेणी पीजी कॉलेज बरदह की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम तथा द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न हो गया। इस शिविर में विषम परिस्थितियों से लड़ने की जानकारी छात्रों को दी गयी।



छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अजित प्रसाद राय की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बरदह थाना प्रभारी संजय सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रवि दीक्षित उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने छात्रों के समाजोपयोगी किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा छात्रों को देश के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि रवि दीक्षित ने छात्रों के जागरूकता कार्यक्रम,रैली क्षेत्र में छात्रों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ अजित प्रसाद राय ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों आभार व्यक्त किया और उनके द्वारा सुझाए गए सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया और छात्रों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## व्यापारी को युवक ने पीटा

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र राम प्रसाद गुप्ता निवासी अंजान शहीद की बाजार में जनरल स्टोर व किराना की दुकान है। शनिवार की शाम उसकी दुकान पर हस्सान पुत्र शफीक निवासी अंजान शहीद पहुंच कर अंडा का रेट पूछा जिसको लेकर दुकान में घुसकर व्यापारी को पीटा। घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई। ओम प्रकाश गुप्ता की तहरीर पर जीयनपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित को हिरासत में ले लिया। अंजान शहीद बाजार में घटना को लेकर व्यापारियों में भय बना हुआ है। मामला दो संप्रदाय से जुड़ा होने के कारण जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने त्वरित कार्रवाई कर सतर्कता बरत रहे हैं।

## गो-तस्कर पर 25 हजार का इनाम घोषित

**आजमगढ़।** गौवध-तस्करी-बिक्री से सम्बन्धित अभियुक्त पर 25 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया है। गौ तस्करी, गौकशी, बिक्री करने वाले शातिर अपराधी नूर आलम निवासी बरहतिर जगदीशपुर थाना जहानागंज की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपए का नकद पुरस्कार घोषित किया गया है। उक्त अभियुक्त थाना जहानागंज का वांछित अपराधी है। रविवार को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा मुकदमा उपरोक्त में फरार अभियुक्त नूर आलम निवासी बरहतिर जगदीशपुर थाना जहानागंज की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार का नकद पुरस्कार घोषित किया गया।

# सिटी विटी प्रिविलेज कार्ड है आधुनिकतम विजिटिंग कार्ड

**जनसंदेश न्यूज**




सिटीविटी कार्ड के बारे में जानकारी देते कंपनी के लोग।

**आजमगढ़।** शहर स्थित एक होटल में समाजसेवी वरिष्ट भाजपा नेता श्याम सुन्दर चौहान ने सिटी विटी प्रिविलेज कार्ड वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। कंपनी के डायरेक्टर आरके शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि श्यामसुन्दर चैहान का स्वागत किया गया। श्याम सुन्दर ने बदलते युग में ऑनलाइन ब्रांडिंग का महत्त्व बताया। और सिटी विटी प्रिविलेज कार्ड को आधुनिकतम विजिटिंग कार्ड बताया।

कंपनी के फाउंडर आशीष जायसवाल ने बताया कि सिटी विटी प्रिविलेज कार्ड प्रधानमंत्री के मिशन वोकल फॉर लोकल से प्रेरित है। कंपनी प्रमुख रूप से सभी छोटे एवं मध्यम वर्गीय व्यापारियों को वर्तमान की बदलती मार्केटिंग तकनिकी ज्ञान से लाभान्वित करना चाहती है। सिटी विटी प्रिविलेज कार्ड एक ग्राहक लाभ कार्ड है जो देश भर के हजारों साझेदार व्यापारियों पर विशेष छूट प्रदान करता है। कार्ड धारक खरीदारी, होटल और रेस्तरां, चिकित्सा, पर्यटन और यात्रा, थीम पार्क, आदि पर 70 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। कंपनी की निदेशिका आकांक्षा वर्मा ने अवगत कराया कि यह कार्ड एक डिजिटल विजिटिंग कार्ड भी है, जो लेटेस्ट टेक्नोलॉजी और इसमें क्यूआर कोड की सुविधा के साथ है। इस कार्ड को किसी भी स्मार्ट मोबाइल फोन पर टैप करके, आप अपने संपर्क विवरण, वेबसाइट विवरण आदि के लिंक साझा कर सकते हैं।

इस अवसर पर डा.आशीष जैसवाल, आकांक्षा वर्मा, दरबारी यादव, हरिशंकर चैहान, अमित राय, श्याम कुमार यादव, राजू यादव, लक्ष्मीकांत चैरसिया, डॉ.हर्ष सिंह, शुभम बरनवाल, सादिक, पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आबादी की जमीन से बेदखल करने का लगाया आरोप

## ग्रामीणों ने शाहपुर बाजार में किया प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**



शाहपुर बाजार में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के शाहपुर बाजार में तहसील प्रशासन द्वारा शाहपुर गांव के 22 लोगों की आबादी की खुद की जमीन से ही कब्जा मुक्त कर दिया गया जिसके विरोध में क्षेत्र पंचायत सदस्य गजराज यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रविवार को शाहपुर बाजार में विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि मेरी आबादी की जमीन को बूढ़नपुर तहसील प्रशासन द्वारा बिना नोटिस और बिना पैमाइश के हल्का लेखपाल व ग्राम प्रधान द्वारा मनमाने तरीके से हमारी रिहाइसी मंडई एवं पशुशाला को प्रशासन द्वारा गिरा दिया गया। उक्त भूमि पर हमारे पूर्वजों का कई वर्षों से कब्जा है और उनका नाम भी आबादी की जमीन में दर्ज है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना हमारे सुने ही हल्का लेखपाल द्वारा पुलिस प्रशासन के दम पर हमारी ही जमीन से हमें कब्जा मुक्त कर दिया गया। ग्रामीण इसकी लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का काम करेंगे। अगर शीघ्र ही हमारी सुनवाई नहीं हुई तो हम तहसील परिसर में बृहद धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस संबंध में एसडीएम नवीन प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों का आरोप बेबुनियाद है। ग्रामीणों द्वारा ग्राम सभा की जमीन पर पूर्व से अवैध रूप से कब्जा किया गया था जिसको पुलिस प्रशासन की मदद से कब्जा मुक्त कराया गया। इस मौके पर श्याम नारायण यादव, प्रशांत यादव, सुनील यादव, चंद्र भान यादव, गूगल यादव, प्रमोद यादव, भोला उर्फ लालचंद्र यादव, हरिश्चंद्र यादव, केशव यादव, मुलायम यादव, दुर्गेश यादव आदि मौजूद रहे।

## संत निरंकारी सेवादारों ने भैरव धाम में की सफाई

**महराजगंज (आजमगढ़)।** संत निरंकारी मिशन के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत साफ सफाई अभियान चलाया गया। यह स्वच्छता अभियान महात्माओं और सेवा दल यूनिट हरखपुरा, कप्तानगंज, महराजगंज, बिलरियागंज, देऊरपुर एवं अन्य कई उप शाखाओं द्वारा महराजगंज स्थित भैरव धाम परिसर के छोटी सरयू तट के साथ साथ विश्वकर्मा मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सटे पार्किंग एरिया व संत रविदास मंदिर आदि स्थानों पर चलाया गया ,जिसमें सैकड़ों महात्माओं व सेवादल के लोगों ने हिस्सा लिया द्यइस अभियान में महराजगंज नगर के डॉ सुनील जायसवाल व इरशाद अहमद जैसे समाज सेवी भी सिरकत किए द्यडॉ कन्हैया लाल श्रीवास्तव ने बताया कि विगत 23 तारीख को बाबा जी के जन्मदिन के अवसर पर सद्गुरु माता सुदीक्षा जी द्वारा दिया गया नारा ष्स्वच्छ जल स्वच्छ मनष अर्थात जब तक इंसान स्वच्छ जल नहीं पिएगा तब तक उसका मन स्वच्छ नहीं होगा प्रदूषित जल और परिवेष मानव के मन और तन दोनों के लिए हानिकारक होता हैद्य इस लिए संत निरंकारी मिशन द्वारा एक प्रोजेक्ट लांच किया गया ष्अमृतष जिसके अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान देश भर में चलाकर साफ सफाई का कार्य किया जा रहा हैद्य महराजगंज का आयोजन मुखी रामनरेश, हिमांचल, रामजतन, गोरख प्रसाद, सेवादल इंचार्ज चंचल सिंह के नेतृत्व में किया गया।

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**गोसाई की बाजार (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के ठेकमा मंडल में अमौड़ा बूथ संख्या 60, 61, 62 पर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

कार्यक्रम में भाजपा लालगंज जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय, भाजपा नेता दीपक राय, मंडल अध्यक्ष संतोष चैबे, मीडिया प्रभारी पंकज राय की उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम सुना गया। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज से कुछ दिन बाद ही होली का त्यौहार है। आप सभी को होली की शुभकामनाएं। हमें हमारे त्योहार वोकल फॉर लोकल के संकल्प के साथ ही मनाने हैं व स्वच्छता अभियान, यूपीआई, डिजिटल इंडिया बनाने सहित कई मुद्दों पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बालमुकुंद राय, सत्यम राय, राम अवतार दुबे, साहब राय, उमेश राय, राजू पांडेय, गिरीश त्रिपाठी, संचित राय, जय प्रकाश चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते लोग।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा मन की बात का कार्यक्रम किसान मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा गोपालपुर विधानसभा के कप्तानगंज मंडल में सुना गया जिसमें मुख्य रुप से सह मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा नवीन कुमार राय, जिला कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा शशिकांत राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषिदेव राय, हरेंद्र सिंह, गिरजा गोंड, मयंक राय, दयाशंकर राय आदि उपस्थित रहे।

# सेंध लगाकर किसान के घर से एक लाख की चोरी

जनसंदेश न्यूज

**बेखौफ**

**परिवार के सदस्य को देख भागा चोर**

**पुलिस ने लिया हिरासत में, 80 वर्षीय किसान फफक कर रो पड़ा**

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नदौली पटेहरा ग्राम निवासी राम भवन शुक्ल के घर में शनिवार की रात सेंध लगाकर चोरों ने एक लाख से अधिक का नगदी पार कर दिया। भोर में घर में घुसे गाँव के व्यक्ति को देख परिवार के सदस्य ऋषि ने दौड़ा लिया। चकमा देकर भागे व्यक्ति को आज सुबह पहुंची पुलिस के हवाले किया गया।

पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पकड़ा गया व्यक्ति नशेड़ी बताया गया है। बताया गया कि शनिवार को करीब 80 वर्षीय किसान राम भवन शुक्ल ने शनिवार को धान बेंचा था। मेहनत से पैदा हुए फसल को बेंचने पर 1 लाख 8 हजार 200 रुपया मिला था। जिसे वह अपने कच्चे मकान में रख कर सो गए। वृद्धावस्था में करीब 16 किलोमीटर का सफर और भागदौड़ के चलते गहरी नींद में चले गए। जब परिवार सो रहा था इसी बीच घर में सेंध लगाया गया। दो जगह सेंध लगाने के बाद भी सफलता न मिलने पर तीसरी जगह सेंध लगाकर चोर घर के कमरें में घुसने में कामयाब हो गए। चोरों को पहले से ही घर में नगदी आने की जानकारी थी। जिसे पार कर दिया गया। इसी बीच भोर में


कच्चे मकान में चोरों द्वारा लगाई गई सेंध

करीब 4 बजे घर के सदस्य ऋषि की नींद खुल गई। उसने अपना बिस्तर छोड़ दिया। जब वह दिनचर्या के लिए उठा तो घर में गाँव के ही जवाहिर को देखा उसे पकड़ना चाहा तो वह भाग निकला। घर में सामानों को चेक किया गया तो धान का मिला रुपया गायब था। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। चोरी की बात दिन का उजाला फैलने के साथ ही गाँव में फैल गई। सुबह पहुंची पुलिस ने घर में घुसे गाँव के ही जवाहिर को हिरासत में लेकर छानबीन में जुटी हैं। ग्राम प्रधान धीरज मिश्र ने बताया कि सूचना पर आयी पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। घर में तीन जगह से सेंध लगाया गया है। थाना प्रभारी ड्रमंडगंज को अवगत कराया गया उन्होंने निरीक्षण किया हैं। हिरासत में लिया गया व्यक्ति नशेड़ी हैं। अक्सर रात में घूमने के कारण कई बार मना किया जा चुका है।

# तीन बाइकों में आमने-सामने टक्कर में 6 लोग घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित राजापुर पेट्रोल पंप के पास रविवार को दोपहर तीन बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें 6 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों को सूचित करते हुए घायलों को प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया गया। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित राजापुर पेट्रोल पंप के पास रविवार को मीरजापुर से गड़बड़ा जा रहे बाइक सवार को लहंगपुर से महुआरी जा रहे दो बाइकों में टक्कर हो गई जिसमें कल्लू सिंह पटेल का 42 वर्षीय पुत्र राजबली पटेल, गणेश प्रसाद चौहान पुत्र फागू चौहान उम्र 42 वर्ष, दीपक सिंह पटेल पुत्र राजबली पटेल उम्र 12 वर्ष, अमन चौहान पुत्र गणेश प्रसाद चौहान उम्र 13 वर्ष निवासी पटेल नगर बेलाही व अमित पुत्र स्वर्गीय गोपाल उम्र 22 वर्ष निवासी रेलवे कॉलोनी मीरजापुर व अज्ञात महिला घायल हो गई। सूचना मिलने पर लहंगपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए परिजन प्राइवेट साधन से प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गए।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत, एक घायल

**अदलहाट।** वाराणसी मीरजापुर मार्ग पर बरईपुर गांव के सामने शनिवार को शाम लगभग छः बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल दो बाइक सवारों में से एक युवक की वाराणसी ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गयी। दूसरा घायल हो गया। घटना के विषय में बताया जाता है कि जनपद मीरजापुर के भटवां के पोखरी निवासी मोहम्मद तालीब 20 वर्ष पुत्र गुड्डू व कयूम वारीसी के साथ वाराणसी के रामनगर अपने रिश्तेदार के यहां बाइक से आया था। रामनगर से वापस घर जाते समय बरईपुर के सामने अज्ञात वाहन धक्का मार कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची नरायनपुर पुलिस ने दोनों बाइक सवार घायलों को एम्बुलेंस से ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया। इलाज के दौरान मोहम्मद तालीब 20 वर्ष की मौत हो गयी। मोहम्मद तालीब की अभी शादी नहीं हुई थी। वह क्यूम वारीसी के फूटवियर के दुकान पर काम करता था।

# नपाध्यक्ष मनोज ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

## प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 98वां एपिसोड सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** निवर्तमान मनोज जायसवाल ने रविवार की सुबह


पदाधिकारियों के साथ मन की बात सुनने नपाध्यक्ष

गणेशगंज के बूथ संख्या 302 पर भाजपा के तमामं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 98वाँ एपिसोड को सुना। रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' के 98वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा की 98वें एपिसोड में आप सभी के साथ जुड़कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। सेंचुरी की तरफ बढ़ते इस सफर में मन की बात को आप सभी ने जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत प्लेटफॉर्म बना दिया है। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष ने कहा की आज भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 98वें में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय खिलौनों की बढ़ती डिमांड, पारंपरिक खेलों के प्रोत्साहन का जिक्र किया। इस एपिसोड में लता मंगेशकर को याद करते हुए कहा कि आज के दिन शुरू हुई लोरी राइटिंग प्रतियोगिता में लता दीदी ने सबसे भाग लेने के लिए ट्वीट किया था। इस मौके पर प्रीतम केशरवानी, अशोक सोनी, नगर पश्चिमी युवा मोर्चा अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, रामशंकर सोनी, राहुल यादव, बालकृष्ण सोनी, शशांक जायसवाल, आदि लोग उपस्थित रहे।

# घरेलू विवाद में खाया विषाक्त, रेफर

**हॉस्पिटल से मरीज लेकर भागा**

**मड़िहान।** थाना सन्तनगर अंतर्गत देवरी दुबार खास निवासिनी द्वारा पति से घरेलू विवाद पर घर में रखा भंटा की दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर पीएचसी पटेहरा डायल 108 से साढ़े दस बजे पहुंचा। देवरी दुबार खास निवासी विंदलेश कोल की पत्नी पूनम 30 घरेलू कलह में घर में रखा भंटा की दवा पी लिया। हालत बिगड़ने पर डायल 108 से पीएचसी पटेहरा पहुँचे जहां डाक्टर विभूति नारायण मिश्र, फार्मासिस्ट कमलेश सिंह व बीरेंद्र सिंह द्वारा प्राथमिक उपचार कर मण्डलीय अस्पताल रेफर किया। किन्तु रेफर सुनते ही महिला को लेकर स्वजन भागे अंततः पीएचसी फार्मासिस्ट कमलेश सिंह द्वारा पुलिस संतनगर को सूचित किया। थाना प्रभारी कमल टावरी द्वारा दीपनगर से पुनः डायल 108 से पीएचसी भेजा और मण्डलीय अस्पताल रेफर किया। डाक्टर विभूतिनारायण ने बताया कि भंटा की दवा खतरनाक होती है इसका असर 48 घण्टे बाद दिखता है।

# नवनियुक्त 130 अभ्यर्थियों को वितरित किया गया नियुक्ति पत्र

**खुशी**

**अभ्यर्थियों को डीआईजी व एसपी ने प्रदान किया नियुक्ति पत्र**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचंल परिक्षेत्र व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा नवनयुक्ति उ.नि. ना.पु., प्लटून कमांडर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

रविवार को पुलिस लाइन्स सभागार कक्ष, मीरजापुर में उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक सीधी भर्ती से चयनित उ.नि. ना.पु., प्लटून कमांडर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पद पर नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जाने के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री उ.प्र., उप


अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते डीआईजी व अन्य अधिकारी

मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव गृह एवं पुलिस महानिदेशक उ.प्र. द्वारा 'वर्चुअल स्क्रीन' के माध्यम से नवनियुक्त अभ्यार्थियों को पुलिस विभाग में सम्मिलित होने की शुभकामनायें देते हुए संबोधित किया गया। तत्पश्चात पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी. सिंह व पुलिस अधीक्षक मीरजापुर डॉ राजीव नारायण मिश्र द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक सीधी भर्ती में चयनित नवनियुक्त 130 अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया तथा उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर शैलेद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर परमानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी लालगंज, क्षेत्राधिकारी भवन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रार्थनापत्र का निस्तारण करने पहुंची टीम पर पथराव

**आक्रोश**

**पथराव की सूचना पर मौके पर पहुंचे एडीएम वित्त समेंत आलाअधिकारी**

**टीम के सामने ही अपने मड़हे को किया आग के हवाले**


घटना की जानकारी पर पहुंचे एडीएम वित्त व एसडीएम चुनार

**चुनार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बहरामगंज मुहल्ले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक भूमि विवाद के मामले में समाधान दिवस पर शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए रविवार को मौके पर पहुंची राजस्व व पुलिस की टीम पर दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा पथराव कर अपने ही मड़हे को जला दिया।

जानकारी होते ही एसडीएम नीरज प्रसाद पटेल, पुलिस उपाधीक्षक उमाशंकर सिंह व कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचें और मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। ज्ञात हो कि भरपुर लाइन निवासिनी कुसुम देवी द्वारा शनिवार को समाधान दिवस पर कोतवाली पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसमें बहरामगंज स्थित आराजी नंबर 300 रकवा 0.114 हे0 में से रकवा 0.022 हे0का बैनामा लिये जाने की बात कही गयी थी। उक्त भूमि पर दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाया गया था। उक्त प्रार्थना पर एसडीएम ने राजस्व व पुलिस को संयुक्त रूप से जांच करने व उसके निस्तारण का आदेश दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए समाधान दिवस समाप्त होने के उपरांत स्वयं एसडीएम, पुलिस उपाधीक्षक व कोतवाल के साथ मौके पर पहुचें और दूसरे पक्ष से वार्ता कर उन्हें समझाया बुझाया। रविवार की सुबह जब शिकायतकर्ता कुसुम देवी की ओर से भूमि पर निर्माण कार्य शुरू कराया ही गया था कि दूसरे पक्ष के दर्जन भर महिला पुरूष इकट्ठा होकर निर्माण कार्य रोकने के लिए पहुंच गये। इसके बाद शिकायतकर्ता ने इसकी जानकारी राजस्व व पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस व राजस्व की टीम पहुंची। टीम को देखते ही पहले से इकट्ठा हुए दूसरे पक्ष के लोगों ने घर के अंदर स्थित मड़हे में आग लगा दिया और टीम पर पथराव करने लगे जिससे अफरा तफरी मच गयी। कुछ देर बाद एसडीएम, पुलिस उपाधीक्षक व कोतवाल पुलिस बल के साथ पहुंचकर स्थिति को संभाला और उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुए अग्नि शमन दल को बुलाया हालांकि अग्नि शमन दल के पहुचनें से पहले ही मड़हा जलकर राख हो चुका था। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और मामले से संबंधित जानकारी एसडीएम से लिया। एसडीएम नीरज प्रसाद पटेल ने बताया कि भूमि से संबंधित मामला न्यायालय में लंबित है। न्यायालय द्वारा यदि निर्माण से संबंधित कोई आदेश पारित किया जाता है तो उसका अनुपालन कराया जाएगा। वही शाम को पांच बजे घटनास्थल पर एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र कुमार वर्मा पहुंचे घटनास्थल का जायजा लिया। वहां बैठी महिलाओं से पेपर मांगा। महिलाओं ने पेपर नहीं दिखाया। जांच पड़ताल करने के बाद एडीएम चुनार थाने पर आईं कुसुम देवी के पति शुभम यादव ने 9 लोग खिलाफ चुनार थाने में तहरीर दिया है। जिसमें भूपेंद्र यादव, योगेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव पुत्र गढ़ छोटे लाल यादव, व माया यादव, दया यादव, विजय बहादुर यादव, महेंद्र यादव, राम लखन यादव, श्याम बहादुर यादव पुत्र गुण राममूरत निवासी बहरामागंज के खिलाफ तहरीर दिया है। खबर लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं किया गया था।

# बाइक की टक्कर में सांड की घटना स्थल पर मौत

## बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल

जनसंदेश न्यूज

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नरऊर चील्ह गोपीगंज बॉर्डर के पास शनिवार की देर रात बाइक की टक्कर में छुट्टा पशु, सांड की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को इलाज के लिए मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने एक को ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मंहगीपुर गांव निवासी बजरंगी विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष अपने चचेरे भाई रजत विश्वकर्मा के साथ किसी कार्य गोपीगंज गए थे कि गोपीगंज की तरफ से अपने घर महंगी पुर आ रहे थे कि शनिवार की देर रात के 11बजे चील्ह गोपीगंज मार्ग पर मिजार्पुर भदोही बॉर्डर के पास नरउर पहुंचे थे कि सड़क पार कर रहे छुट्टा पशु, सांड से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि घटनास्थल पर ही भारी भरकम सांड की मौत हो गई। जबकि दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने बजरंगी विश्वकर्मा को ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। चेतगंज चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह ने बताया कि घटना शनिवार की रात की है। सांड की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि घायलों को मंडलीय अस्पताल पहुँचाया गया।

# पीएम आवास योजना में पीड़ित व्यक्ति ने पैसे मांगने का लगाया आरोप

**आरोप**

**डीएम को प्रार्थना पत्र देकर प्रधान पति पर किया कार्रवाई की मांग**

जनसंदेश न्यूज

**चुनार।** गुड्डू पुत्र लालजी निवासी




रैपुरिया ने अपने ग्राम प्रधान के पति पर पैसे मांगने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार गुड्डू पुत्र लालजी निवासी रैपुरिया ने अपने ही ग्राम प्रधान पति कमलेश सिंह के उपर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर पैसा मांग रहें हैं। हमने पहली किस्त 44 हजार आने पर घर से ले जाकर 10 हजार रुपए दिया।

फिर दूसरी किस्त आने को लेकर 8 हजार रूपए मांग रहे हैं। नही देने पर घर पर आकर प्रधान पति कमलेश सिंह धमकी देते रहते है। वही प्रधानमंत्री आवास की पहली किस्त 44 हजार रुपए आया था तो 10 हजार रुपए ले लिए हैं और 8 हजार मांग रहे हैं। वही लाभार्थी का कहना हैं कि आवास की सभी पैसा ले लेंगे तो हम कैसे आवास बना पाएंगे। वही ज़िलाधिकारी के पास लिखित शिकायत पत्र देकर मदद की गुहार लगाता फिर रहा है।

पीड़ित व्यक्ति साथ ही गुड्डू भी पीड़ित व्यक्ति हैं। उसका कहना है कि प्रधान पति कमलेश सिंह हमें बार बार पुलिस और झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देते हैं।

### आरोग्य मेले में कुल 197 मरीजों का किया गया उपचार

**हलिया।** रविवार को क्षेत्र के मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 197 मरीजों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 61 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया। जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 69 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में उपचार के लिए आये कुल 67 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने निरीक्षण किया है। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल कुमार, डाक्टर निर्मल, एलटी राकेश कुमार, बैजनाथ, दशरथ, अरविंद कुमार सिंह, फार्मासिस्ट संजय श्रीवास्तव, मनोज कुमार, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फूलों की खेती से किसानों को होंगे कई लाभ : एसएन सिंह

**आयोजन**

**लेमन घास के प्रयोग से हमारे स्वास्थ्य में हो जाता है काफी सुधार**

**जिगना।** छानबे क्षेत्र के विजयपुर ग्राम सभा में पंचायत भवन पर भूमि संरक्षण इकाई द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताते चलें कि परती भूमि विकास विभाग एवं भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार अंतर्गत डब्लू डी सी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण माइक्रो वाटर शेड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बरकछा काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा भूमि संरक्षण के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया उन्होंने बताया कि परती भूमि को किस प्रकार उपजाऊ बनाया जाए तथा उनकी रखरखाव किस प्रकार किया जाए। यदि बरसात के मौसम में पानी नहीं बरसता है तो उसके उपाय के बारे में लोगों को जागरूक किया।


मौजूद लोगों को जानकारी देते वैज्ञानिक

बरकछा के काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक द्वारा लोगों को मेड निर्माण, बंधा निर्माण, तालाब निर्माण, तथा आजीविका मिशन के अंतर्गत अनेक प्रकार के लघु उद्योग लगाकर अपनी जीविका को किस प्रकार उन्नत किया जाए। इसके बारे में लोगों को जागरूक किया गया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने बताया कि यदि हम फूलों की खेती करते हैं तो उनसे कितने प्रकार के लाभ हमें प्राप्त होते हैं और उससे हमारे मंडल कितना शुद्ध होता है। वैज्ञानिकों ने बताया कि लेमन घास के प्रयोग से हमारे स्वास्थ्य में काफी सुधार हो जाता है। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में बिजयपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल का काफी योगदान रहा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले वैज्ञानिकों में डॉक्टर एसएन सिंह काशी हिंदू विश्वविद्यालय बरकछा, इंजीनियर वीरचंद पटेल अवर अभियंता, इंजीनियर वीरेंद्र कुमार यादव अवर अभियंता, श्री राधे कृष्ण वरिष्ठ प्राविधिक सहायक, संजय कुमार जयसवाल, देवेंद्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार सिंह, सच्चिदानंद, अमरजीत, कल्पनाथ, गौरव सिंह, डॉ अरुण कुमार सिंह, अनूप कुमार पांडे, रोहित आनंद आदि ने भाग लिया।

## संक्षेप

### दो गांव में अति कुपोषित बच्चों को पोटली का हुआ वितरण



**हलिया।** रविवार को स्थानीय बाल विकास परियोजना द्वारा अति कुपोषित सैम दो गाँव हथेड़ा व सोठिया के बच्चों को बाल विकास परियोजना अधिकारी विकास शुक्ल ने पोटली व दवाइयों का वितरण किया है। सीडीपीओ विकास शुक्ल ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत अति कुपोषित (सैम) 20 बच्चों को पोटली का वितरण किया जा रहा है। जिसमे एक किलो भूना चना, भूनी मुगफली, एक किलो गुड़, आयरन सिरफ, मल्टी बिटामिन सिरफ एंव आगनबाड़ी केन्द्र पर वितरण होने वाला पोषाहार की पोटली दिया गया है। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी विकास शुक्ल, सीएम फेलोर अजय कुमार, यूनिसेफ बीएमसी अंकित शुक्ल, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री कृष्णा वती, ऊषा मिश्रा सहित लाभार्थी मौजूद रहे।

### घरेलू हिंसा व दुष्कर्म के आरोपी देवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा घरेलू हिंसा करने तथा दुष्कर्म करने का आरोपी देवर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना राजगढ़, मीरजापुर पर 22 नवम्बर 2022 को थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा अपने साथ ससुर व देवर द्वारा घरेलू हिंसा करने व यौन उत्पीड़न के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना राजगढ़ पर धारा 498ए, 354ए, 323 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए मुकदमें की निष्पक्ष विवेचना करते हुए आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक राजगढ़ को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव मय पुलिस बल द्वारा थाना राजगढ़ पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी विकास सोनी पुत्र ज्ञानचन्द्र सोनी निवासी राजगढ़ थाना राजगढ़ मीरजापुर (देवर) को गिरफ्तार किया। मुकदमा उपरोक्त में विवेचना में पाये गये पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विकास सोनी उपरोक्त का चालान अन्तर्गत धारा 498ए, 354ए, 376, 504, 506, 323 भादवि में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### ग्राम सभा में है चरम सीमा पर पेयजल किल्लत

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी में पेयजल संकट चरम पर है। पेयजल के लिए हाहाकार मचा है, परंतु पेयजल की समस्या को ग्राम सभा आड़े हाथ ले रही है। पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने से ग्रामीण पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं। कलवारी बाजार में पेयजल संकट चरम पर है, पेयजल की किल्लत जबरदस्त है कि ग्रामीण जगराता करके पीने का पानी का जुगाड़ कर रहे हैं। क्षेत्र में डीप बोरिंग से ही पेयजल मिलता है। लेकिन अधिकांश डीप बोरिंग से पानी मिलना बंद हो चुका है। कुछ गिने-चुने बोरिंग से ही पेयजल मिल रहा है जिससे ग्रामीण अपनी प्यास बुझा रहे हैं। इस वर्ष जल स्तर फरवरी माह में ही घिसक जाने से पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों को डर सता रहा है कि फरवरी माह में पेयजल किल्लत का यह नजारा है तो तपन के महीनों में पेयजल मिल पाना मुश्किल ही है। ग्राम पंचायतों के टैंकरों का पता ही नहीं है तो पेयजल की आपूर्ति कैसे की जाएगी। जबकि टैंकर का उपयोग निजी कार्यों में किया जा रहा है। जबकि पेयजल किल्लत ग्राम सभा में चरम पर है। ग्राम सभा में पेयजल के लिए महाबोर ग्राम पंचायत से करवाया गया था, जिससे पेयजल किल्लत क्षेत्र में नहीं होता था लेकिन बरसात कम होने व जलस्तर नीचे खिसक जाने से पेयजल के लिए हाहाकार मचा है जहां एक ओर सरकार पेयजल संकट को दूर करने के लिए ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है वही ग्राम पंचायत के प्रधान पेयजल संकट को नजर अंदाज कर रहे हैं।

### गायत्री महायज्ञ के लिए ब्लॉक प्रमुख ने किया भूमिपूजन

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के ददरा हिनौता गांव में प्राचीन हनुमान मंदिर पर गायत्री महायज्ञ को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। अखिल विश्व गायत्री परिषद की ओर से प्राचीन हनुमान मंदिर पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गजेन्द्र प्रताप सिंह पहुंचे और विधि विधान से पूजन कर कार्यक्रम को सफल बनाने की ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही आयोजित यज्ञ में अधिक से अधिक लोगों को आने की अपील किया। कार्यक्रम की तिथि 1 मार्च से 5 मार्च तक किया गया है जो कलश यात्रा से प्रारंभ होगा और 7 बजे से 11 बजे तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान देव पूजन यज्ञ, एवं यज्ञ संस्कार, का कार्य किया जाएगा। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, अवधेश कुमार, दिनेश वर्मा, हेमलता सिंह, शिव शंकर भारती आदि लोग उपस्थित रहे।


### टीचर्स सेल्फ केअर टीम पहुंची दिवंगत शिक्षिका के घर

**जमालपुर।** टीचर्स सेल्फ केअर की टीम रविवार को मृतक शिक्षिका प्रीति सिंह के घर पहुँचकर शोक संतप्त परिवार से मिला। ज्ञात हो कि 15 फरवरी को कम्पोजिट विद्यालय अदलहाट की शिक्षिका प्रीति सिंह चिकित्सकों की घोर लापरवाही से इस दुनिया को छोड़ कर चली गयी थी। टीम ने परिवार को सांत्वना दिया और कहा कि प्रत्येक परिस्थिति में यह टीम हमेशा परिवार के साथ खड़ी रहेगी। टीएससीटी के सदस्यों की आंखे दोनों छोटे बच्चों को देखकर नम हो गयी। प्रीति सिंह उक्त टीम की सक्रिय सदस्य थी। टीम किसी भी वैध सदस्य की मृत्यु होने पर पूरे प्रदेश के सदस्य मात्र 80 रुपये के सहयोग से वर्तमान में 35 लाख के ऊपर की मदद करती है। टीम में जिला संयोजक रविन्द्र यादव, जिला सहसंयोजक शशिप्रकाश पांडेय, प्रियदर्शी पार्थ सारथी, आलोक मिश्रा, विकाश सिंह, दिग्विजय सिंह, कौशलेंद्र कुमार, निखिल कुमार सिंह, रजनीश चतुवेर्दी, सुनील कुमार सिंह, सतपाल सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### तीन दिन बाद ही चौकी से थाने पर पोस्ट हुए दरोगा जी

**मीरजापुर।** कहते है जब एसपी साहब की विशेष अनुकंपा हो तो दरोगा भी खुद को सीओ से कम नही समझते है। जब मामला मलाई का हो तो एसपी साहब भी ऐसे लोगों की भलाई करते है जो खुद मलाई खाये और मलाई पहुंचाए भी। दो दिन पहले ही मंडी चौकी के प्रभारी बने विष्णु प्रभा सिंह को एसपी साहब की विशेष कृपा के बाद फटाक से थाना का प्रभारी बना दिया। पुलिस लाइन में बैठे अन्य दरोगा जी इस कशमकश में है कि आखिर एसपी साहब की विशेष कृपा किसी एक पर क्यों है। कुछ ही दिनों पहले मंडी समिति पुलिस चौकी के प्रभारी बने विष्णु प्रभा के उपर एसपी साहब की कृपा कुछ ही दिनों बाद ही बन गई, जहां उन्हें सीधे मंडी समिति से हलिया थाना का प्रभारी बना दिया गया। अब विष्णु प्रभा सिंह बॉर्डर पर मलाई काटते नजर आएंगे। विष्णु प्रभा सिंह पुलिस विभाग के ऐसे दरोगा है जिनके हक में हमेशा मलाई आती है। मलाई का आनंद लेने वाले दरोगा जी को जब दूध मिला तो पसंद नही आया, जहां फिर से एक सप्ताह के भीतर मलाई काटने हलिया थाना पर पहुंच गए। मलाईदार पुलिस चौकी अदलपुरा और गुरसंडी में आनंद काटने के बाद विष्णु प्रभा सिंह हलिया में पहुंच गए है। बिना ट्रांसफर सूची मीडिया में आये दूसरी पोस्टिंग में हलिया पहुंचे विष्णु प्रभा सिंह को देखकर पुलिस लाइन में मौजूद दरोगा जी मन ही मन कोसते रहे कि किसी के हिस्से में मलाई आया और कोई मट्ठा का भी हकदार नही है।

### सन्मार्ग चलने के लिए प्रेरित करती है श्रीमद्भागवत कथा : ज्ञानानंद



**हलिया।** क्षेत्र के बैधा गांव में भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह के आवास पर आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को कथावाचक स्वामी ज्ञानानंद सरस्वती ने ध्रुव व प्रहलाद की कथा का वर्णन करते हुए श्रीमद्भागवत कथा की महिमा का भक्तों अमृतपान कराया। स्वामी ज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य आसानी से भवसागर से पार हो जाता है। कहा कि ध्रुव, और प्रहलाद की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें परम पद दिया। नरसिंह रूप में खंभे से अवतरित होकर भगवान ने हिरण्यकश्यप से प्रहलाद की रक्षा की थी। कहा कि गौ, ब्राह्मण का आदर करने वाले के ऊपर भगवान अपनी कृपा दृष्टि बरसाते रहते हैं। कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से दुखों का नाश हो जाता है और संशयों का विनाश हो जाता है। इस दौरान कथा आयोजक ललिता सिंह, नरेश सिंह, विनोद सिंह, धनंजय पांडेय, सुधीर सिंह, इंदल सिंह चंदेल, विपुल सिंह, पंकज सिंह चंदेल, दिनेश अग्रहरि, राम कृष्ण राय आदि मौजूद रहे।

### कथा शुरू

**मीरजापुर।** श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन 26 फरवरी से 5 मार्च तक राजर्षि नगर कालोनी ब्रह्मचारी का कुंआ पर में किया जा रहा है। श्री मद्भागवत कथा व्यास पं रामकुमार जी महाराज के द्वारा आयोजित किया गया है।

### एक मार्च को सपा करेगी पिछड़ा वर्ग सम्मेलन

**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में रविवार को समाजवादी पार्टी की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें आगामी एक मार्च को आयोजित होने वाले पिछड़ा वर्ग सम्मेलन के विषय पर चर्चा किया गया। और बैठक में आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने की मंत्रणा की गई। जिसमें बताया गया कि समाजवादी पार्टी के पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप का आगमन आगामी एक मार्च को होने जा रहा है। जिसके लिए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष के निदेर्शानुसार नगर पंचायत कछवां में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस विषय पर रविवार को नगर अध्यक्ष राजेंद्र यादव के अध्यक्षता में निजाम राइन के आवास पर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया है।

# केंद्रीय जल आयोग के चीफ व निदेशक ने कनहर परियोजना का किया दौरा

**जाना हाल**

## एक माह बाद परियोजना की रिवाइज लागत की टीएसी होने की जताई संभावना

जनसंदेश न्यूज



कनहर परियोजना का निरीक्षण करती क्रेंदीय जल आयोग की टीम

**दुद्धी।** केंद्रीय जल आयोग नई दिल्ली से दो सदस्यीय टीम ने रविवार की दोपहर अमवार में कनहर सिचाईं का दौरा किया। टीम ने फील्ड हॉस्टल में मौजूद परियोजना के मॉडल की ड्राइंग व उपयोगिता को समझा। अभियन्ताओं ने बताया कि कनहर बांध से 11 गांव डूब रहा है और108 गांवों को सिंचित किया जाएगा।

इसके बाद टीम मुख्य बांध स्पिलवे पहुँची जहाँ लगाए जा रहे रेडियल गेट और बरसात के दरमियान नदी में बहाव की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद टीम ने बायीं रॉकफिल का मुआयना कर प्रयुक्त हो रहे बोल्डर की गुणवत्ता को लेकर जानकारी हासिल किया। इसके बाद टीम कुड़वा टनल देखने के लिए शाम 5 बजे रवाना हो गयी। दोपहर बाद 3 बजे अमवार फील्ड हॉस्टल पहुँचे केंद्रीय जल आयोग नई दिल्ली के चीफ योगेश पेंथनकर (परियोजना मूल्यांकन) तथा डाइरेक्टर (लागत मुल्यांकन)अजय शिवलाल ने फील्ड हॉस्टल में बने परियोजना की मॉडल व विभिन्न मानचित्रों से परियोजना के निर्माण व उपयोगिता को समझा।

चीफ इंजीनियर हर प्रसाद से बात चीत के दौरान चीफ योगेश पेंथनकर ने परियोजना रिवाइज की लागत की टीएसी 1 माह में करने की संभावना जताई। उन्होंने कहा कि चूंकि 6-7 परियोजना की टीएसी एक साथ करनी पड़ती है इस कारण इसमें कुछ समयावधि बढ़ भी सकती है।

इसके बाद यहां से टीम मुख्य बांध स्पिलवे पहुँच कर स्पिलवे निर्माण की प्रगति को देखा इसी क्रम में उन्होंने बायीं रॉकफिल निर्माण की प्रगति को देखो बरसात में नदी में आने वाली दोनों नदियों के पानी के वेग के बारे में जानकारी हासिल की और पानी के निकास के बारे में जानकारी लेने पर अधिशाषी अभियंता विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अभी इस रॉकफिल को 255 को हाइट तक ले जाने की योजना है। ज्यादा बाढ़ की स्थिति में गेट खोल दिए जाएंगे जिससे बाढ़ की स्थिति नियंत्रण किया जाएगा।

इस मौके पर अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार, सीमांत अग्रवाल, अधिशाषी अभियन्ता विनोद कुमार, राम आशीष ,सत्यप्रकाश, सैयद मोइनुद्दीन ,वीर बहादुर सिंह ,सहायक अभियंता रवि कुमार ,आशुतोष मिश्रा, त्रिलोकनाथ झा ,संजय गुप्ता, सुनील यादव कारदायी संस्था के सत्यनारायण राजू, डीजीएम वर्मा, उदय भास्कर सहित दर्जनों अभियंता उपस्थित रहे।

### भौरों के हमले से जान बचाकर भागे सीडब्ल्यूसी की टीम के अधिकारी व अभियंता

**दुद्धी।** केंद्रीय जल आयोग से आये अधिकारियों की टीम अभियन्ताओं के साथ जैसे ही बांध की प्रगति जानने मुख्य बांध पहुँची और 5 निरीक्षण के 3-4 मिनट बीते होंगे कि स्पिलवे के गेट पोर्शन के नीचे छत्ते से भौंरे भन्ना गए और जिधर तिधर उड़ने लगे जिससे केंद्रीय जल आयोग समेत चीफ इंजीनियर व अभियन्तागण किसी तहस से दौड़ कर वहां से भागे और अपनी अपनी गाड़ियों में बैठकर अपनी जांच बचाई ,इस दरमियान कई अभियन्ताओं को भौरों ने अपना शिकार बनाया इस कारण टीम स्पिलवे की विधिवत निरीक्षण नही कट पायीआशंका जताई गई कि किसी के तेज परफ्यूम या ड्रोन की पंखे की आवाज से भौंरे भन्ना गए।

# तहसील परिसर से हटा अतिक्रमण



अतिक्रमण हटाता जेसीबी

**सोनभद्र।** हाईकोर्ट के निर्देश पर रविवार को सदर तहसील परिसर से अतिक्रमण हटाया गया। भारी फोर्स की मौजूदगी में सदर एसडीएम रमेश कुमार व सीओ सिटी राहुल पाण्डेय ने न्यायालय परिसर में अतिक्रमण हटवाया। जेसीबी लगाकर व नगरपालिका के कर्मियों ने अतिक्रमण ढहा दिया। अतिक्रमण हटाता देख कई लोगों की तरफ से न्यायालय परिसर में लगाई गई मड़ई, टिन सेट आदि को अपने से ही हटाने का काम शुरू कर दिया गया। इसके पूर्व शनिवार को भी कई लोगों ने अपने से ही अतिक्रमण हटा लिया था।

## संक्षेप

### डीआरएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, हड़कंप



चोपन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम

**डाला।** सलैयबनवा रेलवे स्टेशन पर रविवार की दोपहर सीआरएस के निरीक्षण के पूर्व तीन दिवसीय दौरे पर आए डीआरएम धनबाद व मुख्य वरीय परिचालन के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। सीआरएस का निरीक्षण मंगलवार को होना है, लेकिन अचानक धनबाद डीआरएम आशीष बंसल व मुख्य वरीय परिचालन पदाधिकारी अंजय तिवारी का काफिला वाया कार सलैयबनवा स्टेशन पर पहुंच गया। जिससे स्टेशन पर अधिकारियों में अफरा तफरी का माहौल बन गया। डीआरएम ने एन आई नान इंटर लाकिंग कार्य व रेलवे सुरक्षा संबंधित कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके उपरांत डीआरएम पुनः चोपन जक्सन वापस चले गए। मंगलवार को सुबह सीआरएस का निरीक्षण होना है, जिसमें सलैयबनवा, ओबरा, बिल्ली स्टेशन के बीच बने दोहरीकरण परियोजना का मोटर ट्राली के माध्यम व तीव्र गति से विशेष ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल किया जाएगा, उसके बाद ही नियमित ट्रेन का परिचालन होगा।

### दुद्धी क्षेत्र के पांच चयनित दारोगा अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**दुद्धी।** नवनियुक्त क्षेत्र के पांच उप निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र रविवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री के हाथो व मिजार्पुर के पुलिस लाइन में डीआईजी आर पी सिंह के हाथो प्रदान किया गया। कोतवाली क्षेत्र के रज खड़ निवासी राहुल बर्मन, प्रेम नाथ अग्रहरि, प्रशांत कुमार अग्रहरि निवासी दुद्धी, अभिषेक कुमार सिंह निवासी धनौरा, सौरभ कुमार निवासी ग्राम रजखड को मिजार्पुर में नियुक्ति पत्र दिया गया। युवाओं ने दरोगा भर्ती में चयन पाने के बाद खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति लगातार अग्रसर रहने से एक दिन सफलता अवश्य मिलती है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में कभी हताश व निराश नहीं होना चाहिए बल्कि धैर्य के साथ लगातार मेहनत करनी चाहिए। प्रेम नाथ अग्रहरि व प्रशांत अग्रहरि ने स्थानीय कस्बे में संचालित सत्यम एकेडमी में दरोगा भर्ती की तैयारी की थी उन्होंने अपने सफलता का श्रेय सत्यम एकेडमी को दिया है। प्राप्त जानकारी के सोनभद्र से 37 अभ्यर्थियों को न्युक्ति पत्र दिया गया है।

### अवैध परिवहन में 46 वाहनों पर हुई कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते 25 फरवरी को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध में सघन जांच किया गया, जिसमें कुल 46 वाहनों को ओवरलोड होने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 15 वाहनों को लोढ़ी बैरियर/ चोपन के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### भटकी बालिका परिजनों को सुपुर्द

**डाला।** नाबालिग भटकी बालिका को रविवार की देर रात्रि पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सुपूर्द कर दिया। जिससे घर वाले खुशी से झूम उठे। जानकारी के अनुसार नाबालिग बालिका कोन थाना अन्तर्गत कोन पुलिस को मिली, पूछताछ के दौरान भटकी हुई नाबालिग बालिका ने अपना घर डाला बैष्णो मंदिर के पास बताया। जिस पर कोन पुलिस द्वारा डाला पुलिस को बालिका सुपुर्द कर दिया गया, लेकिन बताए हुए स्थान पर भटकी हुई बालिका को लेकर पहुंची तो बालिका वैष्णो मंदिर के पास की रहवासी नही है। पुनः नए सिरे से डाला पुलिस नाबालिग बालिका के माता पिता को तलाशने लगी तो प्रीतनगर में जाकर घर वालों की पहचान हुई। जिसपर उसके माता पिता को बुलाकर सुपुर्द कर दिया।

### ठगी के मामले में दो पर गैंगेस्टर की कार्रवाई

**ओबरा।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चोपन बैरियर के पास घरेलू सामानों की बिक्री के लिए खुले रोजा होम नीड्स के दुकान संचालकों द्वारा किये गए लाखों रुपए की ठगी के बाद मामले में पकड़े गए दो अभियुक्तों पर पुलिस द्वारा गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई है। बता दें कि ठगी के मामले में पकड़े गए दोनों अभियुक्तों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मात्र तीन दिनों में ही नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों से करीब छह लाख रुपए की ठगी कर भागने के फिराक में थे। इसी दौरान शिकायत के आधार पर स्थानीय पुलिस ने मौके से दो ठगों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया था। वहीं महज चौदह दिनों के भीतर ही पुलिस ने मुकदमे की विवेचना और चार्जशीट दाखिल करने के साथ ही अभियुक्तों पर गैंगेस्टर एक्ट लगाने के लिए जिलाधिकारी को पत्रक भेजा था। जिसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा पकड़े गए अरनगुलावन पुत्र कृष्णन व बालचन्दर सोमासुन्दरम पुत्र सोमासुन्दरम निवासी तमिलनाडु के ऊपर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि गैंगेस्टर एक्ट लगने के बाद दोनों अभियुक्तों की संपत्ति की जांच कर कुर्की की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जायेगी।

# सभी दलों की सरकारों ने किया मजदूरों पर हमला

जनसंदेश न्यूज

**सम्मेलन**

## मजदूरों को बनानी होगी स्वतंत्र राजनीतिक ताकत, ठेका मजदूर यूनियन का 20वां सम्मेलन सम्पन्न




सम्मेलन को संबोधित करते अतिथि

**रेणुकूट।** 1991 में नई आर्थिक औद्योगिक नीति आने के बाद पूरे देश में सार्वजनिक उद्योगों का निजीकरण किया गया, राष्ट्रीय संपत्ति की बड़े पूंजी घरानों द्वारा लूट की गई और मजदूरों के अधिकारों पर हमला किया गया। चाहे जिस दल की भी सरकार रही हो मजदूरों के अधिकारों में उसने कटौती की और मजदूरों के हितों में बने कानूनों को खत्म करने का काम किया।

योगी सरकार ने तो कोरोना महामारी के समय इसे करने का प्रयास भी किया था। लेकिन हाईकोर्ट में हमारे हस्तक्षेप के बाद इसे वापस लेना पड़ा। यह बातें रविवार को सब आर्डिनेट क्लब पिपरी में आयोजित ठेका मजदूर यूनियन के बीसवें सम्मेलन में श्रम बंधु व यूपी वर्कर्स फ्रंट के अध्यक्ष दिनकर कपूर ने कहीं। अध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा दौर में मजदूरों को पूंजीवादी राजनीतिक दलों से उम्मीद छोड़ कारपोरेट परस्त और मजदूर विरोधी नीतियों को पलट देने के लिए अपनी स्वतंत्र राजनैतिक ताकत का निर्माण करना होगा। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र सोनभद्र में ठेका मजदूरों की हालत बेहद खराब है, एक ही स्थान पर स्थाई कामों में कानून के विरुद्ध उनसे पूरी जिंदगी काम कराया जाता है। 2019 से मजदूरों के वेज रिवीजन के ना होने के कारण उन्हें बहुत कम मजदूरी पर काम करना पड़ता है, उसमें भी महिला मजदूरों से तो महज 200 रुपए में काम कराया जाता है।

अनपरा और ओबरा जैसी परियोजनाओं में मजदूरी का बकाया रहता है। उद्योगों में सुरक्षा उपकरण न देने के कारण आए दिन मजदूरों की दुर्घटनाओं में मौतें होती हैं। मजदूरों को रोजगार कार्ड, हाजिरी कार्ड, वेतन पर्ची, ईएसआई, ग्रेच्युटी, बोनस जैसे लाभ भी बहुत सारे उद्योगों में नहीं दिए जा रहे हैं। मजदूर विरोधी कार्यवाहियों पर रोक लगाने के लिए संगठित होना होगा। राजेश सचान ने कहा कि रोजगार के सवाल को मौलिक अधिकार बनाया जाए। सम्मेलन में कृपाशंकर पनिका को अध्यक्ष और तेजधारी गुप्ता को मंत्री चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पर तीरथ राज यादव, संयुक्त मंत्री मोहन प्रसाद, प्रचार मंत्री शेख इम्तियाज, कोषाध्यक्ष गोविंद प्रजापति और कार्यालय सचिव अंतराल खरवार और 15 सदस्यीय कार्यकारिणी को चुना गया। अध्यक्षता सभासद मल्लर देवी, तीरथ यादव और तेज धारी गुप्ता ने की।

### सौहार्द्र के साथ मनाएं होली त्योहारः सीओ

**ओबरा।** होली का त्यौहार शांति और सौहार्द से मनाये जाने को लेकर रविवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौजूद सभी धर्म और समुदाय के लोगों से आपस में शांति और सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की गई। अध्यक्षता कर रहे एएसपी/सीओ शंकर प्रसाद ने लोगों से होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की बात कही। सीओ ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इससे लोगों को सीख लेनी चहिए। रंग-गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से संपन्न हो सके। थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने कहा कि होलिका का स्थान घर अथवा बिजली के तारों से दूर रखा जाए, ताकि किसी तरह का नुकसान नहीं होने पाए। कहा कि कहीं भी किसी व्यक्ति के द्वारा त्यौहार में खलल डालने की कोशिश की गई अथवा शांतिभंग करने का प्रयास किया गया तो उसके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर कस्बा चौकी प्रभारी अमित त्रिपाठी, उमेश पटेल, नीरज भाटिया, अरविंद सोनी, समीर माली, मुन्ना, भारत लाल, मोहन बाबू, सैय्यद आरिफ, मुजफ्फर अली, सुनील भारती, सतेंद्र कुमार, महेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# जाति जनगणना होनी आवश्यक

**बोले राजपाल कश्यप**

## सपा पिछड़ा वर्ग जातिगत जनगणना गोष्ठी संपन्न

जनसंदेश न्यूज



गोष्ठी को संबोधित करते सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष

**सोनभद्र।** समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप व एमएलसी का दो दिवसीय दौरे पर रविवार को जनपद आगमन हुआ। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं हिंदुआरी तिराहे पर उनका स्वागत किया। इस दौरान विधानसभा रावर्ट्सगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय किरहुलिया प्रांगण में आयोजित पिछड़ा वर्ग जातिगत जनगणना की गोष्ठी को संबोधित करते हुए राजपाल कश्यप ने कहा कि प्रदेश में पिछड़ा वर्ग जातिगत जनगणना होनी चाहिए। जिससे हर समाज को उनके भागीदारी के अनुसार आरक्षण मिले और उनका विकास हो।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सरकार जबसे केंद्र एवं प्रदेश में बनी है, तबसे चारों तरफ अराजकता का माहौल कायम है। कोई वर्ग इस सरकार में सुरक्षित नहीं है, किसान, मजदूर, नौजवान, व्यापारी हर वर्ग परेशान है। पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं पर आए दिन अत्याचार हो रहा है और गरीब मजदूरों की कोई सुनने वाला नहीं है। जब प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है, तब हर वर्ग का विकास होता है। इस मौके पर राम निहोर यादव, शईद कुरेशी, कृपाशंकर चौहान, यशवंत चौधरी, संजय यादव, रामभरोसे सिंह पटेल, अनिल प्रधान, रवि गौड़, नंदलाल मौर्या, पदम बिंद, वेद मणि शुक्ला, लालवर्ती यादव, ओम प्रकाश त्रिपाठी, अशोक पटेल, रामसेवक, प्रमोद, प्रशांत सिंह, बलिराम मौर्या, कोमल बिंद, रूपेश बिंद, कमलेश यादव, विमलेश पटेल, सुरेश यादव, राजेश पटेल, राजमणि आदि मौजूद रहे।

# मेहनतकशों को न्याय देकर श्रम विभाग ने किया सराहनीय कार्यः उत्तम मिश्रा

जनसंदेश न्यूज



शहीद स्मारक पर बैठक को संबोधित करते श्रमिक संघ इंटक यूनियन ट्रेड के नेता उत्तम मिश्रा

**डाला।** स्थानीय शहीद स्मारक पर डाला सीमेंट फैक्ट्री श्रमिक संघ इंटक यूनियन द्वारा शनिवार की देर सायंकाल बैठक आयोजित किया गया, जिसमें फैक्ट्री व माइंस के अंदर कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान दिल्ली तालकटोरा स्टेडियम में 23 फरवरी को इंटक के अधिवेशन में डा. संजीवा रेड्डी को पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के लिए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया।

अध्यक्षता करते हुए ट्रेड यूनियन के नेता उत्तम मिश्रा ने उप मुख्य श्रमायुक्त (सेंट्रल) कानपुर का आभार जताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार श्रम विभाग के अधिकारी ने मेहनतकश के हक में न्याय करते हुए प्रबंधन को निर्देश दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि डाला फैक्ट्री सीमेंट इंडस्ट्री है, इसमें सभी कर्मचारियों को सीमेंट वेज बोर्ड अवार्ड (नेशनल सेटलमेंट) का वेज लागू होना चाहिए व पैकिंग प्लांट, काटा, लोडिंग अन लोडिंग, प्लांट में सफाई व अन्य साइट के संविदा कर्मचारीगण मजदूर वर्ग को भी सीमेंट वेज की सैलरी के बराबर वेज तय करें। उप मुख्य श्रमायुक्त ने 15 मार्च तक सभी को सीमेंट वेज बोर्ड अवार्ड नेशनल वेज सेटलमेंट में शामिल करते हुए संविदा कर्मियों के वेज को ठीक करते हुए उसका रिपोर्ट प्रबंधन को जमा करने के लिए निर्देश जारी किया। इस मौके पर अविनाश पति, अवनीश पांडेय, अवधराय, बृजेश मिश्रा, राजेश कुमार, विनय सिंह, विनय पाण्डेय, दिलीप सिंह, राजेश कुमार सिंह, शंकर लाल प्रजापति समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चीफ केजरवेटर ने देखा डाइवर्सिटी पार्क बंगले का कायाकल्प

**निरीक्षण**

## वन संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने का दिया निर्देश

जनसंदेश न्यूज



पार्क कायाकल्प का निरीक्षण करते चीफ कंजर्वेटर

**दुद्धी।** चीफ कंजर्वेटर रमेश चंद्र झा ने रविवार को हाथीनाला स्थित डाइवर्सिटी पार्क के समीप डाक बंगले के चल रहे रेनोवेशन कायाकल्प कार्य का मुआयना किया। इसके बाद पार्क में घूम कर पार्क में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों में जंगलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के अभियान चलाने के निर्देश दिए।

चीफ कंजर्वेटर ने फिलहाल में पार्क में हुए विभिन्न एडवेंचर के कार्य को भी देखा। पार्क में बिजली का कनेक्शन लगवाकर स्ट्रीट लाइटों से पार्क प्रकाशित करने के भी निर्देश दिए। कहा कि बरसात से पूर्व पौधरोपण के लिए ट्रेंच खुदाई के साथ नर्सरी में पौधों को ससमय तैयार कर लिए जाए। इसके साथ उन्होंने वन संरक्षण पर भी जोर दिया। कहा कि अवैध कटान व वन सीमा में अवैध खनन हर हाल में रोका जाए। ऐसा करते पाए जाने वालों पर वन अधिनिश्यम के तहत कार्रवाई करने का उन्होंने संबंधितों को निर्देश दिया। इस मौके पर डीएफओ मनमोहन मिश्रा, एसडीओ भानेन्द्र सिंह, वन क्षेत्राधिकारी संजय श्रीवास्तव, पिपरी रेंजर धीरेंद्र मिश्रा समेत तमाम वन कर्मी मौजूद रहे।

### बलिकाओं को किया गया जागरूक, बताये गये हेल्पलाइन नंबर

**सोनभद्र।** शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं/बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने थाना क्षेत्रों/बीटों/कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओ/बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। वहीं वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें।

# बसपा की बैठक में गांव चलो अभियान की समीक्षा



बैठक को संबोधित करते बसपा जिलाध्यक्ष बी सागर

**सोनभद्र।** बसपा के तत्वावधान में गांव चलो अभियान के तहत विधानसभा दुद्धी 403 के अंतर्गत सेक्टर समीक्षा बैठक ग्राम पंचायत चिल्काडाँड में की गयी। अध्यक्षता अनिल मौर्या विधान सभा अध्यक्ष ने की। मुख्य अतिथि राम विचार गौतम मण्डल प्रभारी एवं संजय गोंड मण्डल प्रभारी मण्डल मिजार्पुर, बी सागर जिलाध्यक्ष बसपा रहे। संजय गोंड़ ने कहा कि बहन कुमारी मायावती ने सर्व समाज के हित के साथ साथ अनसूचित जनजाति के लोगों को अपनी जमीन पर मालिकाना हक देने का काम किया। रामविचार गौतम ने कहा कि बसपा के चार बार के शासन काल में कानून का राज रहा। बी सागर ने कहा कि इस समय प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। कई घटनाएं घटी जिसमें कानपुर में मां बेटी को जिंदा जल गई, प्रयाग राज में जो घटना घटी जिसमे बसपा विधायक राजू पाल हत्या कांड के मुख्य गवाह अधिवक्ता उमेश पाल और उनके गनर की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। इस मौके पर हृदयानंद साहनी,अशोक सागर जमुना कुमार, महेंद्र सेन, जितेन्द्र कुमार, राज कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राजकुमार जोन प्रभारी ने किया।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष को छुटभैया नेता कहने पर निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश




प्रदर्शन करते निषाद पार्टी के कार्यकर्ता

**चोपन।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और आशीष पटेल को छुटभैया नेता कहने पर बवाल शुरू हो गया। रविवार को निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष साहनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि अखिलेश यादव अपने दिये गए बयान को वापस लें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव को माफी मांगनी चाहिए। उनके द्वारा दिये गए इस तरह के बयान से मछुआ समाज आहत है। बता दें कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार दोपहर नोएडा पहुंचे, वहां हजरतपुर वाजिदपुर गांव में राजपाल सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण किया तथा जनसभा को संबोधित भी किया। उसी दौरान उन्होंने योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और आशीष पटेल को छुटभैया नेता कह डाला, जिस पर पार्टी के नेताओ में आक्रोश व्याप्त है। पैदल मार्च में राजनरायन निषाद, डा विजय साहनी, रोहित कृष्णा विंद, फूल चंद चौधरी, विनोद चौधरी, राकेश साहनी, रामभजन निषाद, छोटेलाल निषाद, संजीव गुप्ता, नागेंद्र निषाद, महेश निषाद, दिलीप निषाद, श्रवण निषाद, धर्मेंद्र निषाद, गिरजा निषाद आदि उपस्थित रहे।

# अनुदेशकों के मुद्दे को विधायक प्रभु नारायण ने विस में उठाया

**चहनियां।** विधान सभा मे विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने अनुदेशकों के मुद्दों को लेकर विधान सभा मे आवाज उठायी। जिसे लेकर चन्दौली के अनुदेशकों में हर्ष ब्याप्त है। विधानसभा लखनऊ में चल रहे वर्तमान सत्र में विधायक सकलडीहा प्रभु नारायण सिंह यादव द्वारा उत्तर प्रदेश में उच्च प्राथमिक विद्यालय में पिछले 10 वर्षों से कार्यरत अनुदेशकों के हित को देख करके उन्होंने प्रश्नकाल में जो मुद्दा उठाया है।

उन्होंने मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रदेश भर के अनुदेशक लगभग 10 वर्ष से उच्च प्राथमिक बिद्यालयो में गांव के गरीब ,शोषित ,वंचित ,पिछड़ों के बच्चे को शिक्षा दे रहे है। लगभग 35 हजार अनुदेशक अपने बच्चो की पढ़ाई,परिवार की परिवरिश मात्र 9 हजार रुपये महीने में कर रहे है। जो इस महंगाई में सम्भव नही है। हर वर्ष 4 से 5 लोगो की असामयिक लोगों की मृत्यु हो रही है। जबकि अनुदेशकों की नियुक्ति आरटीई एक्ट 2009 वर्णित मानक अनुसार अपने विषयो को पढ़ाने के लिए दक्ष है। ऐसी स्थिति में अनुदेशकों द्वारा नियमित नियुक्ति की मांग की जा रही है। अनुदेशक महिला को सी0सी0एल0 का लाभ दिया जाना जनहित में आवश्यक है। उनके मानदेय बढ़ाने,सुविधा अन्य विषयों पर भी मुद्दा को उठाया। वही चन्दौली वाया सैदपुर मुख्य मार्ग से सम्पर्क मार्ग मारूफपुर,नैढ़ी ,नादी होते हुए बाबा कीनाराम रामगढ़ मार्ग की भी मुद्दा उठायी। विधायक द्वारा मुद्दा उठाये जाने पर जिला कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष अभिनव सिंह तथा सभी ब्लॉक के अध्यक्षों ने विधायक को धन्यबाद ज्ञापित किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिन्होंने अनुदेशकों के मुद्दे को विधानसभा में सीएम के समक्ष उठाया और उनकी मांगों को रखा इसलिए जिला कार्यकारिणी के तरफ से विधायक को धन्यवाद किया गया। धन्यबाद देने वालो में मुख्य रूप से अभिनव सिंह जिला अध्यक्ष, विकास यादव मंडल अध्यक्ष, पवन पांडे ब्लॉक अध्यक्ष, सत्येंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे ।


विधान सभा मे आवाज उठाते विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव

## ब्लॉक प्रमुख ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण


ब्लाक प्रमुख को पत्रक देते प्रभारी चिकित्साधिकारी रितेश कुमार

**चहनिया।** स्थानीय कस्बा स्थित चहनिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने औचक निरीक्षण कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्यायों को लेकर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० रितेश कुमार से जानकारी ली। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आवारा पशुओं को प्रवेश रोकने के लिए मुख्य गेट पर काउ कैचर लगवाने ,मुख्य गेट से ओ0टी0 तक इन्टर लाकिंग चिकित्सालय परिसर की बाउन्ड्री वाल पीछे की तरफ मरम्मत गेट के अन्दर प्रवेश करते ही दाहिने ओर बाउन्ड्री वाल उंचा कराने, जे0 एस0 वाई0 की शौचालय, पानी की निकासी,मरीजो की सुविधा के लिए जरनल वार्ड ब्यवस्था,कोविड वार्ड हैन्ड ओवर नही है। ओ०पी०डी० के बाहर मरीजो की सुविधा के लिए टीन शेड लगवाने मीटिंग हाल अधिकारियों कर्मचारियो के आवासीय भवन जर्जर हो चुके है। मरम्मत कराने के लिए प्रभारी चिकित्साधिकारी ने प्रत्रक दिया। वहीं ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर भवन, भवन बाउंड्री वॉल शौचालय, स्टोर रुम आदि के निर्माण सुंदरीकरण, कायाकल्प के लिए बात करुंगा।

# सूर्यमुनि तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जनपद की हुई चर्चा आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का 98 संस्करण को भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विधानसभा के सलेमपुर सेक्टर के बूथ संख्या 341 बनौली चट्टी पर भाजपा कार्यकर्ताओ संग उत्साह से धैर्य पूर्वक सुना गया।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया के तहत ई संजीवनी एप्प ,कपड़े के बैग का इस्तमाल करने का संकल्प एवं चंदौली के मदन मोहन लाल सहित अन्य विषयों की चर्चा की। इस दौरान भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि आज पुनः मन की बात कार्यक्रम में हमारे जनपद चंदौली का जिक्र किया गया वह हम सब के लिए गौरव का क्षण है मोदी जी के नेतृत्व में देश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है हम सब मोदी जी के मन की बात का अनुसरण करना चाहिए व देश के विकास में सहयोग करना चाहिए, देश मे ई संजीवनी एप के माध्यम से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे मे आपस में चर्चा किए। इस मौके पर भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी, यशवंत सिंह, अखिलेश तिवारी, सुभाष चन्द्र, राजू चौहान, विनय प्रजापति, रोहित मौर्या, धर्मेंद्र कुमार, अभिषेक पाण्डेय, अशोक कुमार, मनोज सिंह, कृष्ण कुमार मौर्या, उदय नाथ सिंह, शिवरत्न विश्वकर्मा,अशोक जायसवाल आर्यन चौहान, मिंटू राही, रामजीत, विजय कुमार सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।


भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सूर्यमुनि तिवारी

## संक्षेप

### क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन


क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

**नियामताबाद।** पटनवा गांव में रविवार को क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक विनय सिंह व सीडीओ एस एन श्रीवास्तव व रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जिसमें युवराज स्पोर्टिंग क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 100 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पिछा करते हुए जार्डन क्रिकेट अकादमी में 6 ओवर पहले जीत हासिल कर ली। जाडन क्रिकेट अकादमी के तरफ से शुभम यादव 4 ओवर में 5 विकेट लिए वही सनी 4 विकेट युवराज एकेडमी के तरफ से आदित्य दो प्रखर आदित्य दो विकेट बेटिंग में सारांश चौधरी 42 रन प्राप्त किया। इस दौरान चिरंजीवी गुप्ता, रोहित कुमार, विजय यादव, मिथिलेश सुंदरम, जय सिंह यादव, धीरज यादव नीरज यादव आजाद रामबाबू तनवीर अहमद उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने थाने का किया वार्षिक मुआयना

**शहाबगंज।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने रविवार को थाने का वार्षिक मुवायना किया। इस दौरान थाने की साफ सफाई, अपराधिक रजिस्टर, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रों का रख रखाव को देखा। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी से अपराधिक मुकदमों सहित सभी बिंदुओं पर जानकारी लिया। इस दौरान उपनिरीक्षक आनंद प्रजापति, धर्मेन्द्र कुमार,शिव कुमार यादव, सिंघासन यादव, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार सरोज, कृष्ण कुमार यादव,कांस्टेबल मनीष कुमार, सब्बीर अहमद,रतन कुमार,राम अवतार,नन्द कुमार, महिला कांस्टेबल सुभद्रा सरोज,नीतु भारती,रितु कुमारी, गीता कुमारी आदि पुलिस कर्मी उपस्थित रही।

### खरवार सहायता समिति की बैठक संपन्न

**चंदौली।** खरवार सहायता समिति की बैठक रविवार को संतोष कुमार खरवार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर संपन्न हुआ जिसमें संगठन को आगे बढ़ाने के लिए विस्तार से चर्चा किया गया। वही पदाधिकारियों ने लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम के राज्यपाल बनाए जाने पर खुशी जाहिर कि इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हम सबको एक होना जरूरी है। जिससे संगठन मजबूत और सशक्त बन सके। इस दौरान दयाशंकर खरवार अजय खरवार रामाश्रय खरवार दीपक खरवार राजीव खरवार धर्मेंद्र खरवार प्रदीप खरवार अवनीश आदि लोग उपस्थित रहे।

### चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस आज

**कंदवा।** राष्ट्र नायक अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस सोमवार को मनाया जाएगा। आजाद शिक्षण संस्थान चिरईगांव में विद्यालय प्रबंधन तंत्र व भारतीय किसान यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में जहां मुख्य, विशिष्ट गणमान्य नागरिकों का आगमन होगा वहीं विद्यालय के छात्र,छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय किसान यूनियन के सुमंत सिंह अन्ना व शिव बच्चन सिंह द्वारा संयुक्त रुप से दी गई।

### पीएम ने मन की बात में मदन मोहन लाल से की बात

**चंदौली।** पीएम ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में मदन मोहन लाल से वार्ता की। ब्लॉक चकिया के ग्राम अमड़ा उत्तरी गांव के निवासी हैं। प्रधानमंत्री ने मदन मोहन जी से जनपद में क्रियाशील हेल्थ वेलनेस सेंटर पर उपलब्ध टेलीकम्युनिकेशन की सुविधा के बारे में जानकारी ली। वहीं मदन मोहन ने पीएम टेलीकम्युनिकेशन के माध्यम से मरीजों के सुविधाजनक उपचार से अवगत कराया और इस प्रकार की सुविधाजनक उपचार पर पीएम से संतोष व्यक्त किया गया।

### शिक्षा के साथ ही खेलकूद भी जरूरीः पंकज कुमार झा

चंदौली। मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 50 वां वार्षिक क्रीडा समारोह का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ प्राचार्य प्रोफेसर पंकज कुमार झा ने किया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। साथ ही अपना दमखम दिखाते हुए बेहतर प्रदर्शन की बदौलत स्थान प्राप्त किया। इस दौरान बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में कृष्णा प्रथम, प्रसाद द्वितीय व अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मीटर में कृष्णा प्रथम, प्रशांत द्वितीय और रविकांत तृतीय स्थान पर रहे। जबकि 400 मीटर में भी कृष्णा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और चंद्रिका द्वितीय और देवेंद्र को तृतीय स्थान मिला। इसके अतिरिक्त 1500 मीटर में क्रमशरू देवेंद्र, चंद्रिका व विजय प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। गोला प्रक्षेपण में रविकांत प्रथम, कृष्णा द्वितीय व गोलू को तृतीय स्थान मिला। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रतिमा प्रथम, अर्चना द्वितीय और रेनू तृतीय रही। वहीं 200 मीटर में प्रतिमा प्रथम, चांदनी द्वितीय व ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 400 मीटर में प्रतिमा प्रथम, साधना द्वितीय और ज्योति तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा 1500 मीटर में चांदनी प्रथम, साधना द्वितीय व रोली को तृतीय स्थान मिला। गोला प्रक्षेपण में क्रमशरू अर्चना, चांदनी और गुंजा तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर पंकज कुमार झा ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ ही खेलकूद भी जरूरी है। इससे मन मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहता है। इस मौके पर डा. गायत्री महेश्वरी, डा. रीतू खरवार, डा. संगीता, डा. कन्हैयालाल भारती, डा. आनन्द कुमार त्रिपाठी, डा. अरविंद कुमार, डा. सुमना मुखर्जी, डा. दिलशाद अंसारी, विनोद कुमार, आलोक प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### जर्जर खंभे पर टिका 11 हजार वोल्ट का तार

**नियामताबाद।** लौंदा गांव के एक पुल से पांच गांव का रास्ता है उस पुल से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। वहीं पुल से सटे जर्जर खंभे पर टिका 11 हजार बोल्ड का तार बड़ी घटना का सबब बन सकता है। आये दिन विद्युत खंभों में फैल रहे करंट की चपेट में आकर पशु जान गवा रहे हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली शहर - गांव में केवल राजस्व वसूली तक ही सीमित रह गयी है। सबकुछ जानते हुए जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है। कि इस रास्ते पर हमेशा लोगों का आवागमन होता है। फिर भी प्रशासन और बिजली विभाग इसके प्रति गंभीर नहीं है। कहना है कि अलीनगर उपकेंद्र के निर्माण के 40 -45 बरस हो चुके हैं। उसी समय के लगे विद्युत तार और खंभे काफी जर्जर हो गए है।

### रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**कन्दवा।** थाना क्षेत्र के चिरईगांव में शनिवार की देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के 19 वर्षीय मोहित सिंह को चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल युवक को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। भुक्तभोगी के तहरीर पर पुलिस एक पक्ष के दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर अगली कार्रवाई में जुट गई।
पुलिस के अनुसार चिरईगांव निवासी मोहित सिंह शनिवार की देर शाम रेहड़ा माता मंदिर जा रहा था। तभी गांव निवासी सूरज राम से पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गया। इस दौरान सूरज राम ने मोहित सिंह को चाकू से मारकर घायल कर दिया। भुक्तभोगी के तहरीर पर पुलिस आरोपी पक्ष के सूरज राम व अनुज यादव के खिलाफ मुकदमा दर्जकर अगली कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में रामपुर चौकी प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि मारपीट में घायल भुक्तभोगी का वाराणसी के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। घायल के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अगली कार्रवाई की जा रही है।

# जिलास्तरीय रोवर्स रेंजर्स प्रतियोगिता में धानापुर प्रथम सकलडीहा द्वितीय

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की ओर से सकलडीहा पीजी कॉलेज में दो दिवसीय जनपदीय रोवर्स रेंजर्स कार्यक्रम का रविवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर संत कुमार त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर श्री कृष्ण लाल श्रीवास्तव मंडलायुक्त स्काउ गाइड व समारोह के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय प्राचार्य संप्रति समन्वयक रोवर्स रेंजर्स महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने कार्यक्रम की दीप प्रज्जवलित कर शुरूआत किया।

इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में धानापुर प्रथम सकलडीहा द्वितीय और खंडवारी विद्यालय चहनिया और कमलापति त्रिपाठी विद्यालय के बच्चे तृतीय स्थान हासिल किया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समागम कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के रोवर्स रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। समागम में रोवर्स रेंजर्स द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता निबंध झांकी ,कैंप फायर, लोक गीत ,लोक नृत्य ,स्की लो रामा, फर्स्ट एड पायनियरिंग प्रोटेस्ट पेंटिंग , यूथ फोरम रोल प्ले, क्विज गेम, सेंड स्टोरी, मार्च पास्ट, कलर पार्टी विषय पर प्रतियोगिता हुआ। जिसमें शहीद हीरा सिंह महाविद्यालय धानापुर ने प्रथम स्थान और सकलडीहा पीजी कॉलेज द्वितीय और मां खंडवारी पीजी कॉलेज एवं पंडित कमलापति त्रिपाठी कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि प्रोफेसर संत त्रिपाठी ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स मानव जाति की सेवा और प्रकृति के संरक्षण के लिए स्वैच्छिक आंदोलन है।

हम भारत वासियों के लिए हनुमान एक आदर्श स्काउट के रूप में स्थापित हुए थे। जिन्होंने विकट परिस्थितियों में भी हर समस्या का हर करने में अपने को सिद्ध कर लिया था। भारत मनीषी स्वामी विवेकानंद, बिरसा मुंडा, ज्योतिबा फुले, मदर टेरेसा जैसी अनेक उदाहरण आपके लिए आदर्श बनेंगे। आज जहां विश्व तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर खड़ा वही हम भारतीयों से शांति व जातिवाद, क्षेत्रवाद संप्रदाय वाद से ऊपर उठकर अपने आप को भारत को विश्व गुरु बनाने में सहयोग प्रदान करे। वहीं विशिष्ट अतिथि श्री कृष्णा लाल प्राचार्य इंटर कॉलेज सकलडीहा ने रोवर्स रेंजर्स छात्र छात्राओं को मौन शक्ति का परिचय दिलाया और बताया कि हम रोवर्स रेंजर्स अपने कर्म और कर्तव्य से भारत के स्वर्णिम इतिहास को लिख सकते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडे जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उपस्थित समस्त टीमों का अभिवादन करते हुए छात्र-छात्राओं को आने वाला हर कल आज की याद कर आपको सहज, सजग एवं सशक्त बनाये रखने का आवाहन किया।

अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मुख्य अतिथि के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर विजेंद्र कुमार सिंह,कैप्टन सत्यमूर्ति ओझा,जिला संगठन कमिश्नर सैयद अली अंसारी,ग्राम प्रधान प्र. सुरेन्द्र यादव, जे पी रावत , अंजू कुमारी, डॉक्टर भानु प्रताप सिंह, संतोष कुमार,महेंद्र कुमार,प्रोफेसर इंद्रदेव सिंह, प्रो.शमीम राईन, दयाशंकर सिंह, राजेश यादव, इंद्रजीत सिंह, अजय कुमार यादव, अनिल तिवारी, डॉ अभय कुमार वर्मा, डॉ पवन कुमार ओझा आदि उपस्थित रहे।


सकलडीहा पीजी कॉलेज में आयोजित रोवर्स रेंजर्स को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डा. संत त्रिपाठी व प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार पांडेय

# आम लोगों के हित की बात करते हैं पीएम


प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनते लोग

जनसंदेश न्यूज

**नियमताबाद।** क्षेत्र के ग्राम सभा पचोखर में रविवार की सुबह प्रधान के आवास पर प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनने के पश्चात ग्रामीणों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम लोगों के हित की बात करते हैं वह देश में ऐसी योजनाएं चला रहे हैं जिससे आने वाले समय में भारत विश्व गुरु बन सकता है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब ,मध्यम के साथ-साथ सभी वर्गों का ध्यान रखा है उनकी योजनाएं आम जनों के लिए के लिए रहती है । इस मौके पर उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता महेश लाल जायसवाल ने कहा कि भाजपा सभी का ध्यान रख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में विकास के लिए नित नए आयाम लिख रहे हैं।ऐसे में हम प्रधानमंत्री मोदी का आभार प्रकट करते हैं कि वह आम जनों के प्रति कितने समर्पित रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी देश में रहने वाले अंतिम व्यक्तियों तक के बारे में सोचते हैं व चिंतित रहते हैं । प्रधानमंत्री ने कला साहित्य शिक्षा व रोजगार जैसे सभी मुद्दों पर आम जनों का ख्याल रखा है। इस मौके पर इस मौके पर अशोक जयसवाल, सौरभ तिवारी, गौरव तिवारी , पकौड़ी विश्वकर्मा रंगीले पांडे, मुकुट बिहारी पांडे, गोपाल सिंह सूरज जयसवाल, हरि जयसवालआदि लोग उपस्थित रहे।

# सर्विस रोड की नाली जाम सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**परेशानी**

**नगर पंचायत खोल रहा स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता अभियान की पोल**

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित सदर तहसील के समीप सर्विस रोड का नाली जाम होने से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे राहगीरों व आस पास के लोगो को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वही उससे उठाने वाले दुर्गंध से लोगो का जीना मुहाल है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता अभियान की पोल खोलकर रख दिया है। नगर पंचायत द्वारा वार्डों में साफ-सफाई का दावा हवा हवाई ही दिख रहा है।

नगर पंचायत में सफाई कर्मचारियों की भारी भरकम फौज होने के बावजूद नगर में नालियां बजबजा रही हैं। साफ-सफाई नहीं होने के कारण नालियों की गंदगी सड़कों पर बह रहा है। लोगों को गंदे कीचड़ व पानी में से आना पड़ रहा है। साफ-सफाई नहीं होने से नगर में बिमारियों की भरमार हो गई है। इतनी गंदगी में लोगों को मजबूरन रहना पड़ रहा है। नेशनल हाईवे की सर्विस लेन में लगातार जलभराव होने से तमाम तरह के कीटाणु एवं मच्छर पनपते हैं। जिसकी वजह से लोगों और उनके बच्चों में संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। लोगो की माने तो शिकायत के बावजूद समस्या का नहीं हुआ समाधान नही हो रहा है। नगर की सर्विस लेन में जलभराव होने का मामला सालों से चल रहा है। कभी कभी नगर पंचायत द्वारा सफाई के नाम पर कोरामपूर्ती कर के छोड़ दिया जाता है। यही नही नाली बनाने व तोड़ने का कार्य पिछले एक वर्ष से चल रहा है । फिर भी इसको दुरुस्त नही किया गया। इस समस्या की शिकायत एनएचआई के बड़े अफसरों तक की गई । बावजूद किसी भी अधिकारी ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है। इससे आस पास के लोगो में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है।


सदर तहसील के समीप सर्विस रोड पर जमा नाली का गंदा पानी

# करनौल के अभिषेक व अमरा के हरिहर का नेपाल में दिखा जलवा

जनसंदेश न्यूज

**शहाबगंज।** क्षेत्र के करनौल गाँव के अभिषेक कुमार चंदन व चकिया विकास क्षेत्र के अमरा निवासी हरिहर प्रसाद को 27 व 29 जनवरी को आयोजित 30 वां फेडरेशन कप टेनिस बाल क्रिकेट चौम्पियनशिप में स्वर्ण पदक मिलने से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। दोनों खिलाड़ी शुरू से ही बहुत होनहार रहे हैं। हरिहर प्रसाद ने 2016 सीनियर नेशनल में ( स्वर्ण पदक) नेपाल में 2019-20 में (रजत पदक) नेपाल मे 2022-23 में (स्वर्ण पदक) जीता। अभिषेक कुमार चंदन ने नेपाल में 2022-23में( स्वर्ण पदक) जीता।

आन्ध्र प्रदेश के ओंगोल में आयोजित 27 से 29 जनवरी 2023 तक 30 वां फेडरेशन कप टेनिस बाल क्रिकेट चौम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला उत्तर प्रदेश व पांडिचेरी के बीच खेला गया। जिसमें उत्तर प्रदेश ने टास जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया पांडिचेरी कि टीम निर्धारित 8 ओवर में 74 रनो का लक्ष्य दिया। दोनों खिलाड़ियों ने क्षेत्ररक्षण में शानदार प्रदर्शन किया जिससे पांडिचेरी की टीम मात्र 74 रन पर ही सिमट गई। उत्तर प्रदेश कि टीम ने 7 ओवर 5 गेंद पर ही मैच को जीत लिया। दोनों खिलाड़ी जिस तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर सरकारी प्रोत्साहन मिला तो खेल जगत में नाम रौशन करने से इन दोनो खिलाड़ियों को कोई नहीं रोक पायेगा। दोनों खिलाड़ियों ने इस जीत के लिए अपने खेल शिक्षक के साथ परिजनों का योगदान बताया।


आंध्र प्रदेश में ट्रॉफी के साथ विजेता टीम

### जनता के लिए उपलब्ध कराई जा रही टेलीकम्युनिकेशन की सुविधा

**चंदौली।** जनपद में कुल 184 सी एच ओ द्वारा हेल्थ वेलनेस सेंटर पर आम जनता के लिए यह टेलीकम्युनिकेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मरीज अपने क्षेत्र के हेल्थ वेलनेस सेंटर पर जाकर सी एच ओ को अपनी बीमारी से अवगत कराते हैं। सीएचओ द्वारा मोबाइल के माध्यम से टेलीकम्युनिकेशन द्वारा चिकित्सक से संपर्क करते हैं। और मरीज की बिमारी और समस्याओं के विषय पर विस्तृत चर्चा करते हैं। चिकित्सक द्वारा मरीज के लिए जांच और दवा का परामर्श दिया जाता है। उस परामर्श के आधार पर सी एच ओ ( कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) द्वारा मरीज की जांच की जाती है और दवा उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार की सुविधा से मरीजों को अपने घर के समीप ही चिकित्सीय परामर्श और उपचार उपलब्ध होता है। वर्तमान में जनपद में कुल 92 चिकित्सक टेलीकम्युनिकेशन के लिए पंजीकृत हैं। इनके अलावा वाराणसी, लखनऊ तथा अन्य उच्च मेडिकल संस्थानों के चिकित्सक टेलीकम्युनिकेशन सुविधा के लिए उपलब्ध रहते है।

# रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन


जिला अस्पताल में रक्तदान करते युवा

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जन भर लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया। वहीं दो लोगों ने ब्लड डोनेट भी किया। साथ ही रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी ने कहा कि पंजीकरण कराए संस्था के सहयोगी 21 अप्रैल को रक्तदान करेंगे। उन्होंने कहा कि संस्था के इस कार्य को देखते हुए रक्तदान के लिए युवा आगे आ रहे हैं। प्रथम बार चक ग्राम निवासी अच्छे लाल सैनी व नगर निवासी संजय कन्नौजिया ने रक्तदान किया है। कहा कि रक्तदान करने से किसी जरूरत मंद की जिंदगी बचायी जा सकती है। इस मौके पर ब्लड बैंक के एलटी संजय कुमार, बृजेश, अजीत, संध्या, राहुल, लखेंद्र, हिमांशु वर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

## शादी के सवाल पर शरमाए बाबर आजम, सफेद बालों पर दिया यह जवाब, वीडियो देखकर नहीं रुकेगी हंसी

क्रिकेट जगत में हाल फिलहाल में कई खिलाड़ियों ने शादी की है। भारत के हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, शान मसूद और शादाब खान शादी के बंधन में बंध चुके हैं। पिछले कुछ समय में ये खिलाड़ी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शादी न करने की वजह से चर्चाओं में हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनकी शादी से जुड़े सवाल जरूर पूछे जाते हैं। हालांकि, वह अपनी सूझबूझ से शादी के सवाल को टालने में कामयाब रहे हैं। हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान 28 वर्षीय बाबर से मीडिया ने शादी को लेकर सवाल पूछा, इस पर वह शरमा गए और मजेदार जवाब दिया। पीएसएल में पेशावर जाल्मी और लाहौर कलंदर्स के बीच मैच से पहले जब बाबर प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए तो एक पत्रकार ने सवाल पूछा- आप कप्तान हैं। आपकी टीम के सभी लड़कों की शादी हो रही है और आपका बाल सफेद होता जा रहा है। तो आपका कब इरादा है शादी का?



# ऑस्ट्रेलिया ने दिया 157 का टारगेट

## ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 156 रन बनाए

**विमेंस टी-20 वर्ल्डकप फाइनल**

**न्यूयार्क।** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर जारी है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की ओपनर लौरा वॉल्वार्ट (29*) और क्लो ट्रायॉन (1*) क्रीज पर हैं। 11 ओवर के बाद टीम ने 3 विकेट पर 54 रन बना लिए हैं।

कप्तान सुने लुस 2 रन बनाकर रन आउट हुईं। वहीं, ओपनर ताजमिन ब्रिट्ज 10 और मारियन कैप 11 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। 157 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम को पावरप्ले में बेहद धीमी शुरुआत मिली। ओपनर लौरा वॉल्वार्ट और ताजमिन ब्रिट्ज शॉट्स खेलने की कोशिश कर रही थीं। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई बॉलर्स ने उन्हें खुलने का मौका नहीं दिया। ब्रिट्ज 5वें ओवर में डार्सी ब्राउन का शिकार हुईं। टीम पावरप्ले के 6 ओवर में एक विकेट पर 22 रन ही बना सकी।

पहलाः पांचवें ओवर की आखिरी बॉल डार्सी ब्राउन ने ऑफ स्टंप पर फुलर लेंथ फेंकी। ताजमिन ब्रिट्ज ने लेग साइड पर शॉट खेलना चाहा। लेकिन, मिड-ऑन पर ताहलिया मैक्ग्रा के हाथों कैच आउट हो गईं।



उन्होंने 17 बॉल पर 10 रन बनाए।

दूसराः 9वें ओवर की आखिरी बॉल एश्ले गार्डनर ने ऑफ स्टंप पर फुलर लेंथ फेंकी। मारियन कैप ने स्लॉग स्वीप खेलना चाहा, लेकिन बॉल थर्ड मैन की दिशा में खड़ी हो गई। जहां डार्सी ब्राउन ने आसान सा कैच पकड़ लिया। कैप ने 11 बॉल पर 11 रन बनाए।

पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया की ओपनर बेथ मूनी ने 79 रन की नाबाद पारी खेली। साउथ अफ्रीका से मारियन कैप और शबनिम इस्माइल ने 2-2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की बाकी बैटर्स में ओपनर एलिसा हीली 18, एश्ले गार्डनर 29, एलिस पेरी 7, जॉर्जिया वेयरहैम शून्य, ग्रेस हैरिस और कप्तान मेग लेनिंग 10-10 रन बनाकर आउट हुईं।ताहलिया मैक्ग्रा एक रन बनाकर नाबाद रहीं। साउथ अफ्रीका से नॉनकुलुलेको म्लाबा और क्लो ट्रायॉन ने भी एक-एक विकेट लिया।

साउथ अफ्रीका ने पावरप्ले के शुरुआती 4 ओवरों में 4 अलग-अलग गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। लेफ्ट आर्म स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा ने पहला ओवर फेंका। वहीं, तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल, मारियन कैप और आयाबोंगा खाका ने दूसरा, तीसरा और चौथा ओवर फेंका। शुरूआती 3 बॉलर्स ने 6-6 रन दिए। वहीं, खाका के ओवर में 7 रन बने। पारी के 5वें ओवर में 11 रन बने और हीली का विकेट गिरा तो वहीं इस्माइल ने पावरप्ले के आखिरी ओवर मेडन फेंका। ऑस्ट्रेलिया पावरप्ले में एक विकेट के नुकसान पर 36 रन ही बना सका। साउथ अफ्रीका की शबनिम इस्माइल ने फाइनल में 2 विकेट लिए। इसके साथ ही वह विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। उनके 32 मैचों में 43 विकेट हो गए। उन्होंने इंग्लैंड की आन्या श्रब्सोल का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने 27 मैचों में 41 विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी 42 मैचों में 40 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

## बॉलीवुड न्यूज

### भारत का पसंदीदा और बच्चों का चहेता शो है 'बालवीर'



**इंदौर।** भारत का सबसे पसंदीदा सुपरहीरो धारावाहिक 'बालवीर', एक बार फिर दर्शकों को मनोरंजित करने आ रहा है। देशभर से सभी उम्र वर्ग से मिले प्यार व समर्थन को देखते हुए यह शो, रविवार 26 फरवरी, शाम 7:30 बजे से डीडी फ्रीडिश पर उपलब्ध, द क्यू टीवी चैनल पर प्रसारित होने वाला है। दर्शक, चैनल के माध्यम से हर हफ्ते सोमवार से शुक्रवार, छोटे परदे के अब तक के सबसे बड़े सुपरहीरो के रूप में उभरे, बालवीर के धमाकेदार एपिसोड्स का आनंद ले सकते हैं। जबकि शनिवार व रविवार को शो का रिपीट टेलीकास्ट भी देखा जा सकता है। धरती और अंतरिक्ष लोक के इस दमदार सुपर एक्शन शो में एक्टर देव जोशी ने सुपरहीरो 'बालवीर' की मुख्य भूमिका निभाई है। यह कहानी बालवीर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे परियों ने गोद लिया है और जिसके पास 7 परियों की शक्तियाँ हैं। बालवीर एक ऐसा युवा सुपरहीरो है, जो सभी बच्चों को बुराई से बचाने और उनके दिलों को अच्छाई के लिए खुला रखने की सीख देता है। वहीं नाम के अनुरूप बालवीर बहादुर तो है ही साथ ही साथ अपने मजाकिया अंदाज, मीठी भाषा और बुद्धिमानी के लिए भी जाना जाता है। दर्शक इस शो को पूरे परिवार के साथ दिलचस्पी से देखना पसंद करते हैं। अब एक बार फिर द क्यू टीवी चैनल के माध्यम से बालवीर के फैंस शो के रोमांचकारी एपिसोड्स का आनंद ले सकते हैं। साथ ही फ्रीडिश के माध्यम से शो को ग्रामीण और सुदूर इलाकों में भी दर्शकों से जुड़ने का मौका मिलेगा।

### शीहान ने एक्जाम सीजन के बारे में की बात



इंदौर। परीक्षा का मौसम सिर्फ स्टूडेंट्स के लिये ही नहीं, बल्कि पैरेंट्स के लिये तनावपूर्ण होता है। परीक्षा के समय के दौरान स्टूडेंट्स के परिवार वाले एक मुस्तैद यूनिट के रूप में तब्दील हो जाते हैं, जहां पढ़ाने से लेकर रिवीजन करवाने तक, हर कोई परीक्षा की तैयारी में अपनी तरफ से पूरी मदद करने में जुट जाता है। सोनी सब के वागले की दुनिया-नई पीढ़ी नये किस्से का वागले परिवार भी एक ऐसी ही रील लाइफ फैमिली है। वे अक्सर एक परिवार की उम्दा मिसाल रहे हैं, जिसके सदस्य एक साथ सीखते हैं, एक साथ रहते हैं और रोजाना की समस्याओं से निपटने के अपने अनूठे लेकिन प्यारे तरीकों से लगातार दर्शकों को प्रेरित कर रहे हैं। शीहान कपाही, जोकि अथर्व वागले का किरदार निभा रहे हैं, एक बाल कलाकार हैं। इन दिनों अभिनय के दौरान वह अपने काम और पढ़ाई के बीच संतुलन बनाने के लिये जूझ रहे हैं। परीक्षाओं का मौसम शुरू होने के साथ, शीहान कपाही ने बताया कि ऐसे तनावपूर्ण समय में उनके शो के कलाकार और बाकी लोग किस तरह से तैयारी करने में उनकी मदद करते हैं। शीहान ने काम और पढ़ाई के बीच संतुलन के बारे में पूछे जाने पर कहा, ऐक्टिंग हमेशा से ही मेरा जुनून रहा है। इतनी कम उम्र में ही अपनी पसंद का काम करने का मौका मिलना मेरी खुशकिस्मती है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के रैपुरी नामक ग्राम में ट्रैक्टर की चपेट में आने से लौधर यादव पुत्र जगनंदन यादव 45 ग्राम भवानीपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही की घटना स्थल पर मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार को लौधार यादव 55 पुत्र पुत्र जगनंदन यादव ग्राम भवानीपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही गोपपुर चौराहे से हैंड पंप लगाने का काम कर वापस साइकिल से घर को वापस जा रहे थे।

इसी बीच इनारगांव से भवानीपुर हरिजन बस्ती में शादी समारोह के लिए टेंट का सामान लादकर जा रहे ट्रैक्टर चालक ने साईकिल सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर सहित चालक को पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष सदानंद सिंह ने शव एवं चालक सहित ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही हेतु शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस को भेज दिया। परिजन सहित काफी संख्या में लोग थाने पर पहुंच गए। परिजनों को सूचना दी गई तो कोहराम मच गया।

## भारत में नियुक्त नहीं करना चाहिए उपकप्तान : रवि शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री घरेलू श्रृंखला में उप-कप्तान नियुक्त के खिलाफ हैं क्योंकि उनका मानना है कि ऐसे खिलाड़ी के लय में नहीं होने के कारण सर्वश्रेष्ठ एकादश के चयन में परेशानी होती है। शास्त्री ने यह भी संकेत दिया कि शुभमन गिल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट में लोकेश राहुल की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जाना चाहिए। राहुल के लंबे समय से लय में नहीं है। इस सलामी बल्लेबाज ने अपनी पिछली सात पारियों में 22, 23, 10, दो, 20, 17 और एक रन का स्कोर बनाया है। इसके उलट गिल सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन के बावजूद टेस्ट टीम में जगह मिलने का इंतजार कर रहे है। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू



पॉडकास्ट में कहा, टीम प्रबंधन उनके (राहुल) फॉर्म के बारे में जानता है, वे उनकी मानसिक स्थिति को समझते हैं। उन्हें पता है कि उन्हें गिल जैसे खिलाड़ी को किस नजर से देखना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत में खेलते हुए उप-कप्तान नियुक्त नहीं करना चाहिए। मैं सर्वश्रेष्ठ एकादश के साथ मैदान पर उतरना पसंद करूंगा, और अगर किसी कारण से कप्तान को मैदान छोड़ना पड़ता है, तो उसकी गैरमौजूदगी में आप किसी दूसरे खिलाड़ी को टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दे सकते है। उपकप्तान नियुक्त कर आपको जटिलताएं पैदा करने की आवश्यकता नहीं है। राहुल को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया था। वह आखिरी दो मैचों के लिए टीम अपना स्थान बरकरार रखने में सफल रहे लेकिन उन्हें उपकप्तान की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। भारत के पूर्व कोच ने कहा, अगर उपकप्तान प्रदर्शन नहीं करता है, तो कोई उसकी जगह ले सकता है। हो सकता है मेरी बातें ज्यादा कड़वी लगे लेकिन मुझे घरेलू परिस्थिति में उप-कप्तान पसंद नहीं है। हां विदेशी दौरे पर मामला अलग होता है। इस पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है और एक खिलाड़ी को टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए लगातार प्रदर्शन करते रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, राहुल की फॉर्म और मौजूदा मानसिकता को देखना होगा। वह एक जबरदस्त खिलाड़ी है, लेकिन आपको प्रतिभा को परिणामों में बदलना होगा और लगातार अच्छा करते रहना होगा। उन्होंने कहा, भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और कई खिलाड़ी है जो टीम में जगह मिलने का इंतजार कर रहे है। मैं इसमें राहुल की बात नहीं कर रहा हूं मध्य क्रम और गेंदबाजी लाइनअप में भी कई मजबूत विकल्प हैं। शास्त्री ने कहा कि खराब लय से जूझ रहे खिलाड़ी के लिए ब्रेक (विश्राम) काफी फायदेमंद हो सकता है।

## संक्षेप

### एसडीईएम के आदेश पर हटाया गया अतिक्रमण

**कोपागंज मऊ।** विकासखंड के ग्रामसभा लाड़नपुर में पोखरी पर अतिक्रमण को लेकर सदर एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम शनिवार को दोपहर पहुंच अतिक्रमण को हटवाया। अतिक्रमण की जद में आये कटरेन को हटाने के लिए राजस्व टीम ने कब्जेदार से हटाने को कहा। अभी अतिक्रमण धीरे धीरे हट ही रहा था कि दोनों पक्ष अतिक्रमण हटाने को लेकर विवाद कर लिया। मामला उलझता देख कानूनगो ने सदर एसडीएम आनन्द कन्नौजिया को मामले से अवगत कराया। फिर उनके आदेश पर बाबा का बुलडोजर लगाकर अतिक्रमण को हटाया गया। ब्लॉक के लाड़नपुर निवासी राकेश राय ने गांव के अनिल बिनोद संतोष के खिलाफ हाईकोर्ट में गाटा संख्या 149 और 150 नम्बर पोखरी पर अतिक्रमण को लेकर रिट दायर किया गया था। हाईकोर्ट ने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि मौके पर पहुंच जांच कर अतिक्रमण को हटाकर रिपोर्ट 2 मार्च तक प्रेषित किया जाय। सदर एसडीएम आनंद कन्नौजिया ने 8 सदस्यीय टीम राजस्व निरीक्षक राम भरोशे चैहान के नेतृत्व में गठित किया जिसमें राजस्व निरीक्षक राजेश सिंहए लेखपाल प्रशांत रायए आनंद कुमारए मंगलेश्वर मौर्यए मनेंद्र मौर्यए अजय रायए एसआई अवधेश यादव टीम गठित किया और सीमांकन के बाद अतिक्रमण हटाते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

### व्यापारियों ने वाणिज्य कर राज्य कर विभाग को 6 विकेट से हराया



**मऊ।** वाणिज्य कर राज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में वाणिज्य कर व व्यापारियों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन संपन्न हुआ। इस रोमांचक मैच में व्यापार मंडल की टीम ने 5 विकेट से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। वाणिज्यकर स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को जिला स्टेडियम में खेले गए इस क्रिकेट मैच में मुख्य अतिथि वाणिज्यकरधाज्यकर उपायुक्त विकास सागर व रमेश यादव ने संयुक्त रूप से कहाकि मैत्री मैच के माध्यम से आपसी संबंध और प्रगाढ़ होते हैं। वाणिज्य कर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए वाणिज्यकर विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा निर्धारित 20 ओवर में 136 रन बनाया गया। जिस टारगेट का पीछा करते हुए व्यापारियों की टीम 18०5 ओवर में 137 रन बनाकर 7 गेंद रहते हुए 6 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। मैच में जीत का चैक्का व्यापारी अश्वनी सिंह ने लगातार दो गेंदों में 2 चैका मारकर पूरा किया। जिन्होंने 14 गेंद में 19 रन बनाए। वही मैन ऑफ द मैच के रूप में व्यापारी रवि 37 बॉल में 72 रन को चुना गया। जबकि बेस्ट फील्डर के रुप में सेल टैक्स असिस्टेंट कमिश्नर आशीष मिश्रा रहे। बेस्ट बैट्समैन के रूप में भी वाणिज्यकर से ही प्रशांत कुमार व बेस्ट बॉलर शुभम सिंह 4 ओवर में 18 रन देकर दो विकेट झटके। असिस्टेंट कमिश्नर सचल दल अरविंद पाठक द्वारा शानदार विकेट कीपिंग काबिले तारीफ रहा। इस अवसर पर कर उपायुक्त विकास सागरए कर उपायुक्त रमेश यादवए असिस्टेंट कमिश्नर अरविंद पाठकए आशीष मिश्राए अभिषेक कुमार सिंहए आलोक चंद्र गौतमए प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुशवाहाए व्यापारी दिलीप तानवानीए गौरव जायसवालए सगीर आलम सहित काफी बड़ी संख्या में व्यापारी अधिकारी उपस्थित रहे। अंपायर के रूप में सचिन व लक्ष्मी रहे। जबकि स्कोरर की भूमिका अंशिका व ऑनलाइन स्कोरिंग सुंदरम दुबे ने किया। कमेंट्री के तहत मैच का आंखों देखा हाल श्रीराम जायसवाल ने सुनाया।

### हूटर बजा रहे स्कार्पियो का कटा 21 हजार का जुर्माना

**कोपागंजए मऊ।** कस्बा के दोस्तपुरा निवासी युवक द्वारा अपनी स्कार्पियो पर आगे पीछे लाल और नीली बत्ती का हूटर लगाकर भातकोल मोड़ पर घूम रहा था। इसी बीच चेकिंग पर निकले कस्बा इंचार्ज राज नारायण पांडेय की नजर उस स्कार्पियो गाड़ी पर पड़ी। उन्होंने शंका होने पर गाड़ी को रुकवाया तो देखा कि गाड़ी में ड्राइवर के अलावा कोई नही है उन्होंने पूछताछ किया तो बताने के असमर्थता जताने पर उन्होंने गाड़ी को थाने भेज उसको सीज करते हुए गाड़ी पर 21 हजार का जुर्माना काटा।

# पुलिस ने हत्या की घटना का किया खुलासा

**सफलता**

**दामाद ही निकला ससुर का हत्यारा**

**निशानदेही पर आलाकत्ल लोहे का दाव बरामद**

**ससुराल आये व्यक्ति का 22 फरवरी को खेत में मिला था शव**



**मऊ।** रविवार को थाना दोहरीघाट पुलिसए स्वाट टीम व सर्विलांस टीमों द्वारा जरिये विवेचना और वैज्ञानिक साक्षों के आधार पर पाउस से मु0अ0सं0 34,23 धारा 302 भादवि0 में प्रकाश में आये अभियुक्त नर्वेश तिवारी पुत्र गौरी तिवारी निवासी पाउस थाना दोहरीघाट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर घर के पिछे पोखरी के किनारे झाड़ी में छुपाकर रखा आलाकत्ल लोहे का दाव बरामद किया गया। पूछताछ में उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि 22 फरवरी 2023 को मेरे ससुर हमारे घर आये थे चाय.पानी करने के बाद हम दोनो शाम को बाजार गये वही हम दोनो ने खूब शराब पिया। जब रास्ते में हम लोग आ रहे थे तभी मेरे ससुर मेरी पत्नी की विदाई के लिए बार बार कहने लगेए जब मैने कहा घर पर कोई नही है मेरी बहन और उसका छोटा बच्चा है उनका देखभाल कैसे होगाए बाद में विदाई होगी। इस बात पर वह गुस्सा होकर मुझे अपशब्द बोलते हुए कहासुनी करने लगे और मुझे थप्पड मारने लगे। शराब के नशे में वह मुझे जान से मारने पर आमदा हो गये। चुकी मै भी शराब के नशे में था क्रोध में मै भी उनसे भीड गया और मेड़ पर से उनको खेत में ढकेल दियाए शराब के नशे में होने के कारण वह वहा से उठने लायक नही थे और मै गुस्से में ही घर जाकर लोहे का दाव लाकर उनके गले पर कई बार प्रहार कर दिया और वहा से भाग गया। दाव को और अपने कपडों को जिस पर खुन लगा हुआ था घर के पिछे पोखरी के पास लगी झाड़ियों में फेक दिया।

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति, सास, ननद व सौत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कोपागंजए मऊ।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नगर क्षेत्र की निवासिनी एक विवाहिता ने अपने पति सास ननद व अपनी सौत के विरुद्ध गालियां देने मारने पीटने व घर से बाहर निकालने के आरोप में चार नामजद लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा कायम कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दर्ज कराये गये प्राथमिकी के अनुसार संध्या उर्फ सोनी वर्मा पुत्री दिलीप वर्मा निवासी कोपागंज की शादी 29 नवम्बर 2012 को रामकुमार वर्मा पुत्र श्रीराम वर्मा निवासी छपरा प्रयागपुर सलेमपुर जिला देवरिया के साथ हुई। शादी के बाद विवाहिता खुशी खुशी ससुराल में रहने लगी। तथा तीन बच्चे भी पैदा हुए। इसी दौरान उसके पति का प्रेम प्रसंग एक लड़की संध्या पुत्री निरंजन प्रसाद निवासी मलकौली सलेमपुर के साथ हो गया तथा दोनों ने मंदिर जाकर शादी कर लिया तथा दोनों घर आकर रहने लगे। जब पूर्व विवाहिता संध्या उर्फ सोनी ने इसका विरोध किया तो पति रामकुमारए सास सूर्यमुखीए ननद उमा व सौत संध्या ने गालियां देते हुए मारा पीटा तथा धमकी दिया कि विरोध किया तो तुम्हें व बच्चों को जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद विवाहिता के पति ने उसे और उसके बच्चों को गाड़ी से कोपागंज लाकर छोड़ कर चला गया।

## भगवान शिव और भगवान राम दोनों एक दूसरे के उपासक हैं. संतोष जी महाराज



**दोहरीघाट मऊ।** श्रावण मास के सरजू नदी से उत्पन्न रजतेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा रुद्र पाथात्मक यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के चैथे दिन बाबा मेला राम मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का अमृत ज्ञान व रसपान कराते हुए संतोष जी महाराज ने शती चरित्र के बारे में बताया कि जब दक्ष प्रजापति ने भगवान शिव का अपमान किया। भगवान शिव ने अपमान को तो सह लिया लेकिन माता सती अपने पति भगवान शिव का अपमान सह ना सकी और अपना शरीर वही हवन कुंड यज्ञ में त्याग दिया। भगवान शिव ने माता सती को पहले भी समझाया था बिना बुलाए या जहां मान सम्मान ना हो ऐसी स्थानों पर नहीं जाना चाहिए माता सती भगवान शिव के इस बात को ना मानी परिणाम स्वरूप अपने पति के अपमान की वेदना नही सह पाने के कारण उन्होंने अपना शरीर यज्ञ में त्याग दिया भगवान शिव करुणा के अवतार हैं शिव का अर्थ कल्याण है। भगवान शिव और भगवान राम दोनों एक दूसरे के उपासक हैं श्री राम जी जब लंका पर विजय पाने के लिए रामेश्वर स्थापना किए तब भक्तों ने पूछा रामेश्वर का अर्थ क्या होगा श्री राम जी ने कहा था जो राम का ईश्वर है वह रामेश्वर तभी भगवान शिव प्रकट हुए और कहे नही राम है ईश्वर जिनके उनका नाम रामेश्वर तब ब्रह्मा जी ने कहा रामेश्वर का सही अर्थ जो राम है वह ईश्वर है जो ईश्वर है वह शंकर है। श्रीमद् भागवत कथा के समय वामन भगवान की रासलीला का मंचन किया गया मौजूद सभी महिलाओं पुरुष बच्चों में वामन महाराज की आरती उतारने पूजन करने की होड़ लगी रही। आचार्य श्याम पांडेयए कार्तिक व काशी से हुए विद्वानों द्वारा रजतेश्वर महादेव का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घृताधिवास वस्त्राधिवास व पुष्पाधिवास कराया गया।

## प्राणी मात्र के कल्याण की कामना ही सच्चा धर्म है. सतगुरु

**जनसंदेश न्यूज**



**दोहरीघाट मऊ।** सरयू नदी के तट पर स्थित अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम मे चल चैथे अश्वमेघ महायज्ञ के पांचवें दिन सत्संग सभा को संबोधित करते हुए सतगुरु ने बताया कि शैतान या शैतानी मान्यताओं से बचने के लिए ज्ञान आवश्यक है किंतु सिर्फ ज्ञान के सवार्गीण विकास असंभव है जीवन यापन के लिए सेवा परोपकार करना अति आवश्यक है कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति ही अपना और समाज का भला कर सकता है ज्ञान प्राप्त होता है जो ईश्वर के लिए कार्य करते हैं शेष काम का सफलता उन्हें ही मिलता है जो बिना और सेवा भाव से कामना करते हैं।सत्य अहिंसा और सदाचार का पालन करते हुए कर्तव्य करने वाला ही धर्मात्मा है प्राणी मात्र कल्याण की कामना ही सच्चा धर्म है तप का असली अर्थ त्याग है मनुष्य यदि अपनी सांस्कृतिक आकाक्षायो और अपने दुगुर्णों का त्याग कर दे तो वह सच्चा तपस्वी है।

# मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट ऐतिहासिक. नीरज शेखर

**मऊ।** राज्य सभा सांसद नीरज शेखर ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जनपद कार्यालय पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मन की बात को सुना। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के पश्चात सांसद नीरज शेखर सिंह ने भाजपा कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए सांसद ने कहा की भारत सरकार का बजट भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

वैश्विक स्ध्तर पर व्यापक सुस्ध्ती दर्ज किए जाने के बावजूद भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो कि दुनिया के सभी प्रमुख अर्थव्ध्यवस्ध्थाओं में सर्वाधिक है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहेए जिसके लिए सरकार ने 80 करोड़ से भी अधिक लोगों



को मुफ्त अनाज मुहैया कराने की विशेष योजना चला रखी है। केन्ध्द्र सरकार द्वारा ही कुल मिलाकर लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का समूचा खर्च वहन किया जाएगा। वर्ष 2014 से ही निरंतर जारी सरकारी प्रयासों के तहत सभी नागरिकों के लिए बेहतर जीवन स्ध्तर और सम्ध्मानित जीवन सुनिश्चित किया गया हैए और इसके साथ ही प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से भी अधिक होकर 1०97 लाख रुपये हो गई है। उन्ध्होंने कहा कि इन 9 वर्षों में भारतीय अर्थव्ध्यवस्ध्था का आकार काफी विशाल हो गया है और वह दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्ध्यवस्ध्था से काफी आगे निकलकर अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्ध्यवस्ध्था बन गई है। स्ध्वच्ध्छ भारत मिशन के तहत 11०7 करोड़ घरेलू शौचालय बनाए गएए उज्ध्ज्ध्वला के तहत 9०6 करोड़ एलपीजी कनेक्ध्शन दिए गएए 102 करोड़ लोगों को कोविड टीके की 220 करोड़ खुराक दी गई।

पीएम किसान सम्ध्मान निधि के तहत 11०4 करोड़ से भी अधिक किसानों को 2०2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्ध्तांतरण किया गया। कहा कि मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट ऐतिहासिक हैए आने वाले समय में इस जनहितकारी बजट का महत्व जन जन को महसूस होगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ताए मुन्ना दुबेए कृष्ण कांत रायए नूपुर अग्रवालए सुनील यादवए मनीष मद्धेशियाए राहुल उपाध्यायए मयंक मद्धेशिया सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तिलकधारी सिंह ने शैक्षणिक जगत में स्थापित किया मील का पत्थर : डॉ. केपी सिंह

**आयोजन**

### टीडी इण्टर कालेज में आयोजित हुआ संस्थापक दिवस समारोह

### संस्था की प्रतिभाओं को पुरस्कृत कर किया गया सम्मान



**जौनपुर।** टीडी इण्टर कालेज के मार्कण्डेय सिंह सभागार में आयोजित संस्थापक दिवस समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. केपी सिंह ने संस्थापक के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया। उपस्थित जनसमुदाय ने भी संस्थापक तिलकधारी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

संस्थापक समारोह को संबोधित करते हुये पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय डॉ. केपी सिंह ने कहा कि तिलकधारी कालेज की स्थापना कर संस्थापक ने शैक्षणिक जगत में मील का पत्थर स्थापित किया। सम्पूर्ण राष्ट्र में तिलकधारी कालेज की प्रतिभाएँ अपने विशिष्ट योगदान के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रही हैं। हमें टीडी इण्टर कालेज का पूर्व छात्र रहने के कारण गौरव कि अनुभूति हो रही है। संस्था के प्रधानाचार्य उ.प्र. प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूज्य संस्थापक की आत्मा हमें संस्था के विकास हेतु पथ प्रदर्शित करती रहती है। हम अपने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु अनेक योजनाओं का निर्माण कर उन्हें कार्यवान्वित करते रहते है जिसका परिणाम उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं उच्च पदों पर हमारे विद्यार्थियों के चयन के रूप में परिलक्षित होता है। प्रबन्धक सत्य प्रकाश सिंह ने आगत अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम अपनी शैक्षणिक संस्था को शीर्ष पर आरूढ़ रखने हेतु संकल्प बद्ध है।

संस्थापक दिवस के अवसर पर संस्था के प्रतिभाओं को भी पुरस्कृत किया गया। मानविकी संवर्ग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संस्था के कक्षा 12 के छात्र निशान्त को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्था में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 12 विज्ञान वर्ग कि युक्तिका सिंह, कक्षा 12 कृषि वर्ग के आदर्श पाण्डेय, कक्षा 12 कामर्स की निकिता मौर्य, कक्षा 12 व्यवसायिक वर्ग की रागिनी शर्मा, कक्षा 12 कला विज्ञान, कृषि कामर्स व्यवसायिक शिक्षा में क्रमशः नीतू प्रजापति, नीरज चौधरी, वैभव सिंह, रूचि गौड़, भूमिका त्रीपाठी, कक्षा 10 के अमन यादव, कक्षा 9 के अंशिका मौर्य, कक्षा 8 के दिव्या राय को पुरस्कृत किया गया। कुश्ती में प्रदेश स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वृजेश यादव एवं कबड्डी खिलाड़ी प्रजापति को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किये गये। एनसीसी के बेस्ट कैडेट अनुराग मौर्या, अनन्या सिंह को भी पुरस्कार प्रदान किये गये। संस्थापक दिवस के अवसर पर डॉ. प्रीति उपाध्याय के निर्देशन में छात्र-छात्राओं नें उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अंशिका मिश्रा एवं कृति द्वारा प्रस्तुत संरस्वती वन्दना का श्रवण कर जन समुदाय श्रद्धानवत हो गये। कशिश, साक्षी, रिंकी, बहार, आयुषी, कुमकुम एवं स्वीही द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत श्रवण कर अतिथि जन भावविभोर हो गये। रीना, दिव्या, रूकसार एवं नन्दनी के द्वारा प्रस्तुत कुल गीत को लोगों ने सराहा। झांसी की रानी पर आधारित गीत एवं नृत्य अंशिका आस्था, अंजली, अनन्या, पूजा, यशी, अनुष्का एवं चाँदनी ने प्रस्तुत किया। कशिश, कृति, आयुषी, वहार, कुमकुम एवं साक्षी द्वारा प्रस्तुत गुजराती गीत एवं नृत्य आयो रे शुभ दिन का श्रवण कर उपस्थित जन समुदाय मंत्र मुग्ध हो गया। अंशिका मिश्रा द्वारा प्रस्तुत अच्युतम केशव से सम्बन्धित नृत्य पर उपस्थित जन समुदाय वाह-वाह कर तालिया बजाने लगा। रागी, साक्षी, अनु, मनु, कुमकुम एवं खुशी द्वारा प्रस्तुत बंसन्त एवं होली नृत्य का अवलोकन कर उपस्थित जन समुदाय भावविभोर हो गया। विशेष रूप से संस्थापक दिवस समारोह के अवसर पर टीडीपीजी कालेज के प्रबंन्धक राघवेन्द्र सिंह टीडी इण्टर कालेज के अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष विन्द प्रताप सिंह, उप प्रबंन्धक ओपी सिंह पूर्व प्राचार्य डॉ. राधेश्याम सिंह, डॉ. अरूण कुमार सिंह, अनिमेष सिंह प्रधानाचार्य परिषद के मण्डल अध्यक्ष डॉ. राम नयन, जिलाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश सिंह, डॉ. प्रीति उपाध्याय, नम्रता सिंह सहित सम्भ्रान्त जन उपस्थित रहे। संस्थापक समारोह की अध्यक्षता दिनेश प्रताप सिंह एवं संचालन डॉ. सुनील कुमार सिंह ने किया। अन्त में प्रबंन्धक सत्य प्रकाश सिंह ने आगत जन के प्रति आभार प्रकट किया।

# बाइक सवार बदमाशों ने परिवार पर बोला हमला



**दुस्साहस**

### दो महिलाओं सहित कई घायल, बाइक सहित दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**सिरकोनी।** जलालपुर क्षेत्र के बनवारीपुर गांव निवासी एक परिवार के पर मामूली विवाद में बाइक से आये डेढ़ दर्जन से अधिक बदमाशों ने हमला कर दिया। मारपीट में महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए।

उक्त गांव निवासी रमेश यादव से विगहि गांव निवासी सौरभ यादव पुत्र पप्पू यादव से रविवार की सुबह किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। दोपहर के बाद सौरभ यादव अपने साथ लगभग डेढ़ दर्जन बदमाशों के साथ बनवारीपुर गांव में रमेश यादव के घर पहुंच कर मारपीट करने लगे जिसमें रमेश यादव पुत्र हरिराम यादव, नीतू यादव तथा परिवार की रोशनी यादव तथा कई अन्य लोग घायल हो गए। घटना की सूचना किसी ने डायल 112 को दिया। 112 डायल तथा थाने के अन्य पुलिस कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। उन लोगों ने सौरभ यादव तथा राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को देखकर बदमाश चार बाइक छोड़कर भाग निकले।

पुलिस ने चारों बाइकों को कब्जे में ले लिया। फिलहाल गांव के लोगों में दहशत है। ये युवक काफी दबंग किस्म के बताए जाते हैं। उन लोगों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है। न जाने किसके सरंक्षण के कारण पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नही की है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश है।

# पुरातन छात्र की सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष



**सुइथाकला।** क्षेत्र के श्री गांधी स्मारक इण्टर कालेज समोधपुर के पुरातन छात्र व पड़ोस के बीबीपुर निवासी अखिलेश कुमार पाण्डेय को डाक्टरेट की उपाधि मिलने पर शनिवार को विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल देखा गया। उक्त उपाधि शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के 99वें दीक्षांत समारोह में श्री पाण्डेय को राष्ट्रधर्म पत्रिका के सामाजिक सांस्कृतिक सरोकार विषय पर शोध कार्य हेतु प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की उपस्थिति में कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह के हाथों डाक्टरेट की उपाधि मिलने पर जहाँ श्री पाण्डेय के लिए गर्व का विषय रहा, वहीं पुरातन छात्र के इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशियों का ठिकाना न रहा। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रणजीत सिंह ने कालेज के दिनों की याद ताजा करते हुए श्री पाण्डेय को शुरूआती समय से ही परिश्रमी व मेधावी बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह व प्रबन्धक हृदय प्रसाद सिंह रानू समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई देते हुए शुभकामना दी। इस दौरान विनय कुमार तिवारी, जितेन्द्र सिंह, धर्मदेव शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे। इनके अब तक दो पुस्तक और लगभग दस शोध पत्र प्रकाशित हो चुके है। श्री पाण्डेय वर्तमान में दिल्ली में ही प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं।

## बच्चों के विवाद में चले लाठी-डंडे आठ घायल

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गांव में बच्चो में शुरू हुई आपसी तू-तू मैं-मैं देखते ही देखते बड़े विवाद में बदल गई। दोनों पक्षों के लोग आपस मे लाठी डंडे लेकर एक दूसरे पर टूट पड़े। जिसमें आठ घायल हो गए।

बताते है कि उक्त गांव के प्रमोद कुमार व बेनी लाल के बच्चे शनिवार को सुबह गांव के ही मंदिर पर गए हुए थे। वहां उनमें आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें देखते ही देखते दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे चल गए। इस मारपीट में एक पक्ष से प्रमोद कुमार 48, अजीत 24, बृजेश 26 रंजीत 28 व दूसरे पक्ष से बेनी लाल 45, मीनाक्षी 28, शिवम कुमार 31, सतीश कुमार 25 घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर पहुंची थाने की पुलिस ने सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड भेजवाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी है। पुलिस मौके पर गयी थी। मारपीट की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# घटिया सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध, रोका कार्य



घटिया सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण

**विरोध**

### रीठी सम्पर्क मार्ग से बरियाकी पाही तक चल रहा है निर्माण कार्य

**सिकरारा।** रीठी से बारिया की पाही तक जाने वाले सड़क मरम्मत कार्य का ग्रामीणों द्वारा शनिवार को विरोध किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क मरम्मत कार्य मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। ग्रामीणों के विरोध की सूचना पर मौके पर पहुंचे सड़क निर्माण कम्पनी के अधिशासी अभियंता ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांचकर मरम्मत कार्य कराने वाले ठीकेदार को सड़क और बेहतर बनाने हेतु निर्देशित किया।

रविवार को दिन में लगभग 11 बजे बेलसड़ी, रामनगर, रीठी व खपरहां गांव से भारी संख्या में लोग सड़क मरम्मत कार्य में लगे रहे। ठीकेदार के सहयोगी से कार्य सही न होने की बात कर विरोध प्रदर्शन कर कार्य रोकने की मांग करने लगे। इसी दौरान ग्रामीणों ने फोन से सूचना अधिशासी अभियंता सुनील मौर्य को भी देते हुए कहाकि कार्य मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। पीडब्ल्यूडी से बन रहे सड़क मरम्मत कार्य की जांच करने पहुंचे अधिशासी अभियंता विभागीय कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर सड़क मरम्मत कार्य की जांच कर सम्बंधित ठीकेदार को निर्देशित किया कि कार्य में जो भी कमियां हैं उसे सुधार लें। ग्रामीणों का आरोप है कि ऐसे ही सड़क का निर्माण कार्य हुआ तो सड़क दो ही महीने में उखड़ जाएगी। अधिशासी अभियंता ने भरोसा दिलाया कि सड़क मरम्मत कार्य मानक के अनुसार ही होगा।

## संक्षेप

### भूमि विवाद को लेकर मारपीट, पांच घायल

**गौराबादशाहपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र के दो गांवों में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में कुल पांच घायल हो गए। पहली घटना स्थानीय थाना क्षेत्र के तारा गांव में हुई जहां राम सरन व राजदेव के बीच में विवादित जमीन पर निर्माण कार्य कराने को लेकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक पक्ष से राम सरन 48 व दूसरे पक्ष से राम देव 43 व अजय कुमार 20 घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। वहीं एक अन्य घटना में लाइन बाजार थाना क्षेत्र के रामपुर जमीन हिसामपुर गांव में भी दो पक्षों में लाठी डंडे चल गए जिसमें एक पक्ष से अर्जुन 34 व दूसरे पक्ष से भारत 50 घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजवाया।

### आधा दर्जन वारंटी भेजे गए न्यायालय



**सुइथाकला।** रविवार को सरपतहाँ थाना क्षेत्र के विभिन्न गाँवों से पुलिस ने आधा दर्जन वारण्टियों को अपनी गिरफ्त में लेकर उन्हें न्यायालय भेज दिया। थाना क्षेत्र में रामाश्रय 55 ऊर्फ पप्पू पुत्र सन्तराम, शंकर 47, कुमार 42 व जियालाल 45 पुत्रगण हुबराज, रामचन्द्र 39 निवासीगण सरपतहाँ व सारीजहाँगीर पट्टी गांव निवासी रवीन्द्र कुमार 30 पुत्र सोमारू राम वारण्टी थे उपरोक्त को पुलिस द्वारा रविवार को अपनी गिरफ्त में ले लिया गया। मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि सभी वारण्टियों को गिरफ्त में लेकर आवश्यक कार्रवाई के साथ ही न्यायालय भेज दिया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक द्वय राजेन्द्र प्रसाद सिंह व अनिल कुमार सिंह तथा हमराहियों में हेड कान्सटेबल चन्दन सिंह, नौशाद अहमद समेत का. अनुराग सिंह, सोनू यादव मौजूद रहे।

### एसडीएम के दुर्व्यवहार से अधिवक्ताओं में रोष

**केराकत।** बार के अधिवक्ता के साथ एसडीएम के दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रकरण को लेकर बार के अधिवक्ताओं की शनिवार को सभागार में बैठक हुई जिसमें अधिवक्ताओं ने एसडीएम के द्वारा एक अधिवक्ता के साथ किये गये दुर्व्यवहार की निंदा की गयी। बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि एसडीएम अपने आचरण में सुधार लाएं नहीं तो स्थिति बिगड़ सकती है। बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव ने किया। इस अवसर पर अखिलेश पाण्डेय, उदयराज कन्नौजिया, अनुपमा शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे। इस मामले में एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि जिस अधिवक्ता की शिकायत है उनके बातचीत का टोन बहुत गलत था। वे गलत ढंग से उंगली दिखाकर बात कर रहे थे। उन्होंने नायब तहसीलदार से भी अभद्रता की थी।

### अपराध निरोधक कमेटी ने की असहाय की आर्थिक मदद

**जलालपुर।** अपराध निरोधक की टीम ने असहाय संजय प्रजापति की 5100 रुपए देकर आर्थिक मदद की। कमेटी अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि हमारे जिला उपमंत्री एजाज अहमद के संज्ञान में ये बात आई की करदहा के संजय प्रजापति के दादा का स्वर्गवास हो गया है और आगे के कार्यक्रम के लिए उनकी माली हालत ठीक नहीं है। तुरंत सर्वे कराकर उक्त व्यक्ति को कमेटी के माध्यम से 5100 रुपए की आर्थिक मदद की और आश्वाशन दिया की आगे भी कोई जरूरत हो तो बतायें। उक्त अवसर पर अशोक कुमार, भुल्लन भारती, रतन मौर्या, सुरेश सरोज, अमित सिन्हा, मो. अरशद, मुगना, अनीता, हरीश सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

### विशाल सतगुरु शोभायात्रा निकाली गयी



**मडियाहूँ।** स्थानीय नगर में लगभग 10 बजे के आसपास संत रामपाल महराज के शिष्यों द्वारा अध्यात्मिक चेतना व विशाल सतगुरु शोभायात्रा रानीपुर बाईपास चौराहे से खैरुद्दीनगंज बाड़ा, ददरा बाईपास, गांधी तिराहा, भगत सिंह तिराहा होते हुए मौर्या कटरे पर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के तत्वावधान में निकाला गया। इस शोभायात्रा में संत रामपाल के अनुयायियों ने लगभग सैकड़ों की संख्या में भाग लिया। शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज से बुराइयों को दूर करना जैसे रिश्वतखोरी, नशाखोरी, व्यभिचार, भ्रूणहत्या, भ्रष्टाचार, शराब, जुआ, कुरितियाँ जो मानव समाज में व्याप्त है। इन कुरितियों को समाप्त करने के लिए जनमानस को जागरूक करने के लिए शोभायात्रा के माध्यम से अंधविश्वास को जड़ से खत्म करने के लिए निकाली गयी। इस अवसर पर जिला सेवादार रामजी दास ने भक्तों को संत रामपाल ही वर्तमान में एकमात्र पूर्ण संत हो जो समाज को सही दिशा देने के लिए संघर्षरत है जिनके शरण में जाने से लाखों लोग इन सब बुराइयों को छोड़ चुके है और सुखमय जीवन व्यापन कर रहे है। इस अवसर पर राजेश दास, सुरेश दास, यशवतदास, शुभम दास, गणेश दास, राधेकृष्णा दास सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया सांई बाबा का वार्षिकोत्सव



वार्षिकोत्सव पर सांई बाबा की पालकी निकालते श्रद्धालु

**सुइथाकला।** क्षेत्र में आस्था के केन्द्र के रूप में विख्यात बसौली धाम स्थित साईं बाबा का 23वाँ वार्षिकोत्सव रविवार को पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह 6 बजे श्रृंगार आरती के साथ ही कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। क्षेत्रवासियों के अलावा दूर दराज से श्रद्धालुओं का जमावड़ा धाम परिसर में लगा रहा जहाँ साँई भक्तों के भजन कीर्तन और जयकारों से समूचा परिसर गुंजायमान रहा वहीं पट्टीनरेन्द्रपुर बाजार से शिवकुमार सोनी के नेतृत्व में निकाली गयी शोभायात्रा लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने सुरक्षाकर्मियों की तैनाती कर रखी थी। इस दौरान आशुतोष सिह, आशुतोष दूबे, भोले सोनी, ओम प्रकाश सेठ समेत भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा।

# शफीक जौनपुरी की याद में काव्य गोष्ठी का आयोजन




काव्य गोष्ठी को सम्बोधित करती कवियत्री

**जौनपुर।** नगर के मोहल्ला सिपाह जामिया नगर स्थित उर्दू घर में बज्म ए हफीज जौनपुरी द्वारा शायर अल्लामा शफीक जौनपुरी की याद में रविवार की शाम एक तरही काव्य गोष्ठी का आयोजन शायर इबरत मछलीशहरी की अध्यक्षता में किया गया। प्रोग्राम की शुरूआत शायर अंसार जौनपुरी ने नात ए पाक प्रस्तुत करके किया। मुख्य अतिथि के रूप में जामिया ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन मौलाना अनवर अहमद कासमी व विशिष्ट अतिथि के रूप में शायर अनवारुल हक अनवार जौनपुरी सम्मिलित हुए।

इरफान जौनपुरी ने शायर अल्लामा शफीक जौनपुरी पर तब्सिरा करते हुए कहा कि शीराज ए हिंद जौनपुर के काव्य पटल पर अपनी छाप छोड़ने वाले शायरों में फख्र ए मशरिक अल्लामा शफीक जौनपुरी का नाम न केवल जौनपुर में बल्कि आजादी से पूर्व के भारत में भी उज्ज्वल और प्रमुख रहा है और आज भी उनके उल्लेख के बिना जौनपुर के उर्दू कवियों की सूची मुकम्मल नहीं हो सकती है। वहीं मोहम्मद तबरेज ने अपनी आवाज में अल्लामा शफीक जौनपुरी की एक गजल भी प्रस्तुत की।

इसके इलावा एहसास अब्बास, मजहर आसिफ, खलील इब्न-ए-असर जौनपुरी, कारी जिया जौनपुरी, अंसार जौनपुरी, युवा शायर वसीम जौनपुरी, डॉ. पीसी विश्वकर्मा, आशिक जौनपुरी, मुनव्वर अली गुमनाम जौनपुरी, अमृत प्रकाश जौनपुरी, नादिम जौनपुरी, विभा तिवारी ने भी अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन शायर शहजाद जौनपुरी ने किया। इस अवसर पर डॉ. अबू अकरम कासमी, डॉ. अर्शी नवाज, साजिद अनवार, माजिद अनवार, मुहम्मद अकरम, परवेज जौनपुरी, मुहम्मद आजम ने विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## स्कूली बस अनियंत्रित होकर खम्भे से टकराई

**बाल-बाल बचे चालक व खलासी**

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के सेवईनाला बाजार में दोपहर बाद हुई एक घटना में स्कूल की खाली बस को लेकर चालक और खलासी केराकत की तरफ से जौनपुर शहर जा रहे थे। बस अनियंत्रित होकर एक बिजली के खम्बे से टकरा गई। सम्भवतः हादसे का कारण बस चालक को झपकी आना लग रहा है। रविवार को दोपहर के बाद केराकत की तरफ आ रही एक तेज रफ्तार खाली स्कूल बस सेवईनाला बाजार में अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के खम्बे से टकरा कर रुक गई। घटना की वजह से बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस घटना में बस चालक और खलासी बाल-बाल बच गए और मौके से फरार भी हो गए। सूचना पर पहुंची थाने की पुलिस ने बस को मौके से हटवाया।

# सदन में उठी शाहगंज को जिला बनाने की मांग

जनसंदेश न्यूज

**मांग**

### जिला बनने से चहुमुखी विकास का खुलेगा मार्ग

### वर्षों से लम्बित मांग पहली बार सदन में उठी

**शाहगंज।** क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह ने शनिवार को सदन में शाहगंज को जिला बनाने की मांग प्रमुखता से उठाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि तीन जनपदों की सीमा पर स्थित और जिला बनने से इस क्षेत्र का चतुर्दिक विकास संभव है।

राज्यपाल के अभिभाषण के पश्चात धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान सदन में बोलते हुए श्री सिंह ने कहा कि शाहगंज को जिला बनाने की मांग लंबे समय से उठ रही है। केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद लोगों का भरोसा जगा है कि शाहगंज को जिला घोषित किया जाएगा। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अरगूपुर-कटार मार्ग के उच्चीकरण व चौड़ीकरण की मांग को भी प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि लगभग आठ किमी लंबे इस मार्ग पर दर्जनों औद्योगिक इकाइयां स्थित हैं। इसके अलावा सीडब्ल्यूसी का वेयर हाउस भी इसी मार्ग पर स्थित है। सिर्फ साढ़े तीन मीटर चौड़ी तथा जर्जरतम अवस्था में पहुंच चुकी सड़क पर रोजाना भारी वाहनों का आवागमन होता है जिसके कारण न सिर्फ आए दिन दुर्घटनाएं घटित होती हैं बल्कि क्षेत्रीय जनता को आवागमन में भी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिला बन जाने से तीन जनपदों से घिरे इस क्षेत्र में भी विकास को गति मिलेगी जो दशकों से उपेक्षित रहा है।

## आजमगढ़ से लूटी गई बाइक व तमंचा के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जौनपुर।** रामपुर थाना पुलिस ने सात वर्ष पूर्व आजमगढ़ से लूटी गई बाइक व तमंचा के साथ शनिवार की रात बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह हमराहियों के साथ गश्त के दौरान कुंभापुर गेट के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संजय नगर की तरफ से आ रहा सुपर स्प्लेंडर बाइक सवार युवक पुलिस को देखकर बाइक घुमाकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार जमालापुर निवासी विवेक सिंह मांगे जाने पर बाइक के कागजात दिखा नहीं सका। बाइक के पिछले प्लेट पर नंबर यूपी-62 एएन-7788 अंकित था। पुलिस ने संदिग्ध होने पर ई-चालान एप से सर्च किया तो बाइक का असली नंबर यूपी-50 एके-2762 निकला। वर्ष 2016 में उक्त बाइक की लूट व हत्या के प्रयास का मुकदमा पड़ोसी जिले आजमगढ़ के दीदारगंज थाना में दर्ज मिला। तलाशी में आरोपित के पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। मुकदमा दर्ज कर आरोपित का चालान कर दिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में एसआइ कश्यप कुमार सिंह, अरविंद सिंह, राधेश्याम सिंह, हेड कांस्टेबल दीपक सिंह, बलवंत सिंह व कांस्टेबल राम विलास सरोज रहे।

### ओवरटेक के चक्कर में आमने-सामने भिड़ी बाइक, दो घायल

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के केराकत-जौनपुर मार्ग पर पितुपुर गांव के पास ओवर टेक करने पर दो बाइक आमने सामने भिड़ गयी जिसमें दो लोग घायल हो गये। केराकत कोतवाली के तरियारी गांव निवासी नसीम शेख 30 वर्ष, शमशाद अली 15 वर्ष एक ही बाइक से जौनपुर की तरफ से आ रहे थे। नसीम ने पिकअप को ओवरटेक करके पास लेना चाहा कि केराकत की तरफ से जौनपुर जा रहा बाइक सवार से टक्कर हो गयी जिससे नसीम और शमशाद बुरी तरह से घायल हो गये। ग्रामीणो के सहयोग से 108 एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी पर इलाज के लिये पहुंचाया गया।

# जल की स्वच्छता के साथ, मन की स्वच्छता भी आवश्यक



घाटों पर श्रमदान करते निरंकारी भक्त

**जौनपुर।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तत्वावधान में सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन कर कमलों द्वारा रविवार को प्रातः 8 बजे अमृत परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन का शुभारम्भ यमुना छठ घाट से किया गया। इसके साथ ही सत्गुरु माता के पावन आशीर्वाद से यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के 1100 से अधिक स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में विशाल रूप से एक साथ आयोजित की गई।

इस परियोजना के अंतर्गत जनपद में भी गोमती नदी के तट गोपी घाट एवं हनुमान घाट पर महात्मा मानिक चंद्र तिवारी जोनल इंचार्ज के नेतृत्व में व सेवादल के क्षेत्रीय संचालक अमरनाथ विश्वकर्मा व राजेश प्रजापति क्षेत्रीय संचालक के साथ लगभग 1500 सेवादल के भाई-बहन व संगत के संत महात्मा सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक इस स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होकर सफाई का कार्य किए। यह जानकारी देते हुए मिशन के स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने आगे बताया कि बाबा हरदेव सिंह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिव्य निर्देशन में अमृत परियोजना का आयोजन हुआ। इस परियोजना का शुभारम्भ करते हुए सत्गुरू माता सुदीक्षा महाराज ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमात्मा ने हमे यह जो अमृत रूपी जल दिया है तो हम सभी का कर्त्वय बनता है कि हम सब उसकी उसी तरह संभाल करे। स्वच्छ जल के साथ साथ मनों का भी स्वच्छ होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसी भाव के साथ हम संतो वाला जीवन जीते हुए सभी के लिये परोपकार का ही कार्य करते है। इस परियोजना में अधिक से अधिक युवाओं का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम के मध्य केवल पर्यावरण अनुकूल उपकरणों का ही प्रयोग किया गया। प्लॉस्टिक की बोतलों, थर्माकॉल इत्यादि का प्रयोग सभी के लिए पूर्णतः वर्जित था। कार्यक्रम के समापन पर सम्मिलित हुए अतिथिगणों ने मिशन की भूरी-भूरी प्रशंसा की और साथ ही निरंकारी सत्गुरु माता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन ने जल संकट से बचाव हेतु जल संरक्षण एवं जल निकायों की स्वच्छता जैसी इस कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित स्वरूप दिया है जो निश्चित रूप से समाज के उत्थान हेतु एक अहम कदम है। संत निरंकारी मिशन समय समय पर ऐसी ही अनेक परियोजनाओं में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहा है जिनमें विशेषतः पर्यावरण संरक्षण हेतु वननेस वन परियोजना और उसके उपरांत जल संरक्षण हेतु अमृत प्रोजेक्ट प्रमुख है।

# पुलिस ने बलवाइयों पर किया पानी की बौछार, छोड़े आंसू गैस के गोले

मॉकड्रिल

**पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ ड्रिल अभ्यास**



पुलिस लाइन के परेड मैदान में ड्रिल अभ्यास करते पुलिस कर्मी

**जौनपुर।** पुलिस लाइन परेड मैदान में रविवार की सुबह तोड़-फोड़ व आगजनी कर रहे उग्र लोगों की भीड़ शांति व्यवस्था बनाए रखने को तैनात पुलिस कर्मियों को अचानक घेर लेती है। पुलिस कर्मी उन्हें समझाने की कोशिश करते हैं। न मानने पर उन पर पानी की बौछार और आंसू गैस के गोले दागते हैं। फिर लाठियां भांजकर करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद जांबाज पुलिस कर्मी बलवाइयों पर काबू पा लेते हैं। चौंकिए मत। यह हकीकत नहीं बल्कि होली को देखते हुए शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने को ऐसी किसी परिस्थिति पर काबू पाने के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारियों के लिए किए गए ड्रिल अभ्यास का हिस्सा था।

हिंसा व आगजनी थमने के बाद पुलिस कर्मी चोटिल लोगों का प्राथमिक उपचार भी करते हैं। ड्रिल अभ्यास में स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआइयू), नागरिक पुलिस, फायर सर्विस, आंसू गैस, लाठी, रिजर्व, फर्स्ट एड व वीडियोग्राफी समेत कुल दस टीमों के 250 जवानों ने हिस्सा लिया। बलवा ड्रिल अभ्यास में जिले के सभी थानों पर तैनात उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल शामिल हुए। इसके पश्चात फायरिंग का भी अभ्यास किया गया।

इस मौके पर सभी सर्किल के पुलिस उपाधीक्षक व प्रतिसार निरीक्षक अनुपम सिंह भी मौजूद रहे। ड्रिल अभ्यास में प्रशिक्षित पुलिस कर्मी इसी तरह का रिहर्सल अगले तीन-चार दिनों में अपने-अपने थानों पर भी करेंगे। एसपी (ग्रामीण) शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि एसपी डा. अजय पाल शर्मा के निर्देश पर बलवा ड्रिल अभ्यास आने वाले पर्वों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने की पुलिस प्रशासन के सामने आने वाली चुनौतियों की प्रोफेशनल तैयारी का हिस्सा था। फुल ड्रेस रिहर्सल में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों का प्रदर्शन शानदार रहा। विशेष रूप से फायरिंग की एक्सरसाइज बहुत सराहनीय रही। अधिकारियों ने भी फायरिंग की। सभी के निशाने सही जगह पर लगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**पराऊगंज।** कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शनिवार को क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर खुर्द कुटीर चक्के गांव में आयोजित हुआ।

शिविर में मुख्य अतिथि जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश मणि ओझा ने सात दिवसीय विशेष शिविर मे प्रतिभाग कर रहे शिविरार्थियो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से छात्रों का चारित्रिक एवं सामाजिक विकास होता है जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने श्रम सेवा स्वावलंबन को रेखांकित करते हुए शिविरार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र अपने जीवन को अनुशासित बनाकर राष्ट्र निर्माण में अपने को स्थापित कर सकते है। आगत अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रीनिवास तिवारी तथा आभार ज्ञापन डॉ. नागेंद्र प्रताप मिश्र ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय यादव, डॉ. अमरेश, डॉ. चित्रसेन गुप्त सहित समस्त प्राध्यापक, शिविरार्थी एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। संचालन डॉ. अनुज शुक्ला ने किया।



रासेयो के शिविर का शुभारम्भ करते अतिथिगण

## राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर सम्पन्न

**ओबरा।** पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर डा प्रमोद कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें एक साथ मिलकर राष्ट्र एवं समाज की सेवा के निमित्त कार्य करना सिखाता है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामुदायिक कार्यों के द्वारा हमारे व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करता है। हमारे बीच धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र इत्यादि के भेदभाव को मिटाकर हमें एक साथ मिलकर देश की एकता एवं समाज के उत्थान के निमित्त कार्य करना सिखाता है। डॉ. विभा पांडेय द्वारा शिविरार्थियों की सप्त दिवसीय कार्य आख्या एवं डॉ. महीप कुमार द्वारा आभार व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विकास कुमार द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिविरार्थियों ने शिक्षाप्रद नाटक, समूह नृत्य, एकल नृत्य एवं गीत, कविताएं प्रस्तुत की। आयोजित 15 प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक 94 अंक लेकर प्रेरणा ग्रुप ने चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। 71 अंक लेकर मां दुर्गा ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहा। झांसी की रानी ग्रुप 68 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहा।

संक्षेप

## राम कथा सुनने में तर्क का इस्तेमाल न करें : शांतनु महाराज



**मुफ्तीगंज।** राम कथा को सुनने में कभी भी तर्क का उपयोग नहीं करना चाहिए बस कथा को ध्यान से सुने और उस के रस में लीन हो जाएं तभी कथा सुनने का आनंद और फल दोनों प्राप्त होता है। क्योंकि भगवान राम सभी प्रकार के तर्क से परे हैं। उक्त बातें क्षेत्र के उमरी गांव में आयोजित नौ दिवसीय राम कथा आयोजन में पधारे कथावाचक शांतनु महाराज ने श्रोता गणों के समक्ष कहीं। 19 फरवरी से 27 फरवरी तक क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित इस कथा में रोजाना श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के प्रमुख आयोजनकर्ता जयप्रकाश सिंह ग्राम प्रधान उमरी ने बताया कि उक्त कथा रोजाना 2 बजे दोपहर से शाम को 7 बजे तक आयोजित की जा रही है जिसमें आसपास के सभी क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं। कथा के आयोजन में समाजसेवी सत्यानंद चौबे, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय सिंह, डॉ. अरविंद सिंह, विशाल सिंह, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, पूर्व प्राचार्य राम लखन सिंह, पूर्व प्रवक्ता कैलाश नाथ सिंह सहित क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों का सराहनीय योगदान है।

## संस्कार, शिक्षा से ही विकास संभव :गोपाल सिंह

**थानागद्दी।** सब्बल ब्रह्म बाबा मंदिर से चंद कदम की दूरी पर ग्रीन वैली स्कूल का उद्घाटन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख गोपाल सिंह ने कहाकि शिक्षा, संस्कार दोनों की शिक्षा बच्चों को दी जानी चाहिए। उत्कृष्ट शिक्षा, संस्कारित बच्चे ही देश की दशा, दिशा दोनों बदल सकते हैं। विशिष्ट अतिथि पत्रकार अब्दुल हक अंसारी ने कहाकि सरकार को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है दिन प्रतिदिन प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। बच्चों को आधुनिक शिक्षा कंप्यूटर के बारे में भी शुरू से पढ़ाया जाना चाहिए। श्री सिंह ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार शुक्ला, संचालन अंकिता सिंह ने किया।

## पुलिस कर्मियों सहित अन्य को खिलाई गई फाइलेरिया की दवा

**चंदवक।** राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी के अधीक्षक डॉ. प्रिंस मोदी के नेतृत्व में पाक्षिक अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों ने चंदवक थाना के अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों व पत्रकारों को डीईसी व एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गईं। इसके अलावा स्वस्थ्य टीम ने हटवा, हरदासीपुर, नरायनपुर, चंदवक में दवा खाने से इनकार करने वाले लोगों को जागरूक कर दवा खिलाई। अधीक्षक डॉ. प्रिंस मोदी ने बताया कि दवा खा लेने से फाइलेरिया के कीटाणु शरीर के अंदर मर जाते हैं जिससे भविष्य में यह रोग नहीं होगा। दवा खिलाने के अभियान 10 फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा।

## घर में घुसकर चोरी की घटना में शामिल वांछित चोर गिरफ्तार

**भदोही।** थाना चौरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अनेगपुर निवासी दूधनाथ यादव पुत्र स्व. बलीजोर द्वारा सूचना दिया गया कि रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर में घुसकर सफेद धातु जेवरात व नगदी चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर मु.अ.सं..11/2023 धारा. 380 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। पूर्व में थाना स्थानीय पुलिस द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल दो शातिर चोरों को चोरी गए जेवरात सफेद धातु के साथ गिरफ्तार किया गया था। घटना में शामिल प्रकाश में आये अन्य वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। थाना चौरी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार घटना में शामिल प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त निवासी चौरी निदुर पट्टी थाना चौरी जनपद भदोही उम्र करीब 45 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित चोरी हिस्से में मिले 320 रुपये नगद बरामद किया गया। अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच व आपराधिक इतिहास की जानकारी करने सहित आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

# सुधाकर सिंह की मनी 13वीं पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि



जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** पिलखिनी स्थित सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय में रविवार को सुधाकर सिंह की 13वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।


इस मौके पर माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि मेरे बड़े भाई स्व. सुधाकर सिंह हम लोगों के बीच नही हैं लेकिन उनका आशीर्वाद और प्रेरणा परिवार को मिलता रहता है। उन्होंने परिवार को एक सूत्र में बांधकर एकता का जो पाठ पढ़ाया और पूरे परिवार को संगठित कर जो प्रेरणा दी उसको हमारे बच्चे आगे बढ़ा रहे हैं। इससे मुझे काफी खुशी हो रही है। कालेज के प्रबंधक उनके बड़े पुत्र अरविंद सिंह ने अपने पिता के नाम पर क्षेत्र के बच्चों व बच्चियों के बेहतर शिक्षा के लिए जिस शिक्षण संस्थान की स्थापना की वह दिन प्रतिदिन प्रगति के पद पर अग्रसर है। इस शिक्षण संस्था से शिक्षा प्राप्त कर लोग आगे बढ़ रहे हैं। संचालन विवेक और आनंद ने किया। प्राचार्य डा. रूबी राय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राहुल सिंह, अमन सिंह, विनय सिंह, रवींद्र प्रकाश मिश्र, सुनील सिंह, सन्तोष सिंह, मनीष सिंह, सदानन्द सिंह, दुर्गेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रसिद्ध कवि व रचनाकार पं. ओंकार नाथ शुक्ल का निधन

जनसंदेश न्यूज

**केराकत/थानागद्दी।** प्रतिष्ठित कवि व रचनाकार ओंकारनाथ शुक्ल का रविवार को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह बीते कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। ओंकारनाथ मुंबई स्थित भायंदर ईस्ट में अपने पुत्र और परिवार के साथ रह रहे थे। उनके निधन की जानकारी उनके बड़े भतीजे ओम प्रकाश शुक्ल द्वारा प्राप्त हुई।



तहसील क्षेत्र स्थित बेहड़ा गांव के जमीदार घराने में जन्मे ओंकार नाथ शुक्ल मुंबई में अपनी पत्नी, पुत्र और पुत्रवधु के साथ गत कई वर्षों से रह रहे थे। पिछले दो वर्षों से उन्होंने अपने कलम को विराम दे दिया था। रविवार दोपहर को हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया। जानकारी मिलने पर उनके परिजनों समेत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ओंकार नाथ ने अपनी लॉ की पढ़ाई पूर्ण करने के बाद साहित्य क्षेत्र में कदम रख दिया था। बड़े और जमींदार घराने के होने के कारण उन्होंने कभी नौकरी या व्यापार की तरफ रुख नहीं किया। गांव में कई वर्षों तक नाट्य कार्यक्रम, कवि सम्मेलन इनके द्वारा संपादित किया गया। दो वर्ष पूर्व तक उन्होंने अपने लेखनी को जारी रखा। उनके कलम हर विषय पर चले चाहे वह राजनीति, समाज, साहित्य हो या भाषा हो। काव्य लेखन में उनकी लेखनी का जोड़ नहीं था। उनके चाहने वाले उनके नई लेखनी को पढ़ने के लिए हमेशा ही ललायित रहते थे, उसे पढ़ ऐसा लगता था कि मानो सबकुछ आंखों के सामने तैर रहा हो। बड़ी शान और सौम्य जीवनकाल पूर्ण करने के बाद उन्होंने रविवार दोपहर को दुनिया को अलविदा कह दिया। ओंकार नाथ शुक्ला अपने पीछे पांच पुत्री व एक पुत्र कवि व अध्यक्ष हिंदी विभाग महर्षि दयानंद कालेज मुम्बई पंडित उमेश चन्द्र शुक्ल सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

संक्षेप

## पत्नी के कार्यों में रुचि व बिना आदेश आयोग में उपस्थित होने पर हुई कार्रवाई

**गोपीगंज।** अक्सर किसी ना किसी मामले को लेकर सुर्खियों में रहने वाला जिले का ग्राम पंचायती विभाग फिर एक बार विवादों में घिर गया है। ताजा प्रकरण प्रकाश में आया है कि जनसूचना से मांगे गए सूचना पर संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी के पति के द्वारा बिना अपने उच्च स्तरीय अधिकारी की अनुमति के अपनी पत्नी के सरकारी कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा था। बताते चलें कि सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा ग्राम सभा जहांगीराबाद के विकास कार्यों की सूचना डीपीआरओ से मांगी गई थी, ससमय सूचना की ना प्राप्ति होने पर प्रथम अपीलोपरांत सूचना आयोग की शरण ली गई, सूचना आयोग की तीन तिथियों में ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका यादव के साथ उनके पति अरूण यादव जो विकासखंड औराई में ही ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर सृजित हैं। जिस पर आयोग में बिना अपने सक्षम अधिकारी के अनुमति के उपस्थित व अपनी पत्नी के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने कि मय साक्ष्य भूपेंद्र प्रताप सिंह ने खंड विकास अधिकारी औराई से शिकायत की थी, जिस पर बीडीओ औराई नवीन गुप्ता की जांच में अपनी पत्नी के कार्यों में रुचि लेना व बिना किसी सक्षम अधिकारी के अपनी पत्नी के कार्य से आयोग में उपस्थित होने की पुष्टि हुई। जिस पर खंड विकास अधिकारी नवीन गुप्ता ने भविष्य में अपनी पत्नी के कार्यों में रूचि ना लेने हेतु चेतावनी व बिना किसी सक्षम अधिकारी के छुट्टी के आयोग में उपस्थित होने पर ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण यादव के वेतन में कटौती किया गया है।

## शांतिभंग में आठ धराये

**ज्ञानपुर।** भदोही पुलिस द्वारा 8 व्यक्तियों को शान्ति भंग के अंदेशा में गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो कि थाना गोपीगंज क्षेत्र अन्तर्गत उ.नि. मो. शाबान द्वारा जंगलपुर से 1 नफर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया। थाना गोपीगंज क्षेत्र अन्तर्गत उ.नि. प्रकाश मिश्र द्वारा नारेपार से 1 नफर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया। थाना भदोही क्षेत्र अन्तर्गत उ.नि. सुनाल कुमार द्वारा पिपरीस से 2 नफर तथा उ.नि. प्रमोद सिंह यादव द्वारा ग्राम जगदीशपुर से 2 नफर अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया। थाना दुगार्गंज क्षेत्र अन्तर्गत उ.नि. अशोक कुमार यादव द्वारा मसूधी से 2 नफर अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया।

## जाम में फंसी एंबुलेंस, भारी वाहनों का लगा जमावड़ा

**गोपीगंज।** ओवरब्रिज के दक्षिणी लेन के बंद होने के कारण रविवार को सुबह से ही जाम की स्थिति बनी रही। भारी वाहनों के ओवरब्रिज के नीचे से जाने के कारण एंबुलेंस जाम में फंस गई। जिसको निकालने में ट्रैफिक पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। राहगीरों को काफी मुशीबतो का समाना करना पड़ रहा है। बताते चले की इसके पूर्व एक माह तक ओवरब्रिज के उत्तरी लेन के बंद होने से परेशानियों का सामना करना पड़ा था, अब उत्तरी लेन की वजह से झेलना पड़ रहा है ' इस जाम की वजह से गोपीगंज नगर का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कोई भी खरीददार नगर में आना नही चाह रहा है। व्यापारियो ने बताया कि एक तो स्थानीय पुलिस ने बाजार में आने के सभी रास्ते बंद कर दिए है। बड़ा चौराहा, हॉस्पिटल, मिजार्पुर तिरमुहानी के कट रास्तों को बंद किए जाने से इस लगन के सीजन में कोई भी खरीददार नही आ रहा है। जिससे हम लोगो का व्यापार प्रभावित हो रहा है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा** पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# होली व शबे बारात को लेकर कोतवाली परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक

निर्देश

**पर्वों को परम्परागत ढ़ग से शान्ति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की की गई अपील**

**अराजक तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्रवाई**

जनसंदेश न्यूज



शांति समिति की बैठक में अपनी बातों को रखते भाजपा नेता विनीत बरनवाल

**भदोही।** डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आगामी पर्वों 7 मार्च को पड़ने वाले होली एवं शबे-बरात पर्व को देखते हुए क्षेत्राधिकारी भदोही व प्रभारी निरीक्षक भदोही मय पुलिस बल द्वारा थाना भदोही पर सर्वसमुदाय के धर्मगुरुओं, क्षेत्र के सम्भ्रांत व गणमान्य व्यक्तियों, सभासदों व डिजिटल वॉलिंटियर के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई।

मीटिंग में आए लोगों से त्यौहार में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी किया गया। विनीत बरनवाल, सभासद हसीब खान, दिलीप गुप्ता, जमील नेता आदि ने बीते वर्षों में सम्पन्न हुए त्योहारों के दौरान परंपरागत तथ्यों पर प्रकाश डाला। आगामी त्यौहारों को परंपरागत ढंग से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चैहान ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। कोई समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल सम्बन्धित अधिकारी के सरकारी नम्बर पर संपर्क करें।

कोतवाल अजय सेठ ने कहा कि दोनों त्योहारों को सकारात्मक रूप से देखें और मिल जुल कर त्योहार मनाएं। साथ ही त्योहारों के दौरान अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान प्रमुख रूप से नुरैन खान, भरत जायसवाल, सुजीत कुमार, हाजी सुहैल अंसारी, प्रिंस गुप्ता, मनोज गौतम सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सूचना विभाग की विकास प्रदर्शनी आज से

**भदोही।** प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, नये कीर्तिमानों एवं नीतियों से सम्बन्धित विकास प्रदर्शनी दिनांक 27 फरवरी से 1 मार्च तक विभूति नारायण राजकीय इण्टर कालेज ग्राउण्ड ज्ञानपुर में स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी का शुभारम्भ सोमवार को सांसद डॉ. रमेश चन्द बिन्द द्वारा किया जायेगा। विकास प्रदर्शनी के शुभारम्भ के समय कार्यक्रम स्थल पर अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

# सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाएं होली और शबे बारातः एएसपी

**गोपीगंज।** कोतवाली परिसर में रविवार को शबे बारात एवं होली पर्व को लेकर पीस कमेटी बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने कहा कि होली और सब ए बारात का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए लोगों से अपील की। साथ ही लोगों को आश्वस्त किया कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। त्योहारों पर उपद्रव करने वालों के खिलाफ भी पुलिस सख्ती से निपटेगी। अपर जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है, इसे उत्साह पूर्वक मनाएं। सीओ प्रभात राय ने कहा कि त्योहार में अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अश्वनी पांडेय ने त्योहार को परंपरागत तरीके व हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने की अपील की। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक सदानंद सिंह, डीघ ब्लाक प्रमुख मनोज मिश्रा, शशि मिश्रा, प्रहलाद दास गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, सिराज अख्तर, जितेंद्र गुप्ता, रामकृष्ण खद्दू, दिनेश गुप्ता, श्रीकांत जायसवाल, दीपक मोदनवाल, अनूप जायसवाल, मजहरउल्लाह, राजेंद्र पुष्पकार, लल्लू, सरवर खान, गुड्डू चौधरी, मोहित बाबू, सहित आचार्य शरद आदि मौजूद रहे।

बैठक

**दस बजे के बाद नहीं बजेगा डीजे, उपद्रवियों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर**

## औराई थानाध्यक्ष बने नागेन्द्र प्रताप सिंह

**भदोही।** जनहित में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा निरीक्षकगण का स्थानांतरण किया गया है एसपी ने बताया कि नि. नागेन्द्र प्रताप सिंह पी.आर ओ. पुलिस अधीक्षक से प्रभारी निरीक्षक औराई, नि. गगन राज सिंह प्रभारी निरीक्षक औराई से पी.आर ओ. पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

मदद

**दीप प्रज्वलित कर अग्निशमन विभाग के अधिकारी ओमप्रकाश ने किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की शुभारंभ**



निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लोगों को परामर्श देते चिकित्सक

**भदोही।** सर्वोदय नर्सिंग होम द्वारा रविवार को नगर के छेड़ीबीर मोहल्ले में स्थित टावर के पास निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ उठाया।

इस अवसर डॉ, राजेश कुमार, डॉ.महफूज आलम (जनरल फिजिशियन), डॉ.अरुण गौतम (फिजियोथैरेपिस्ट), डॉ.एसके पांडेय (बाल रोग विशेषज्ञ) व डॉ.लालचंद (नेत्र सहायक) द्वारा आएं हुए मरीजों का बारी-बारी से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उनके द्वारा मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिया गया। वहीं महेंद्र पाल (लैब टेक्नीशियन) व सोनू पाल (लैब टेक्नीशियन) द्वारा शिविर में आएं मरीजों का सूगर सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर डॉ.मनभावती के कोआर्डिनेशन में हुआ। इसके पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अग्निशमन विभाग के अधिकारी ओमप्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की शुरआत किया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद एमआई खां ने डॉक्टरों की टीम के कार्यों को सराहा। इस मौके पर नर्सिंग होम के पैरामेडिकल स्टाफ बिरजू, सुप्रिया, ज्योति, अरुण कुमार, गीता, आकांक्षा, मंजू, सायमा व अजित कुमार राव सहयोग में लगे रहें।

# हनुमान मंदिर में झाड़ू लगाकर की सफाई

पहल

**स्वच्छता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाया झाड़ू**



हनुमान मंदिर में झाडू लगाकर साफ-सफाई करते भाजपा नेता विनीत जायसवाल राजू साथ मे अन्य

**भदोही।** नगर के औराई रोड हनुमान बाग में स्थित हनुमान मंदिर की साफ-सफाई के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां पर भाजपा के कार्यकताओं ने झाड़ू लगाकर मंदिर व परिसर की साफ-सफाई किया।

यह स्वच्छता अभियान पार्टी के वरिष्ठ नेता विनीत जायसवाल राजू के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें लगभग एक दर्जन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शामिल रहें। सभी के हाथों में झाड़ू था। जो हनुमान मंदिर के साथ ही साथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किए। वहीं साफ-सफाई के बाद निकले कूड़े का उनके द्वारा निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विनीत जायसवाल राजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वच्छता को लेकर काफी गंभीर है। उनके इस स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए हनुमान मंदिर व मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गई। इसके जरिए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया गया। ताकि लोग भी अपने आसपास की साफ-सफाई करते रहे। उनके आसपास का वातावरण स्वच्छ रहें। इस मौके पर विनीत बरनवाल, प्रिंस गुप्ता, दीपू विश्वकर्मा, संजय यादव व दया मौर्या आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# एक आदेश से कार्यालय अधिकारी सकते में

## खंड व सर्किल में तैनात हैं सहायक कार्यकारी अधिकारी व कार्यकारी अधिकारी

जितेंद्र श्रीवास्तव/राकेश सिन्हा

**विद्युत विभाग**

**यूपीपीसीएल ने आदेश के जरिए मुख्य/ पर्यवेक्षणीय/ प्रशासकीय दायित्व से किया मुक्त**

**खंड व सर्किल के परेशान अधिकारी इस नये आदेश को मान रहे हैं प्रशासनिक चूक**

**वितरण इकाई की मजबूती के लिए इन अधिकारियों को उत्तरदायी बनाना आवश्यक**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) के एक आदेश ने खंड कार्यालयों में तैनात सहायक कार्यकारी अधिकारियों और सर्किल कार्यालयों में तैनात कार्यकारी अधिकारियों को सकते में डाल दिया है। यूपीपीसीएल प्रबंधन की तरफ से जारी आदेश को सच माने तो खंड और सर्किल कार्यालयों के क्रमशः सहायक कार्यकारी अधिकारियों व कार्यकारी अधिकारियों को मुख्य/पर्यवेक्षणीय/ प्रशासकीय दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। परेशान इन अधिकारियों का मानना है कि यह आदेश प्रशासनिक चूक हो सकती है। वैसे इस आदेश के पीछे यूपीपीसीएल प्रबंधन की मंशा चाहे जो भी हो, लेकिन इससे हम लोगों के हाथ बंध गए हैं।

बता दें कि यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम. देवराज ने सात दिसम्बर 2022 को एक आदेश जारी किया। इसके तहत वितरण इकाई के कार्यों के संपादन औरर संचालन के लिए विभिन्न स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों के मुख्य/पर्यवेक्षण/ प्रशासनिक उत्तरदायित्व का निर्धारण किया है। इसके तहत, कार्यकारी सहायक/ तकनीशियन (विद्युत/ लाइन), अवर अभियंता/ लेखाकार (राजस्व), उपखंड अधिकारी/ सहायक अभियंता (राजस्व), अधिशासी अभियंता (वितरण) और अधीक्षण अभियंता (वितरण) को शामिल किया गया हैं। लेकिन खंड कार्यालयों के वरिष्ठ कार्यकारी सहायकों/सहायक कार्यकारी अधिकारियों और सर्किल कार्यालयों के कार्यकारी अधिकारियों को किसी प्रकार का मुख्य/पर्यवेक्षण अथवा प्रशासनिक उत्तरदायित्व का कार्य आवंटित नहीं किया गया है। विभागीय सूत्रों की मानें तो यूपीपीसीएल के इस नये आदेश से सभी अचम्भित है। जबकि वितरण इकाई की मजबूती और बेहतर राजस्व वसूली के लिए इन अधिकारियों को भी उत्तरदायी बनाना आवश्यक है।

यूपीपीसीएल प्रबंधन के आदेशानुसार, खंड कार्यालयों में पूर्व में कार्यालय सहायक (द्वितीय) पदनाम वालों को अब वरिष्ठ कार्यकारी सहायक एवं पूर्व में कार्यालय अधीक्षक (श्रेणी-द्वितीय) लेकिन अब सहायक कार्यकारी अधिकारी के नाम से जाना जाता है। इसी तरह सर्किल कार्यालयों में पूर्व में कार्यालय अधीक्षक (श्रेणी-प्रथम), जो कार्यालय सुपरविजन का कार्य करते थे, उनको अब कार्यकारी अधिकारी के नाम से जाना जाता है। यूपीपीसीए के अध्यक्ष ने दिसम्बर-2022 के नये आदेश में इन्हें मुख्य उत्तरदायित्व अथवा पर्यवेक्षणीय उत्तरदायित्व अथवा प्रशासनिक उत्तरदायित्व नहीं दिया है। इतना ही नहीं, इन अधिकारियों से वर्तमान में क्या कार्य लिया जाएगा, इस बाबत अलग से कोई स्पष्ट आदेश ही जारी किया है। इसके चलते इन पदों पर कार्यरत कर्मचारियों में अपने कार्य एवं जिम्मेदारियों के प्रति संशय की स्थिति बनी हुई है। हालांकि इस मसले पर कोई अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। उनका सिर्फ इतना ही कहना है कि अध्यक्ष की तरफ से जारी आदेश प्रशासनिक चूक का मामला लगता है। इतना अवश्य है कि वर्तमान परिस्थितियों में पावर कॉरपोरेशन की कार्यप्रणाली को मजबूत करने एवं राजस्व वसूली की दिशा में कार्मिकों की उपयोगिता सुनिश्चित करने की खातिर इस प्रशासनिक चूक में सुधार कर सहायक कार्यकारी अधिकारी/ कार्यकारी अधिकारी को भी मुख्य अथवा पर्यवेक्षकीय उत्तरदायित्व का कार्य आवंटित करना करना ही बेहतर होगा।

### वर्ष 2019 में बदला पदनाम

विभागीय सूत्रों की मानें तो यूपीपीसीएल के निदेशक मंडल की आज्ञा से पावर कॉरपोरेशन ने जनवरी-2019 में कॉरपोरेशन मुख्यालय (शक्ति भवन लखनऊ) को छोड़कर अन्य सभी सहयोगी वितरण कंपनियों में कार्यरत लिपिकीय कर्मचारियों के पदनाम बदल दिये गये थे। इसके तहत कार्यालय सहायक श्रेणी (द्वितीय) व कार्यालय सहायक श्रेणी (तृतीय) को कार्यकारी सहायक के नाम से जाना जाएगा। इसी तरह, कार्यालय सहायक (प्रथम) को वरिष्ठ कार्यकारी सहायक, कार्यालय अधीक्षक (श्रेणी-द्वितीय) को सहायक कार्यकारी अधिकारी, कार्यालय अधीक्षक (श्रेणी-प्रथम) को कार्यकारी अधिकारी, कार्यालय अधीक्षक (विशेष श्रेणी) को प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और आंशुलिपिक को शिविर सहायक के नाम से जाना जाएगा।



# बगैर स्वीकृत पद के सहायक लेखा अधिकारी की तैनाती

**सर्किल चंदौली**

**विद्युत मजदूर पंचायत ने खोली पोल, डिस्कॉम प्रबंधन को पत्र लिख जतायी आपत्ति**

**वाराणसी।** बिजली विभाग के खेल निराले हैं। इस निरालेपन की ही कारस्तानी है कि बगैर स्वीकृत पद के सहायक लेखा अधिकारी की तैनाती विद्युत वितरण के मंडल कार्यालय-चंदौली में कर दी है। हास्यापद स्थिति यह है कि उप मुख्य लेखा अधिकारी वाराणसी ने लेखा संवर्ग के कर्मचारियों की खातिर बने नियमों की अनदेखी कर यह तैनाती की है। नियम विरुद्ध हुई इस तैनाती की पोल विद्युत मजदूर पंचायत ने न सिर्फ खोल दी है। बल्कि, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) प्रबंधन को पत्र लिखकर इस बाबत आपत्ति भी जतायी है।

विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश के प्रांतीय उपाध्यक्ष आरके वाही की मानें तो चंदौली मंडल कार्यालय में सहायक लेखा अधिकारी का पद स्वीकृत न होने के बावजूद खंड कार्यालय में तैनात सहायक लेखा अधिकारी को अतिरिक्त कार्य के लिए मंडल कार्यालय में तैनात करने का आदेश किया गया है, जो अपने मूल कार्यों के साथ-साथ विद्युत वितरण मंडल-चंदौली में निविदा से संबंधित पत्रों की जांच एवं लेखा संबंधी कार्यों को देखेंगे। जबकि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के आदेशानुसार मंडल कार्यालय में तैनात कार्यकारी अधिकारी, जिन्हें पूर्व में प्रधान सहायक अथवा कार्यालय अधीक्षक (प्रथम श्रेणी) के नाम से जाना जाता था, को ही मंडल कार्यालय के निविदा प्रकरण में कंपैरेटिव स्टेटमेंट को चेक करने का अधिकार आवंटित किया गया है। ऐसे में उप मुख्य लेखा अधिकारी वाराणसी का आदेश हास्यापद ही नहीं नियम विरुद्ध है। उन्होंने पूर्वांचल-डिस्कॉम प्रबंधन को पत्र लिखकर इस तैनाती पर आपत्ति प्रकट की है। साथ ही उप मुख्य लेखा अधिकारी की तरफ से किए गए आदेश को अविलम्ब निरस्त करने की खातिर आदेश देने का अनुरोध किया है।



कंपनी बाग में पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन करते कमिश्नर व अन्य

# 11 लाख परमिट टैक्स, दो लाख नगर निगम टैक्स, फिर भी कहते हैं अवैध

**बस संचालकों की पीड़ा**

**अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद भी नहीं मिल रहा न्याय**

**नियमानुसार रोडवेज की बसों को भी शहर से बाहर दें स्थान**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** गाजीपुर मार्ग पर संबंधित विभाग की ओर से अवैध व डग्गामार की बात कह कर बसों को पुलिस लाइन में बंद करवा दिया गया। इसके साथ ही चौकाघाट स्थित वाराणसी-गाजीपुर बस स्टैंड को आशापुर इस बात को कह कर भेज दिया गया कि यहां इसके संचालन से जाम लगता है। लगभग 15 दिनों से बसों के संचालन बंद होने से मर्माहत बस संचालकों ने रविवार से पत्रकारों को अपनी पीड़ा बयां किया।

चौकाघाट स्थित वाराणसी-गाजीपुर के वैध बस स्टैंड पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्राइवेट बस संचालक कल्याण समिति के अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह व सचिव जय प्रकाश सिंह ने बताया कि इस मार्ग पर आज से लगभग 40 वर्ष पूर्व से बसों का संचालन किया जा रहा है। सबसे पहले कैंट स्टेशन फिर अंधरापुल फिर चौकाघाट अब आशापुर के लिए बताया जा रहा है, बताया कि पार्किंग स्थल बदलने का जिला प्रशासन का पूरा अधिकार है लेकिन इसकी भी एक प्रक्रिया है, उच्च न्यायालय की ओर से साफ तौर पर कहा गया कि स्थल को लॉ के अनुसार बदलने की प्रक्रिया अपनायी जाए, इसके अनुरुप एक तानाशाही रुप से बसों को बदं करा दिया गया।

### कुल 165 बसें चलतीं हैं इस मार्ग पर

बस संचालकों ने बताया कि इस मार्ग पर कुल 165 बसों का परमिट है इन सभी से प्रति माह आरटीओ को लगभग 11 लाख रुपये टैक्स दिया जाता है इतना ही नहीं पार्किंग स्थल को निगम ने वैध रुप से दिया है जिसके एवज में प्रति बस 50 रुपये के हिसाब से लगभग दो लाख रुपये निगम को टैक्स दिया जाता है प्रति माह इन्श्यूरेंस बावजूद इसके विभाग की ओर से इसे बसों को अवैध मान लिया गया।

### आरटीए की भी अवहेलना

प्रेसवार्ता में बताया कि आरटीए की बैठक में बसों के संचालन के लिए जो भी नियमावली बनायी गयी थी उसकी भी अवहेलना की जा रही है। बताया कि संयुक्त रुप से समय सारिणी के साथ रोडवेज की बसों को भी संचालित करने की बात कही गयी थी तो अब रोडवेज को भी शहर से बाहर किया जाए। प्रेसवार्ता में बताया कि आने वाले समय में अधिकारियों की ओर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो न्यायालय का शरण लिया जायेगा। प्रेसवार्ता में सुशील कुमार सिंह, राजेश प्रताप सिंह, राजेश कुमार सिंह, खुर्शीद अहमद, मंजीत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# होली की तिथि को लेकर लोगों में भ्रम

**ऊहापोह**

**काशी में छह को होलिका दहन व सात को रंगोत्सव**

जनसंदेश न्यूज




**वाराणसी।** फागुन पूर्णिमा को सभी सनातनी होलिका दहन कर दूसरे दिन रंगोत्सव मनाते हैं लेकिन इस बार होलिका व होली को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति बन गई है। वैसे काशी में होली का रंगारंग पावन पर्व 6 मार्च पूर्णिमा तिथि के दिन विधि विधान पूर्वक मनाया जायेगा।

बनारस के कई पंचांगों जैसे गणेश आपा पंचांग, विश्व पंचांग (बीएचयू), ज्ञान मंडल सौर पंचांग, ऋषिकेश पंचांग, चिंताहरण पंचांग, निर्णय सागर पंचांग, वल्लभमणि पंचांग के अलावा भारकण्ड पंचांग, वंशीधर ज्योतिष पंचांग, कला निर्णय पंचांग में 6 मार्च को होलिका दहन व 7 मार्च को होली बताया गया है। इस बार पूर्णिमा तिथि 6 मार्च सोमवार को दिन में 4.18 मिनट पर लगेगी जो कि अगले दिन 7 मार्च को सायंकाल 6.11 मिनट तक रहेगी। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक इस बार 6 मार्च की रात्रि में भद्रा पुच्छ में रात्रि 12.53 के पश्चात होलिका दहन करना शुभफलदायी रहेगी। सात मार्च को पूर्णिमा तिथि का रात्रि में मान न होने से होलिका दहन 6 मार्च को ही करना तर्कसंगत है। प्रसिद्ध ज्योतिषी ऋषि द्विवेदी के मुताबिक काशी में होलिका दहन छह मार्च को और सात मार्च को होली खेली जायेगी। काशी के अन्यत्र होली 8 मार्च को मनायी जायेगी। कारण यह है कि इस साल फागुन शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार सात मार्च को सायं 5.39 मिनट पर समाप्त हो रही है। इसके पूर्व छह मार्च सोमवार को फागुन शुक्ल चतुर्दशी 3.56 बजे समाप्त होकर पूर्णिमा लग रही है। इस दिन रात्रि पर्यंत (भद्रा दिन में 3.56 से प्रारंभ तथा सात मार्च की भोर में 4.48 बजे तक) भद्रा है। फागुन शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार सात मार्च को प्रदोष काल में न मिलने के कारण व काशी में मंगलवार सात मार्च को प्रदोष काल में प्रतिपदा में चौसठ योगिनी यात्रा का विधान होने से छह मार्च सोमवार की देर रात शास्त्र अनुसार भद्रा पुच्छ (रात्रि 12.23) बजे से रात्रि 1.35 बजे तक) होलिका दहन का शुभ मुहुर्त होगा। काशी की परम्परागत होली सात मार्च मंगलवार को होगी।

# डाक से तीन गुना बढ़ गई काशी विश्वनाथ के प्रसाद की डिमांड

**बढ़ रही मांग**

**स्पीड पोस्ट से श्रद्धालु मंगा रहे हैं श्रीकाशी विश्वनाथ का प्रसाद**

**2020 में डाक विभाग और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के बीच हुआ था एग्रीमेंट**

**वाराणसी।** श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद बाबा के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों का रोज नया रिकॉर्ड कायम हो रहा है। ऐसा ही रिकॉर्ड स्पीड पोस्ट से बाबा का प्रसाद मंगाने का भी बन रहा है। 2020 में डाक विभाग और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के बीच एग्रीमेंट हुआ था। तब से श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद देश भर में स्पीड पोस्ट सेवा द्वारा लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। डाक सेवा शुरू होने के 3 साल बाद बाबा के प्रसाद की मांग तीन गुना बढ़ गयी है। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के नव्य-दिव्य स्वरूप में आने के बाद विश्वेश्वर के दर्शन के लिए भक्त खूब उमड़ रहे हैं। वहीं जो श्रीकाशी विश्वनाथ धाम तक नहीं पहुंच पा रहे है, उनके घरों तक प्रसाद पहुंचाने का इंतजाम भी सरकार की ओर से किया गया है। श्री काशी विश्वनाथ का प्रसाद पाकर लोग अपने को धन्य समझते हैं। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के बीच2020 में भक्तों तक बाबा का प्रसाद पहुंचाने के लिए करार हुआ था। बाबा का प्रसाद मंगाने वालों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। बाबा के खास दिनों सावन और महाशिवरात्रि में प्रसाद की मांग और बढ़ जाती है। डिब्बा बंद प्रसाद टेंपर प्रूफ इनवेलप में होता है। इससे किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। डिब्बे के ऊपर डाक विभाग द्वारा जारी वाराणसी के घाट की 200 की डाक टिकट अनुकृति भी मिलेगी।

### स्पीड पोस्ट से भेजे गए प्रसाद के आंकड़े

2020 में 1501 पैकेट
2021 में 1709 पैकेट
2022 में 3313 पैकेट
2023 फरवरी तक 2053

# पंचांग संबंधित विवाद समाप्त हो

**संगोष्ठी में विचार**

**एक तरह का व्रत, पर्व का निर्णय करके प्रकाशित हो**

**काशी विश्वनाथ मंदिर में विद्वानों व ज्योतिषियों की हुई संगोष्ठी**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से धाम परिसर स्थित त्र्यंबकेश्वर हाल में राष्ट्रीय पंचांग समन्वय संगोष्ठी का रविवार को आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता न्यास के अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र पांडेय ने की।

उन्होंने पंचांग समन्वय की आवश्यकता पर वक्तव्य देते हुए कहा कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास इस कार्य को संगोष्ठी के माध्यम से निश्चित रूप से करेगा ताकि भविष्य में पंचांग संबंधित विवाद पूर्णतया समाप्त हों। साथ ही तिथि, वार, नक्षत्र तथा संवत्सर आदि के निर्णय में भी समन्वय होगा। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के पूर्व संकाय प्रमुख प्रो रामचंद्र पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के विवाद से जनमानस भ्रम में पड़ जाता है। काशी के समस्त पंचांग कर्ता विश्वनाथ धाम में एकत्र होकर चिंतन और मंथन करें। साथ ही काशी के समस्त पंचांग में एक तरह का व्रत, पर्व इत्यादि का निर्णय करके प्रकाशित करें, जिससे जनमानस का भ्रम दूर किया जा सके। संगोष्ठी के सारस्वत अतिथि पं. डॉ कामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि संवत्सर का नाम हमारे संकल्प में जुड़ा होता है। यह बृहस्पति ग्रह के अनुसार होता है। यह प्रायः 84 वर्ष पर लुप्त होता है।

संगोष्ठी के सम्मानित अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व संकाय प्रमुख प्रो चंद्रमा पांडेय ने पंचांग में समन्वय पर बल देते हुए पंचांग मतभेद के मूल पर विचार करने को कहा। ज्योतिष विद्वान प्रो चंद्रमौली उपाध्याय ने इस संगोष्ठी में आए हुए विद्वानों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस संगोष्ठी में पंचांगों के अंतर पर पं सत्येंद्र मिश्र तथा पंडित रविशंकर भार्गव ने अपने विचार रखे। इस संगोष्ठी में काशी के अनेक विद्वान प्रोफेसर अमित कुमार शुक्ल, प्रोफेसर शत्रुघ्न त्रिपाठी, प्रोफेसर रामजीवन मिश्र, प्रोफेसर महेंद्र पांडे, प्रो सुभाष पांडेय, डा रामचंद्र पाठक सहित बड़ी संख्या में विद्वान और मंदिर के पुजारी उपस्थित रहे। संगोष्ठी के आयोजन पर मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा और मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने सराहना की।

# बहुत कठिन होगी डगर होली पर घर की

**मुसीबत**

**महानगरों से आने वाली ट्रेनों में वेटिंग की लम्बी फेहरिस्त**

**सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत के यात्री भी वेटिंग में**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** महानगरों में रहने वाले लोगों के लिए अपने घर पर होली मनाना इस बार आसान नही होगा। सफर की डगर कठीन होती दिख रही है। ऐसे में दलाल टिकट पर पूरी तरह से हावी होंगे। और यात्रियों की जेब पर डाका डालने का काम करेंगे। सात मार्च मंगलवार को होली है। इसके लिए महानगरों में रहने वाले लोग चार व पांच मार्च से ही अपने घरों की रवानगी करेंगे। इन तारीखो से प्रमुख ट्रेनों में वेटिंग देखी जा रही है। हांलाकि रेल प्रशासन का साफ कहना है कि दलालों पर अंकुश लगा दिया गया है इसके साथ ही टिकट पर नजर रखी जा रही है ताकि फर्जी तरीके से कोई भी टिकट ना बनवा सके।

### मुम्बई वाली ट्रेनों में एक नजर

महानगरी एक्सप्रेस में चार मार्च द्वितीय वातानुकुलित में 13,तृतीय में 25 व शयनयान में 98 की वेटिंग, पांच मार्च को द्वितीय में 12,तृतीय में 31 शयनयान में 115 की वेंटिंग छह मार्च को द्वितीय में 11 तृतीय में 28 शयनयान में 129 की वेटिंग है। लोकमान्य तिलक मंडुआडीह एक्सप्रेस में चार मार्च को प्रथम वातानुकुलित में 4,द्वितीय में 13 तृतीय में 14 व शयनयान में 81 वेटिंग पांच मार्च को प्रथम वातानुकुलित में 5 द्वितीय में 13 तृतीय में 13 शयनयान में 105 की वेटिंग छह मार्च को प्रथम में 4 द्वितीय में 9 तृतीय में 25 शयनयान में 115 की वेटिंग है।

### एक नजर में सीट की स्थिति

दिल्ली से वाराणसी आने वाली वंदे भारत के चेयरकार में चार मार्च को को 158 व 49की वेटिंग पांच मार्च को 79 ईसी में 28 छह मार्च को ट्रेन नहीं है, है। दिल्ली से बनारस आने वाली ट्रेनों में शिवगंगा एक्सप्रेस में चार मार्च को प्रथम वातानुकुलित में 11, द्वितीय वातानुकुलित में 63, तृतीय वातानुकुलित में 115 व शयनयान में 266 की वेटिंग वहीं पांच मार्च को प्रथम वातानुकुलित में 15,द्वितीय में 59,तृतीय में 113 व शयनयान में 296 की वेटिंग, छह मार्च को प्रथम वातानुकुलित में 4,द्वितीय में 22,तृतीय में 46 व शयनयान में 177 की वेटिंग, दिल्ली मंडुआडीह एक्सप्रेस में चार मार्च को प्रथम वातानुकुलित में 11, द्वितीय में 53,तृतीय में 123 व शयनयान में 204 की वेटिंग,पांच मार्च को प्रथम वातानुकुलित में 8,द्वितीय में 37 तृतीय में 90 व शयनयान में 232 की वेटिंग, छह मार्च को प्रथम वातानुकुलित में 4, द्वितीय में 16 तृतीय में 34 व शयनयान में 134 की वेटिंग है। श्रमजीवी एक्सप्रेस में चार मार्च को प्रथम वातानुकुलित में रिग्रेट, द्वितीय में 15 तृतीय में 43 व शयनयान में 198 की वेटिंग, पांच मार्च प्रथम वातानुकुलित में रिग्रेट, द्वितीय में रिग्रेट,तृतीय में 68 व शयनयान में रिग्रेट,छह मार्च को प्रथम वातानुकुलित में रिग्रेट द्वितीय रिग्रेट तृतीय में 54 54,व शयनयान में रिग्रेट है। महामना एक्सप्रेस में भी वेटिंग की लम्बी फेहरिस्त है। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में चार मार्च प्रथम वातानुकुलित में 2,द्वितीय में 12,तृतीय में 23 व शयनयान में 64,पांच को प्रथम वातानुकुलित में 5,द्वितीय में 18,तृतीय में 39 व शयनयान में 95 की वेटिंग है। छह मार्च को प्रथम वातानुकुलित में 2 द्वितीय 16 तृतीय व शयनयान 83 की वेटिंग है।

# गडकरी आज बाबतपुर होकर जाएंगे बलिया

**वाराणसी।** केंद्रीय सड़क परिहवन मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को वाराणसी होकर बलिया जाएंगे।



प्रोटोकॉल विभाग के अनुसार श्री गडकरी 27 फरवरी को दिन में 11.10 बजे नागपुर से बाबातपुर स्थित लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पहुंचने के बाद एयरपोर्ट से ही हेलीकॉप्टर से बलिया के चितबड़ागांव रवाना होंगे। बलिया में दिन में 11.45 बजे आयोजित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास समारोह में शामिल होने के बाद श्री गडकरी दोपहर 1.40 बजे जौनपुर पहुंचेंगे। वहां अपराह्न 2.30 बजे वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद 3.50 बजे केंद्रीय कैबिनेट मंत्री पुनः लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लौटकर सायं चार बजे दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

# क्रूज से भंग हो रही गंगा की मर्यादा

**बोले संत**

**गंगा महासभा की बैठक में कहा गया, टेंट सिटी एक विफल प्रोजेक्ट**

**तीर्थाटन और पर्यटन को सरकार अलग-अलग करे**




**वाराणसी।** वाराणसी के संत-समाज ने क्रूज, गंगा पार 4 लेन रोड और टेंट सिटी को लेकर नाराजगी जताई है। कहा कि यदि गंगा में क्रूज चलेंगे, तो तीर्थों की मर्यादा भंग होगी। यह भी आरोप लगाया कि गंगा किनारे टेंट सिटी की बुकिंग न होने से चरित्र हीनता का काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए सरकार से पत्राचार करेंगे। साथ ही गंगा पार फोर लेन सड़क बनाने से गंगा के भौगोलिक क्षेत्र को नुकसान होगा।

सिगरा स्थित गंगा महासभा के केंद्रीय कार्यालय पर गंगा महासभा के राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद स्वामी ने कहा कि टेंट सिटी एक विफल प्रोजेक्ट है। टेंट की बुकिंग नहीं होगी तो वहां पर चरित्रगत रूप से गलत काम होंगे। काशी का साधु-संत या गृहस्थ लोग भी नहीं चाहेंगे गंगा के रेत पर कोई गंदा काम हो। वैसे घाटों पर आपको लड़के-लड़कियों का बैठना, नशीली चीजों का सेवन आदि आपको दिख ही रहा है। इस पर रोक नहीं लगा तो यह ज्ञान की काशी, अय्याशी की काशी में बदल जाएगी। विलास के लिए क्रूज चलाना अच्छी बात नहीं है। गंगा महासभा में संत-समाज ने कहा कि सरकार को तीर्थाटन और पर्यटन दोनों को अलग-अलग करना होगा।

जितेंद्रानंद ने कहा कि तीर्थाटन और पर्यटन दोनों अलग-अलग शब्द हैं। दोनों के मायने भी अलग हैं। इनको अलग करो। गंगा की गोद में जब क्रूज चलेंगे, तो तीर्थों की मर्यादा नहीं रहेगी। तीर्थ क्षेत्रों में शराब, मांस, वेश्यावृत्ति और कॉलगर्ल पर रोक कैसे लगे, यह तीर्थाटन का कानून तय करेगा। एक लड़का और लड़की घाट पर नहीं बैठ सकते, ऐसा कौन सा कानून कहता है। जितेंद्रानंद स्वामी ने कहा कि यदि तीर्थाटन और पर्यटन अलग हो तो हम धार्मिक महत्व वाले क्षेत्रों में शास्त्रों के नियम चलाएंगे। हम घाटों पर शराब पीने और नॉनवेज खाने पर रोक लगाएंगे। भारत सरकार तीर्थाटन मंत्रालय का गठन करे। भारत सरकार जो करना चाहती है तो करे। इसके साथ ही कहा कि विदेश प्रायोजित फोर्ड फाउंडेशन, जेम्स फाउंडेशन, पीयरे ओमिदयार और जॉर्ज सोरोस के पैसों से भारत में आंदोलन चल रहे हैं। उनसे राष्ट्रीय एकता और अखंडता को खतरा है। बैठक के दौरान संतों ने गंगा की अविरलता और निर्मलता के प्रयासों पर चिंतन, गंगा महासभा के मुखपत्र भागीरथी के स्वर के प्रकाशन, आगामी संस्कृति संसद 2023 की तारीख पर विचार किया। बैठक में गंगा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमस्वरुप पाठक ने कहा कि नई पीढ़ी के कार्यकताओं को देखकर प्रसन्नता हो रही है। गंगा महासभा के कार्यकर्ता गंगाजी की पीड़ा को दूर करने के लिए तन-मन से कार्य करें।